वर्ष 72 अंक 183 पृष्ठ 12+8=20
रीवा, बुधवार 02 अप्रैल, 2025
चैत्र शुक्ल पक्ष 04/05, विक्रम संवत् 2082
नगर ▪▪ मूल्य 5 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

जिसकी फितरत बदलने की हो वह कभी किसी का नहीं हो सकता। चाहे वह इंसान हो या फिर समय।

- अज्ञात

## ऑफ बीट

### कैलिफोर्निया आईबैंक की डिप्टी डायरेक्टर बनीं श्रीना कुरानी



*कैलिफोर्निया इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड इकोनॉमिक डेवलपमेंट बैंक ने हाल ही में भारतीय-अमेरिकी श्रीना कुरानी को वेंचर कैपिटल के उप निदेशक के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की है। आईबैंक कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो स्थित एक सरकारी स्वामित्व वाली और राज्य की ओर से संचालित वित्तीय संस्था है। बैंक की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, कैलिफोर्निया इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड इकोनॉमिक डेवलपमेंट बैंक (आईबैंक) को श्रीना कुरानी को वेंचर कैपिटल की उप निदेशक के रूप में नियुक्त करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस भूमिका में, कुरानी कैलिफोर्निया की नवाचार अर्थव्यवस्था और आर्थिक विकास पहलों का समर्थन करने वाले उद्यम पूंजी निवेश का विस्तार करने के लिए आईबैंक के प्रयासों की देखरेख करेंगी।*

## परिवहन घोटाला: 60 दिन में आरोपियों के खिलाफ चालान पेश नहीं कर पाई लोकायुक्त पुलिस, अदालत ने जताई हैरानी

# सौरभ शर्मा और उसके राजदारों को मिली जमानत

### ईडी मामले में जमानत होना बाकी, इसलिए अभी सभी रहेंगे जेल में, 11 अप्रैल को सुनवाई

**विधि संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस की लापरवाही के चलते परिवहन विभाग के करोड़पति पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी चेतन सिंह गौड़ और शरद जायसवाल को अदालत से जमानत मिल गई है। मंगलवार को विशेष न्यायाधीश राम प्रसाद मिश्र ने लोकायुक्त पुलिस की ओर से इस मामले में समय सीमा में चालान पेश न करने पर तीनों आरपियों को एक-एक लाख रुपए की जमानत पेश होने पर रिहा करने के आदेश दिए हैं।



#### क्या कहता है कानून

*सौरभ शर्मा के मामलों में जो धाराएं लोकायुक्त ने लगाई हैं, उनमें 10 साल तक की सजा का प्रावधान है। ऐसे मामलों में 60 दिन के भीतर चालान (आरोप पत्र) पेश करना होता है। यदि प्रकरण में धाराएं 10 वर्ष से अधिक के कारावास की होती हैं, तो चालान 90 दिन में पेश किया जा सकता है।*

#### क्या होगा आगे

अभी जमानत मिल गई है, लेकिन ईडी कोर्ट सुनवाई बाकी है। ये 11 अप्रैल को होनी है। 11 अप्रैल को ही ईडी मामले में भी 60 दिन खत्म हो रहे हैं। माना जा रहा है कि लोकायुक्त जैसी गंभीर चूक ईडी अफसर नहीं करेंगे। उम्मीद है कि ईडी अप्रैल के पहले सप्ताह में ही चालान पेश कर देगी।

*आरोपियों को इसी साल 28 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। सभी जेल में है। 28 मार्च को 60 दिन पूरे हो चुके हैं। लोकायुक्त पुलिस ने इसके बाद भी चालान पेश नहीं किया, इस आधार पर आरोपी पक्ष ने जमानत की मांग की थी।*

**आरोपी पक्ष की दलील:** आरोपी पक्ष की ओर से वकीलों ने अदालत में कहा कि चेतन सिंह को जब भी विवेचना अधिकारी के सामने पेश किया गया उसने जांच में पूरा सहयोग किया। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 187 (3) के मुताबिक, निर्धारित अवधि में विवेचना पूर्ण कर विवेचना अधिकारी द्वारा चालान पेश नहीं किया गया और विवेचना अधिकारी के द्वारा चालान के लिए समय चाहा गया है।

**लोकायुक्त पुलिस का जवाब:** अदालत में बहस के दौरान लोकायुक्त के वकील का तर्क था कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में हाल ही में जो संशोधन हुआ है उसके मुताबिक, 60 दिन की जगह जांच एजेंसी को 90 दिन का समय मिल जाता है। विशेष न्यायाधीश राम प्रसाद मिश्र ने लोकायुक्त के वकील के इस तर्क को अमान्य कर दिया और आरोपियों को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए।

#### लोकायुक्त के वकील ने भी चुप्पी साधी

विशेष न्यायाधीश राम प्रसाद मिश्र की कोर्ट में लोकायुक्त की ओर से पैरवी करने वाले वकील विवेक गौड़ से जागरण संवाददाता ने मोबाइल पर कई बार संपर्क कर लोकायुक्त पुलिस का पक्ष जानना चाहा। लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। मामले में आरोपी चेतन सिंह के वकील हरीश मेहता, सौरभ शर्मा के वकील दीपेश जोशी और शरद जयसवाल के वकील रजनीश बरैया ने अदालत में बहस की। लोकायुक्त की ओर से वकील विवेक गौड़ ने पक्ष रखा।

## हादसा: बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में आग, हरदा और देवास में मातम

# दो दिन पहले ही गुजरात पहुंचे प्रदेश के 21 मजदूरों की मौत

**अहमदाबाद, जेएनएन।** गुजरात के बनासकांठा के नजदीक डीसा में मंगलवार सुबह 8 बजे पटाखा फैक्ट्री में बॉयलर फटने से मध्य प्रदेश के 21 मजदूरों की मौत हो गई। वहीं, 5 मजदूर घायल हैं। फैक्ट्री डीसा तहसील के धुनवा रोड पर है। विस्फोट के दौरान मजदूर फैक्ट्री में काम कर रहे थे। विस्फोट इतना भीषण था कि कई मजदूरों के शरीर के टुकड़े 50 मीटर दूर तक बिखर गए। फैक्ट्री के पीछे खेत में भी कुछ मानव अंग मिले हैं। फैक्ट्री का मलबा 100 मीटर दूर तक फैल गया। फायर ब्रिगेड को आग पर काबू पाने में 5 से 6 घंटे लगे। धमाके से फैक्ट्री का स्लैब गिर गया, जिससे मजदूर दब गए। फैक्ट्री मालिक पर केस दर्ज कर लिया गया है। गुजरात सरकार ने मृतकों के परिजनों को 4 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रमिकों के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रदेश सरकार ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए देने और घायलों को 50-50 हजार रुपए सहायता राशि देने की घोषणा की है। सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार का ■ शेष पृष्ठ 7 पर



#### हादसे में देवास जिले के 10 व्यक्तियों की मौत

पटाखा फैक्टरी में बॉयलर फटने से हादसे में मारे गए लोगों में 10 मृतक देवास जिले की खातेगांव तहसील के संदलपुर के निवासी हैं। मृतकों के संबंध में तथ्यों की पुष्टि जिला प्रशासन बनासकांठा से प्राप्त की जा रही है। मृतकों में लखन पिता गंगाराम भोपा (उम्र 24 वर्ष), सुनीता पति लखन भोपा (उम्र 20 वर्ष), केशरबाई पत्नी गंगाराम भोपा (उम्र 50 वर्ष), राधा पिता गंगाराम भोपा (उम्र 11 वर्ष), रुकमा पिता गंगाराम भोपा (उम्र 8 वर्ष), अभिषेक पिता गंगाराम भोपा (उम्र 5 वर्ष), राकेश पिता बाबूलाल भोपा (उम्र 30 वर्ष), लाली पति राकेश भोपा (उम्र 25 वर्ष), किरण पिता राकेश भोपा (उम्र 5 वर्ष) शामिल हैं। देवास से मजदूरों के साथ गए ठेकेदार पंकज की भी मौत हो गई है। सूचना प्राप्त होते ही नायब तहसीलदार अखिलेश शर्मा के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस का अमला घटना स्थल के लिए रवाना किया गया है।

#### पहचान की कोशिश जारी

हादसे के शिकार सभी मृतक और घायल मजदूर मध्य प्रदेश के देवास और हरदा जिले के रहने वाले हैं। फैक्ट्री से मिली जानकारी के मुताबिक सभी 2 दिन पहले ही मजदूरी करने पहुंचे थे। सभी पटाखे बनाने का काम कर रहे थे। फिलहाल, मृतकों की पहचान की जा रही है।

#### 3 लोग 40 फीसदी जले

डीसा की एसडीएम नेहा पांचाल ने बताया कि घटना में घायल सभी लोगों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल 3 लोगों का इलाज चल रहा है। ये 40 फीसदी से अधिक झुलस गए हैं। उन्होंने कहा कि हादसे को लेकर प्रशासन की ओर से जांच जारी है।

#### मदद के लिए दल रवाना

हरदा कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि मृतकों की शिनाख्त और घायलों की मदद के लिए हरदा जिले के अधिकारियों का एक दल बनासकांठा के लिए रवाना कर दिया है। इस दल में संयुक्त कलेक्टर संजीव नागू, उप पुलिस अधीक्षक अजाक सुनील लाटा, तहसीलदार टिमरनी डॉ. प्रमेश जैन, नायब तहसीलदार देवराम निहरता तथा रहटगांव के पुलिस उप निरीक्षक मानवेंद्र सिंह भदोरिया शामिल हैं।

## लोस में आज पेश होगा वक्फ संशोधन बिल

# केंद्र ने मानी सहयोगियों की बात, जुटाया बहुमत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वक्फ संशोधन विधेयक बुधवार को लोकसभा में पेश किया जाएगा। केंद्र सरकार ने इस बिल के लिए टीडीपी और जेडीयू को साध लिया है। टीडीपी के सभी संशोधनों को बिल में शामिल किया गया है, जबकि जेडीयू से इस मामले में खुद गृह मंत्री ने देर रात तक चर्चा की और बहुमत की संख्या को सुनिश्चित किया।

यह बिल दोपहर 12 बजे संसद में पेश होने की उम्मीद है। विपक्ष ने बिल पर 12 घंटे चर्चा की मांग की थी, जबकि सरकार ने आठ घंटे का समय तय किया है।

बिल में कुछ अहम संशोधन किए गए हैं, इसमें वक्फ संपत्तियों से जुड़े मामलों में राज्य सरकार का नियंत्रण और भूमिका बनी रहेगी। मौजूदा पुरानी मस्जिदों, दरगाह या अन्य मुस्लिम धार्मिक स्थानों से छेड़छाड़ नहीं होगी। औकाफ की सूची गजट प्रकाशन के 90 दिनों में पोर्टल पर अपडेट होगी। वक्फ बोर्ड में वक्फ मामलों से संबंधित संयुक्त सचिव पदेन सदस्य होंगे। इस बीच भाजपा, कांग्रेस, जेडीयू ने अपने सांसदों को व्हिप जारी किया है।

#### संसद का गणित

| लोकसभा | | राज्यसभा |
|---|---|---|
| 294 | सत्ता पक्ष | 121 |
| 234 | विपक्ष | 85 |
| 14 | अन्य | 30 |

लोकसभा में 272 और राज्यसभा में 119 सांसदों के समर्थन की दरकार।

#### इन प्रावधानों पर विवाद

- धारा 11 के तहत पदेन सदस्य में कोई गैर-मुस्लिम होने पर भी समिति में दो गैर-मुस्लिम सदस्यों के कोटे में कोई प्रभाव नहीं होगा। साथ ही राज्य सरकार का एक अधिकारी भी होगा।
- धारा 14 के अनुसार, कोई भी व्यक्ति तभी संपत्ति वक्फ कर सकेगा, जब वह कम से कम पांच साल से इस्लाम का पालन कर रहा हो। संपत्ति में धोखाधड़ी न होने का भी सबूत देना होगा।
- ट्रिब्यूनल में तीन सदस्य होंगे। पहले केवल दो सह्यह्यदस्य होते थे। तीसरा सदस्य इस्लामिक स्कॉलर होगा।
- कलेक्टर की जगह जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारी नियुक्त होगा।



"बिल संविधान के अनुच्छेद 14, अनुच्छेद 25 26 और 29 का उल्लंघन है। चंद्रबाबू, नीतीश, चिराग और जयंत के इसका पक्ष लेने के राजनीतिक कारण हैं।
- **असदुद्दीन ओवैसी**, सांसद



"हर अच्छे काम का विरोध होता है। ठीक वक्फ बोर्ड ने मुसलमानों का कोई कल्याण नहीं किया है। इसमें सुधार समय की जरूरत है।
- **योगी आदित्यनाथ**, यूपी के सीएम

## संक्षिप्त खबरें

### कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम घटे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** तेल कंपनियों ने मंगलवार को कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में कटौती की घोषणा की। तत्काल प्रभाव से 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 41 रुपए की कटौती की गई है। भोपाल में अब कमर्शियल सिलेंडर 1,834 रुपए में मिलेगा, यह पहले 1,875 रुपए में मिलता था। कुल 41 रुपये की कमी की गई है। इससे फूड और कुकिंग बिजनेस वाले व्यवसायियों को राहत मिलेगी। सिलेंडर की कीमतों में कटौती के बाद मुंबई में 19 किलो वाले सिलेंडर की कीमत 1,714.50 रुपए हो गई है।



**भोपाल में 41 रु. की कमी**

### पूजा स्थल कानून पर और याचिकाएं नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने पूजा स्थल अधिनियम 1991 की धारा 4(2) की वैधता को चुनौती देने वाली रिट याचिका पर विचार करने से इनकार किया, जिसमें प्रावधान है कि 15 अगस्त, 1947 से पहले शुरू की गई पूजा स्थल की धार्मिक प्रकृति पर कोई भी कानूनी कार्यवाही अधिनियम के लागू होने पर समाप्त हो जाएगी। हालांकि न्यायालय ने याचिकाकर्ता को मुख्य शीर्षक अश्विनी कुमार उपाध्याय बनाम भारत संघ के तहत अधिनियम को चुनौती देने वाली लंबित याचिका में पक्षकार आवेदन दायर करने की स्वतंत्रता दी। सुप्रीम कोर्ट ने 12 दिसंबर को धार्मिक स्थलों के खिलाफ नए मुकदमों और सर्वेक्षण आदेशों पर रोक लगाते हुए महत्वपूर्ण आदेश दिया।

### आईपीएल में आज

**गुजरात बनाम बेंगलुरु**
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

# अमेरिका का नया टैरिफ आज से, भारत में दवाएं होंगी महंगी

### ट्रंप ने कहा- बुधवार को अमेरिका मनाएगा मुक्ति दिवस

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** 2 अप्रैल की मार्केटिंग मुक्ति दिवस के तौर पर कर रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पूरी दुनिया पर पारस्परिक टैरिफ लागू करने जा रहे हैं। यानी दूसरे देशों से अमेरिका आयात होने वाली वस्तुओं पर टैक्स लागू करेंगे। ट्रम्प का तर्क है कि इससे अमेरिका की विदेशी सामानों पर निर्भरता खत्म हो जाएगी। हालांकि, यह टैरिफ योजना काफी हद तक एक रहस्य बनी हुई है, क्योंकि ट्रम्प और उनके प्रशासन ने ■ शेष पृष्ठ 7 पर



#### भारत पर क्या होगा असर

भारत का अमेरिका को निर्यात 30 क्षेत्रों में होता है, जिसमें से छह कृषि क्षेत्र में और 24 उद्योग क्षेत्र में हैं, हर एक को अलग-अलग टैरिफ प्रभावों का सामना करना पड़ सकता है। भारत का सबसे बड़ा औद्योगिक निर्यातक फार्मास्युटिकल क्षेत्र है, जिसकी कीमत 12.72 अरब अमेरिकी डॉलर है, यह 10.90 फीसदी टैरिफ अंतर का सामना कर रहा है, जिससे जेनेरिक दवाओं और विशेष दवाओं की लागत बढ़ रही है। कुछ सेक्टर पर अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा। 3.33 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के अयस्कों, खनिजों और पेट्रोलियम पर निगेटिव शुल्क अंतर -4.36 फीसदी है।

### वॉट्सऐप स्टेटस से भड़के हिंदू संगठन, तोड़फोड़

**जागरण, जबलपुर।** शहर के विजय नगर स्थित जॉय सीनियर सेकंडरी स्कूल में मंगलवार को हिंदू संगठनों ने जमकर हंगामा किया। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता स्कूल संचालक के वॉट्सऐप स्टेटस पर भड़के थे। इसके बाद उन्होंने स्कूल पहुंचकर हंगामा किया। इस दौरान मेन गेट पर लगा बोर्ड तोड़ने की कोशिश की, पोस्टर फाड़ दिए, स्कूल में रखे सामान से तोड़फोड़ की, वहीं खिड़कियों के कांच फोड़ दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विरोध करने वालों को रोकने की कोशिश की तो उनके साथ भी झड़प हुई। इस घटना के विरोध में ईसाई समुदाय के लोगों ने भी एसपी ऑफिस का घेराव कर दिया।

एक दिन पहले ही धर्मांतरण के आरोपों को लेकर हिंदूवादी संगठनों ने रांझी थाने में हंगामा किया था। पुलिस के सामने हिंदू संगठनों ने ईसाई समुदाय के पदाधिकारियों से मारपीट भी की।

# सीएम राइज का नाम अब सांदीपनि विद्यालय

### मुख्यमंत्री ने कहा- ऐसा लगता था जैसे अंग्रेजों के जमाने के हों ये स्कूल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश के सीएम राइज स्कूल अब सांदीपनि विद्यालय के नाम से जाने जाएगें। मंगलवार को यह घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की। उन्होंने कहा कि सीएम राइज स्कूल का नाम ऐसा लगता था,जैसे अंग्रेजों के जमाने का हो। जिसे अब बदलकर सांदीपनि ऋषि के नाम पर किया गया है।

सीएम भोपाल के शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (ओल्ड कैम्पियन) में आयोजित राज्यस्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने स्कूल चलो अभियान 2025 का शुभारंभ भी किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के शिक्षा किसी भी परिस्थिति में बाधित नहीं होनी चाहिए। हमने जो प्रयास किए है,उससे अब हमारे सरकारी स्कूलों का शैक्षणिक स्तर किसी भी कम नहीं है। इतिहास गवाह है कि सरकारी स्कूलों में पढ़े कई महान विभूतियों ने विश्व भर में भारत का नाम रोशन किया है। सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को गणवेश, लैपटॉप, ई-स्कूटी, साइकिल, कोचिंग के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवा कर सही अर्थ में रामराज की कल्पना को साकार कर रही है। सीएम ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पोर्टल 3.0 का शुभारंभ भी किया।



डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में संभाग स्तर पर सफलतापूर्वक इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हुए हैं।

## पर्यावरण संकट | देश में 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का 13056 वर्ग किमी वन क्षेत्र अतिक्रमण की चपेट में

# जंगल पर अतिक्रमण के मामले में मध्य प्रदेश अव्वल

### दिल्ली, सिक्किम और गोवा के कुल क्षेत्रफल से ज्यादा जमीन पर अवैध कब्जा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश में जलवायु परिवर्तन से पैदा हुए पर्यावरण संकट के बीच 25 राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों का १३०५६ वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र अतिक्रमण की चपेट में है। जंगल पर अतिक्रमण के मामले में मध्य प्रदेश सबसे अव्वल है। यहां 5,460.9 वर्ग किलोमीटर वन भूमि अतिक्रमण की चपेट में है। इसके बाद असम में 3,620.9 वर्ग किलोमीटर जंगल अतिक्रमणग्रस्त है। देश भर में दिल्ली, सिक्किम और गोवा जैसे राज्यों के कुल क्षेत्रफल से ज्यादा जंगल की जमीन पर अवैध कब्जा है। पिछले हफ्ते एनजीटी को सौंपी गई रिपोर्ट में केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने ■ शेष पृष्ठ 7 पर

#### ये राज्य सबसे आगे

| राज्य | अतिक्रमण |
|---|---|
| मध्य प्रदेश | 5,460.9 वर्ग किलोमीटर |
| असम | 3,620.9 वर्ग किलोमीटर |
| कर्नाटक | 863.08 वर्ग किमी |
| महाराष्ट्र | 575.54 वर्ग किमी |
| अरुणाचल प्रदेश | 534.9 वर्ग किमी |
| ओडिशा | 405.07 वर्ग किमी |
| उत्तर प्रदेश | 264.97 वर्ग किमी |
| मिजोरम | 247.72 वर्ग किमी |
| झारखंड | 200.40 वर्ग किमी |



#### एनजीटी की सख्ती के बाद आई रिपोर्ट

पिछले साल, राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया था। इस रिपोर्ट में सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया गया था कि भारत में 7,50,648 हेक्टेयर वन क्षेत्र अतिक्रमण के अधीन था।

#### 10 राज्यों ने नहीं दिया डेटा

बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, नागालैंड, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख जैसे 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अब तक अतिक्रमण पर कोई डेटा नहीं सौंपा है।

#### आरएफए की तीन श्रेणियां

1. **आरक्षित वन:** जहां पूर्ण सुरक्षा होती है, और शिकार या पशु चराने जैसी गतिविधियां प्रतिबंधित होती हैं।
2. **संरक्षित वन:** जहां कुछ गतिविधियों की अनुमति होती हैं, जब तक कि उन्हें विशेष रूप से प्रतिबंधित न किया गया हो।
3. **अवर्गीकृत वन:** जो न आरक्षित हैं, न ही संरक्षित।

#### अतिक्रमण हटाने की कोशिशें

पर्यावरण मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, अब तक 409.77 वर्ग किलोमीटर वन भूमि से अतिक्रमण हटाया जा चुका है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि क्या इसे मार्च 2024 तक अतिक्रमण के कुल आंकड़े से अलग किया गया है या नहीं। हालांकि इस मामले में ताजा रिपोर्ट कहती है कि राज्यों ने बहुत ज्यादा कोशिशें नहीं की हैं।

## बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार

# घर गिराना अमानवीय, पीड़ितों को मिलें 10-10 लाख रुपए

**प्रयागराज, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी को मकान गिराने पर फटकार लगाई है। कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन को अमानवीय और अवैध बताया। साथ ही कहा कि 2021 में हुई इस कार्रवाई के दौरान दूसरों की भावनाओं और अधिकारों का ख्याल नहीं रखा गया। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जवल भुइयां की बेंच ने कहा- देश में लोगों के रिहायशी घरों को इस तरह से नहीं गिराया जा सकता है। इसने हमारी अंतरआत्मा को झकझोर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी को आदेश दिया है कि पीड़ितों को मुआवजा दें।



#### यह था मामला

प्रयागराज प्रशासन ने 2021 में गैंगस्टर अतीक की प्रॉपर्टी समझकर एक वकील, प्रोफेसर और 3 अन्य के मकान गिरा दिए थे। सुप्रीम कोर्ट में वकील जुल्फिकार हैदर, प्रोफेसर अली अहमद और अन्य लोगों ने याचिका दाखिल की थी। ये वो लोग हैं, जिनके मकान तोड़े गए थे। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इनकी याचिकाएं ठुकरा दी थीं। अब सुप्रीम कोर्ट ने गए हैं, उन्हें 6 हफ्तों के भीतर 10-10 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया है।

"राइट टू शेल्टर नाम की भी कोई चीज होती है। उचित प्रक्रिया नाम की भी कोई चीज होती है। इस तरह की कार्रवाई किसी भी तरह से ठीक नहीं है।
- सुप्रीम कोर्ट

# बच्चों को मिलेगी उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा : विक्रम सिंह




जागरण सतना। मंगलवार को स्कूलों में मनाए जा रहे प्रवेशोत्सव के दौरान मुख्य अतिथि रहे विधायक विक्रम सिंह ने कहा भाजपा सरकार शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार पर विशेष ध्यान आकर्षित कर रही है । उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बच्चो को उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा की व्यवस्था की गई है । जन शिक्षा केंद्र गुडुहुरू में आयोजित कार्यक्रम के दौरान रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह मुख्य अतिथि रहे जबकि अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह छोटू ने की । विधायक श्री सिंह ने कहा कि सरकार बच्चों के लिए शिक्षा के नए आयाम स्थापित कर रही है भाजपा सरकार का मुख्य उद्देश्य शिक्षा स्वास्थ्य और आय के साधनों में वृद्धि करना है जिसके लिए सरकार अनेका नेक प्रयास कर रही हैए साथ ही बच्चों को शिक्षा हेतु निशुल्क किताबें स्कूल गणवेश भी उपलब्ध करा रही हैं जिससे गरीब परिवार के बच्चे भी शिक्षित हो सके वही विद्यालयों के शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने का भी सरकार विशेष प्रयास कर रही है जिससे शिक्षा का स्तर और ऊंचा होगा और देश शिक्षा की ओर अग्रसर होगा। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी मंडल अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह परिहार शिवमोहन सिंह शिक्षक जवाहरलाल साकेत के साथ समस्त शिक्षक स्टाफ छात्र एवं अभिवावक कार्यक्रम में उपस्थित रहे । सीएमराइज विद्यालय में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर विधायक प्रतिनिधि अशोक सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे वही विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद शिवांक त्रिपाठी संदीप गुप्ता मौजूद रहे आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य कमलेश सिंह बघेल ने मुख्य अतिथि के हाथों विद्यालय में उपस्थित बच्चों को किताबें भेंट कराई इसी दौरान लिलहा विद्यालय में भी प्रवेशोत्सव मनाया गया । बच्चों को तिलक लगाकर उन्हें शिक्षण सामग्री प्रदान की गई साथ ही विशेष प्रकार का भोज भी कराया गया जिसमें प्रमुख रूप से शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्रीमती सुमन कोल प्रधानाध्यापक राजकुमार प्रजापति व काफी संख्या में अभिभाव उपस्थिति रहे।


# शा विद्यालय ऐरा में मनाया प्रवेशोत्सव



जागरण सतना। 1अप्रैल को शा पूर्व माध्यमिक विद्यालय ऐरा विकासखण्ड अमरपाटन ज़िला मैहर में विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामदास चौधरी शिक्षक रमाकान्त पाण्डेय प्राथमिक शिक्षक रामसखा चौधरी अण् शिक्षक रावेन्द्र सिंह श्रीमती रामलली सिंह उमाभारती सिंह अभिभावकों एवं नवीन प्रवेशी बच्चे कक्षा एक दो के कक्षोन्नति बच्चे कक्षा तीन चार पाँच छः एवं सात के उत्तीर्ण बालक बालिकाओं की गरिमामयी उपस्थिति में नवीन शिक्षण सत्र 2025..2026 के शुभारम्भ अवसर पर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया स उपरोक्त कार्यक्रम का कुशल व सफ्ल संचालन शिक्षक रमाकान्त पाण्डेय ने किया स विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक आर डी चौधरी ने उपस्थित बच्चों का उत्साहवर्द्धन करते हुये कहा कि अब आज़ से ही सभी बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आकर अपनी पढ़ाई लिखाई एवं पाठयेत्तर गतिविधियों में लगन व मेहनत के साथ अपने कर्त्तव्य का निर्वहन् करें। उक्त अवसर पर शिक्षक रावेन्द्र सिंह ने कहा कि शासकीय विद्यालयों में योग्य कुशल व अनुभवी शिक्षक होते हैं अतः समस्त अभिभावकों व ग्रामीणजन से अनुरोध है कि अधिकाधिक बच्चों को यहाँ प्रवेश दिलाकर पढ़ाने का भरसक प्रयास करें। उपरोक्त कार्यक्रम के पश्चात् विद्यालय में पालक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित की गयी जिसमें नए शिक्षण सत्र में विद्यालय में नव प्रवेशी छात्रों के रूप में अधिक से अधिक बच्चों को प्रवेश दिलाना सुनिश्चित किया जाकर उसमें सभी सदस्यगण की सक्रिय सहभागिता निर्धारित की गयी ।

# कोटर-सेमरिया मार्ग बनवाने रामशंकर ने शासन से की माँग

जागरण सतना। सतना से कोटर सेमरिया मार्ग में गड्ढे ही गड्ढे हैं रोजाना कई एक्सीडेंट होते हैं यह मार्ग खराब होने के कारण सैकड़ो लोगों की जान जा चुकी हैं इस रोड में सड़क के किनारे पटरी भी नहीं बनी है और रोड सिंगल है हर जगह सड़क खराब है सड़क की हालत खस्ताहाल है। रामपुर बाघेलान के कांग्रेस के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राम शंकर पयासी ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारी कर्मचारियों से मांग किया है यह रोड चौड़ीकरण कर तुरंत बनाई जाए यदि 15 दिवस के सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ नही किया गया तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी जिसकी जवाबदारी शासन की होगी।



# जिले में फसल अवशेष या नरवाई जलाने पर प्रतिबंध

मैहर कलेक्टर ने धारा 163 के तहत जारी किया आदेश

जागरण सतना। नरवाई से आग लगने की होने वाली घटनाओं, सार्वजनिक सम्पत्ति की सुरक्षा और पर्यावरणीय क्षति को रोकने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी कर सतना जिले की चतुर्दिक राजस्व सीमा में फसल अवशेष, नरवाई को जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। निर्देशों के उल्लंघन पर पर्यावरण क्षति पूर्ति की राशि 2500 से 15 हजार रूपये प्रति घटना वसूली जायेगी। साथ ही धारा 163 के तहत दण्डनीय भी होगा।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मैहर रानी बाटड द्वारा जारी आदेश में फसलों की कटाई में उपयोग किये जाने वाले कंबाईन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम के उपयोग को अनिवार्य किया गया है। जिले में धान/गेहूं की नरवाई से कृषक भूसा प्राप्त करना चाहते हैं, तो उनकी मांग को देखते हुये स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम के स्थान पर स्ट्रा रीपर के उपयोग को अनिवार्य किया जा सकता है।

कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ एसएमएस अथवा स्ट्रा रीपर में से कोई भी एक मशीन साथ में रहना अनिवार्य रहेगा। जिले में चलने वाले कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम/स्ट्रा रीपर अनिवार्य किया जाकर जिला परिवहन अधिकारी एवं सहायक कृषि अभियांत्रिकी जिला सतना निरंतर निगरानी रखेंगे, साथ ही बिना स्ट्रा रीपर के कम्बाइन हार्वेस्टर चलाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही करेंगे। किसान बंधु फसल अवशेष/नरवाई न जलायें बल्कि इसका उपयोग आच्छादन/मलिं्चग एवं स्ट्रा रीपर से भूसा बनाकर पशुओं के भोजन या भूसे के विपणन से अतिरिक्त लाभ प्राप्त कर सकते हैं। पर्यावरण विभाग द्वारा नरवाई में आग लगाने की घटनाओं को प्रतिबंधित कर दण्ड अधिरोपित करने का प्रावधान किया गया है।

नोटिफिकेशन से पर्यावरण सुरक्षा हेतु माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल के निर्देश क्रम में ।पत (च्तमअमदजपवद बवदजतवस व िचवससनजपवद) एक्ट 1981 के अंतर्गत प्रदेश में फसलों विशेषतः धान एवं गेहूं की फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाये जाने हेतु प्रतिबंधित किया गया है। जिसे तत्काल प्रभाव से सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में लागू किये जाने के निर्देश हैं। निर्देशों का उल्लंघन किये जाने पर व्यक्ति/निकाय को नोटीफिकेशन प्रावधानानुसार पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि देय होगी। जिसमें दो एकड़ से कम भूमिधारक कृषकों द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि 2500 रूपये, दो एकड़ से अधिक तथा पांच एकड़ से कम भूमिधारक कृषकों द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि 5000 रूपये तथा पांच एकड़ से अधिक भूमिधारक कृषकों द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि 15000 रूपये प्रति घटना देय होगी।

# एकेएस के वाणिज्य विभाग में अतिथि व्याख्यान

## भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर आयोजन



जागरण सतना। एकेएस विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में एकदिवसीय अतिथि व्याख्यान का छात्र.छात्राओं के लिए आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर चर्चा हुई। इस व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य छात्र.छात्राओं को भारतीय ज्ञान परंपरा के समृद्ध क्षेत्र के बारे में बताना था और भारतीय ज्ञान परंपरा से उन्हें परिचित कराना था। अतिथि व्याख्यान के लिए प्रतिष्ठित शिक्षक राजेश दुबे को आमंत्रित किया गया था उन्होंने चर्चा में बताया कि भारत में ज्ञान की परंपरा बहुत ही प्राचीन है और इसका आरम्भ वेदों से माना जाता है। उपनिषद भारतीय ज्ञान परंपरा का मूल स्रोत है। उल्लेखनीय है कि श्वेदश् शब्द श्विद्श् धातु से बना है जिसका अर्थ श्जाननाश् होता है। भारतीय ज्ञान.परम्परा केवल भारत की सीमाओं तक ही सीमित नहीं रही हैए बल्कि विश्व के विभिन्न हिस्सों में इसका गहरा प्रभाव पड़ा है।लोक ज्ञान और स्थानीय ज्ञान आम तौर पर क्षेत्रीय , स्वदेशी या स्थानीय समुदायों की सांस्कृतिक परंपराओं में अंतर्निहित ज्ञान प्रणालियों को संदर्भित करता है।इस अतिथि व्याख्यान का संयोजन विपिन सोनी ने किया। इस आयोजन पर संपूर्ण वाणिज्य विभाग एवं विश्वविद्यालय प्रबंधन ने हर्ष व्यक्त किया है।

# सिन्धी पारिवारिक मूवी वरदान 3 का आयोजन 4 अप्रैल से




## संत सामानाराम कामदार करेंगे शुभारंभ

जगरण सतना । सिन्धी पारिवारिक मूवी वरदान 3 का आयोजन आगामी 4 अप्रैल से समाज के वरिष्ठजनों एवं मातृशक्ति की गरिमामय उपस्थिति में आई म्यूजिका में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है इस मूवी को शानदार रूप से प्रदेशित करने के लिए विगत दिवस आयोजन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक समिति के गुरमुख पंजवानी के कार्यालय में आयोजित की गई।राजेश कोटवानी ने बताया विगत दिवस महंत स्वामी संतोखदास जी के कर कमलों से वरदान 3 के फोल्डर का विमोचन हुआ।आयोजक मंडल के रूपेश वलेचा ने बताया यह मूवी 4 अप्रैल प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगी जिसमें सतना सिन्धी समाज के वरिष्ठजनों एवं मातृशक्ति के साथ.साथ रीवा मैहर कटनी नागौद एवं जैतवारा के समाजसेवी भी शामिल रहेंगे।मनोज नोतानी ने बताया मूवी का शुभारंभ श्री झूलेलाल मंदिर के संत सामानाराम कामदार द्वारा किया जाएगा ।जितेंद्र साबनानी ने बताया इस मूवी की शूटिंग श्री झूलेलाल मंदिर में भी की गई है एवं सतना के लोकप्रिय गायक राजेश कोटवानी की मधुर आवाज में दो गीतों की भी प्रस्तुति दी गई है।संजय खिलवानी अमित भावनानी ने जानकारी दी इस वरदान 3 के पूर्व वरदान 1ओर 2 का भी शानदार प्रदर्शन किया जा चुका है जिनको समाज ने पसंद किया था।आयोजन समिति की महिला सदस्यों राखी होतचंदानी व ज्योति मनवानी ने बताया इस मूवी का निर्माण व निर्देशन अहमदाबाद के श्री नरेश कुमार उधानी द्वारा किया गया है।

# कामता वर्मा को दी गई विदाई



जागरण सतना। कामता वर्मा सहायक ग्रेड 2 का अधिवर्षी 31 मार्च को पूर्ण हो गई और उक्त तारीख को शासकीय अवकाश होने से उनको जिला पंचायत परिवार द्वारा 1अप्रैल को मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजना जैन के निर्देशन में सम्मान ध्विदाई समारोह आयोजित किया गया ।श्री वर्मा शासकीय कार्य के रूप में 40 वर्ष 4 माह की लंबी अवधि के रूप में बहुत ही सलीन व निर्विवाद रूप में शासकीय कार्य में लेखा व अन्य महत्वपूर्ण दायित्वओ के रूप में निर्वहन किया है। डॉक्टर गौरव शर्मा ने कहा की वर्मा जिला पंचायत की रीढ़ थे और हमेशा सीखने का प्रयास किया और विषम परिस्थितियों में भी आप उतनी ही ऊर्जा के साथ कार्य का संपादन किया गया है। इसी क्रम में लेखाधिकारी अखिलेश पाठक ने कहा की श्री वर्मा सदैव सकारात्मक सोच के साथ कार्य किए है और बहुत ही गहरा अनुभव है कार्य का एवही भारती दीक्षित ने कहा की वर्मा सहज ही कार्यों का संपादन करते बिना बिलंब के ।कार्यक्रम में उपस्थित रहे सुधीर गर्ग स्टेनो जिला पंचायत,शिवरतन सिंह एपीओ ,सीपी तिवारी,आशीष द्विवेदी डी सी,बद्री प्रसाद जिला समन्वयक ,लीमा लकरा लेखाधिकारी मनरेगा, अंजुला झा ,विष्णु तिवारी,ि दवाकर तिवारी,राकेश श्रीवास्तव,भोला प्रसाद नापित,दानबहादुर सिंह,पुष्पेंद्र गुप्ता प्रोग्रामर,कुलदीप सिंह ,रणविजय सिंह,बाला प्रसाद सेन आदि सभी जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एक सप्ताह से सडक निर्माण को लेकर जारी है आमरण अनशन

## अनशन कारियों का समर्थन करने पहुची डॉ रश्मि सिंह



जागरण सतना । जनपद के अंतर्गत ग्राम पंचायत अकहा मे ग्रामीणो द्वारा लम्बे समय से गाँव के तालाब के का पास से बादि बाबा तालाब तक एवं बाबादीन लोधी के घर तक ग्रामीणो को आने जाने पर बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लगातार ग्रामीणो द्वारा उक्त सड़क मार्ग बनवाने के लिए साशन प्रशासन से मांग की जा रही रही है लेकिन शासन के द्वारा अस्वासन दिया जा रहा है लेकिन सड़क निर्माण के कार्य मे कोई गति नही दिख रहीद्य जिस कारण अनशन के बाद आमरण अनशन पर ग्रामीण मजबूर हुए जिसके समर्थन मे नागौद अनशन स्थल पर डॉ रश्मि सिंह ने उक्त वरिष्ठ अधिकारियों से बात की जिसमे सक्षम अधिकारियों द्वारा सुदूर सड़क योजना द्वारा पूर्ण कराने आश्वाशन मिला द्य मांग जल्द पूरी न होने पर डॉ रश्मि सिंह समेत ग्रामीण जनो के साथ एक बड़ा आंदोलन किया जायेगा द्यप्रमुख रूप से सरपंच अजय कोल,रामनरेश सिंह, रज्जन लोधी, बद्रीनाथ लोधी,रामाधार लोधी, शिवकुमार लोधी, मनोज कुशवाहा, शिवपूजन कुशवाहा, वंशीधर चौधरी आदि सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# ग्राहक को एक्सपायरी डेट का टोस्ट देना पड़ा महंगा

## शिकायत मिलते ही खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने की कार्यवाही



जागरण सतना। ग्राहक को एक्सपायरी डेट का टोस्ट देना दुकानदार को महगा पड़ा गया क्योंकि शिकायत मिलते ही खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कार्यवाही कर सेम्पल जप्त कर लिये है। बताया जाता है कि गौशाला चौक में संचालित पूजा डेयरी के संचालक द्वारा 29 मार्च को एक उपभोक्तता को एक्सपायरी डेट का टोस्ट दिया गया। ग्राहक जब खुले हुये टोस्ट के पैकेट को वापस करने पहुचा तो डेयरी संचालक ने टोस्ट वापस नही किया जिसकी शिकायत फरियादी ने खाद्य सुरक्षा विभाग में करदी।

## जांच में कई पैकेट एक्सपायरी डेट का मिला टोस्ट

खाद्य सुरक्षा अधिकारी शीतल सिंह ने बताया कि पूजा डेयरी में जांच पडताल की गई।इस दौरान शिकायत कर्ता को भी मौके पर बुलाया गया जांच के दौरान और भी कई पैकेट एक्सपायरी टोस्ट रखा मिला है। टोस्ट के पैकेट में पैकेजिंग डेट मार्च 2024 थी और मैनूफैक्चरिंग डेट से तीन माह तक उपयोग करने का उल्लेख था पूजा डेयरी के संचालक विश्वजीत यादव द्वारा टोस्ट का पैकेट बेचा गया था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि फरियादी के मुताबिक जब उसने टोस्ट का पैकेट खोला तो उससे बदबू आ रही थी डेयरी से टोस्ट और दूध के सेम्पल जप्त किये गये है। जांच रिपोर्ट आने के पश्चात कटोर कार्यवाही की जायेगी।

# नगर निगम की जनसुनवाई में आये 31 आवेदन

सतना। मंगलवार को नगर निगम में सम्पन्न हुई जनसनुवाई के दौरान 31 आवेदन प्राप्त हुये इस दौरान महापौर योगेश ताम्रकार , सहायक आयुक्त हरिमित्र श्रीवास्तव सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। सामान्य प्रशासन से संबंधित 01 , अतिक्रमण से संबंधित 02 , जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित 08 , प्रधानमंत्री आवास योजना के 06 , विकास कार्य से संबंधित 05 , सम्पत्ति कर से संबंधित 02 , पेयजल से संबंधित 07 आवेदन प्राप्त हुए। प्रस्तुत आवेदनों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके आवंटनए आवेदनों में कमियों एवं आवेदनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं द्योषणा करती हूँ कि पूर्व मे मेरा नाम जो शैक्षणिक दस्तावेज में RESHMA MAKHUA था। जिसे मै शादी के बाद मैं अपना नया नाम SONIYA JAGMALANI कर ली हूं कृपया अब से मुझे नये नाम SONIYA JAGMALANI W/O RAJESH KUMAR JAGMALANI के नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय तथा मेरे निवास का पता. HEMU COLONY WARD NO.41 NEAR HAND PUMP MADHAV NAGAR KATNI MURWARA DISTT KATNI (M.P.) है।

R.N. 80715

# जिला चिकित्सालय के आउटडोर में नहीं बैठते डॉक्टर

## जिला अस्पताल में मनमौजी ड्यूटी कर रहे हैं डॉक्टर्स

## डॉक्टरों की तलाश में घंटों भटकते हैं मरीज






जागरण, सीधी

मौसम के बदलते मिजाज के चलते अस्पतालों में फिर से मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की भीड़ उमड़ने लगी है। विडंबना यह है कि घंटों जिला अस्पताल के आउटडोर में डॉक्टरों की तलाश में मरीज भटकते रहते हैं फिर भी अधिकांश डॉक्टर यहां बैठकर मरीजों को देखने की जरूरत नहीं समझते। जिला अस्पताल के आउटडोर का जायजा लेने पर मालूम पड़ा कि अधिकांश डॉक्टर आउटडोर में सुबह 11 बजे गायब हैं। मरीजों की भीड़ बरामदे में डॉक्टरों के चेंबर के बाहर बैठी हुई है। यहां के कक्षों के बाहर बैठने वाले भृत्य भी डॉक्टरों के संबंध में गोलमाल जवाब मरीजों एवं उनके परिजनों को दे रहे थे। कभी यह बताया जाता था कि डॉक्टर वार्डों में राउंड में होंगे तो कभी झूंठा आश्वासन दिया जा रहा था कि कुछ समय बाद आते होंगे। चर्चा के दौरान मरीजों एवं उनके परिजनों का कहना था कि दो घंटे से यही जवाब मिल रहा है। कुछ मरीजों का कहना था कि वार्डों में भी वह चक्कर काट चुके हैं। वहां भी डॉक्टर नहीं हैं। वहीं अस्पताल सूत्रों का कहना था कि जिन दिनों आउटडोर में मरीजों की संख्या ज्यादा उमड़ती है उन दिनों में निजी प्रेक्टिस के लिए बदनाम पुराने डॉक्टर वार्डों में मरीजों को देखने के बाद चुप-चाप अपने बंगले में जाकर मरीज देखना शुरू कर देते हैं। जिला अस्पताल के आउटडोर के समय इस तरह की मनमानियां आम बात हैं। यहां के डॉक्टरों को मरीजों को उपचार सुविधा मिले या न मिले इससे कोई सरोकार नहीं रहता। डॉक्टरों की मनमौजी ड्यूटी करने की आदत से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन भी अच्छे से वाकिफ हैं। इनके द्वारा कई बार सामूहिक रूप से डॉक्टरों को आउटडोर में बैठने के लिए कहा भी जाता है। जिसकी खुलेआम अनदेखी डॉक्टर करते हैं। इसके अलावा जिला अस्पताल के अन्य कार्यों से संलग्न कुछ कर्मचारी भी उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर करने के बाद गायब हो जाते हैं। कुछ कर्मचारी तो अस्पताल चौक में टहलते नजर आते हैं, तो कुछ अपने व्यक्तिगत काम में व्यस्त हो जाते हैं। बीच-बीच में ऐसे कर्मचारी अपने कार्यस्थल में चेहरा दिखाने पहुंचते रहते हैं। जिला अस्पताल की व्यवस्था सुधारने की दिलचस्पी न तो प्रशासनिक अधिकारियों की है और न ही जन प्रतिनिधियों की। यदि आउटडोर के समय जिम्मेदार औचक निरीक्षण बीच-बीच में करते रहें और जो डॉक्टर और कर्मचारी मनमानी तरीके से गायब रहते हैं उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही होती रहे तो निश्चित ही जिला अस्पताल की व्यवस्था कुछ पटरी में आ सकती है। जांच कार्यवाही न होने के कारण ही जिला अस्पताल के डॉक्टर, स्टॉफ नर्स एवं अन्य कर्मचारी निरंकुश हैं।

### समय पर नहीं मिलती पैथालॉजी जांच रिपोर्ट

जिला अस्पताल में पैथालॉजी जांच के लिए मरीज काफी संख्या में पहुंचते हैं। यहां मौजूद अधिकांश टैक्नीशियन गायब रहते हैं। यहां बारी बांध कर टैक्नीशियन काम करते हैं। कुछ टैक्नीशियन तो लैब में हस्ताक्षर करने के पश्चात सीधे निजी क्लीनिक एवं पैथालॉजी सेंटर में जांच करने के लिए पहुंच जाते हैं। पैथालॉजी जांच की रिपोर्ट इसी वजह से मरीजों को समय पर नहीं मिल पाती। जिला अस्पताल के लैब में अत्याधुनिक जांच मशीनें हैं। इस तरह की आधुनिक मशीनें निजी अस्पताल एवं पैथालॉजी सेंटरों मे भी नहीं हैं। फिर भी यहां पदस्थ टैक्नीशियन उसका उपयोग मरीजों की सुविधा के लिहाज से नहीं करते। यहां से पैथालॉजी रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए मरीजों और उनके परिजनों को कई घंटे तक चक्कर काटना पड़ता है। कई मरीजों की इसी वजह से समय पर उपचार भी शुरू नहीं हो पाता।

### प्रशासनिक अधिकारी नहीं करते औचक निरीक्षण

जिला अस्पताल का प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण न करने से यहां पदस्थ डॉक्टर एवं अन्य स्वास्थ्य अमला मनमौजी ड्यूटी करने के आदी हो चुके हैं। उनको मालूम है कि प्रशासनिक अधिकारियों की प्राथमिकता में जिला अस्पताल नहीं है। इसी वजह से सभी बेखौफ होकर ड्यूटी करने की औपचारिकताएं निभा रहे हैं। जिला अस्पताल में डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की मनमानी के चलते मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं पाने के लिए भटकने की मजबूरी बनी हुई है। शासन द्वारा भले ही जिला अस्पताल को करोड़ों की मशीनें मरीजों की जांच एवं उपचार के लिए उपलब्ध कराई गई है लेकिन जिम्मेदार डॉक्टरों की उदासीनता के चलते उसका लाभ मरीजों को नहीं मिल रहा है।

## सांसद ने पीएम से की सफेद बाघ की वापसी की मांग



**जागरण, सीधी।** सीधी। सीधी जिले के संजय टाइगर रिजर्व क्षेत्र पनखोरा के जंगल में 1951 में रीवा के महाराजा मार्तंड सिंह चिनगवाह पंनखोरा के बरगडी नाले से अपने टीम मे शामिल आदिवासी बैगा लोग जो संजय टाइगर रिजर्व क्षेत्र के थे जिनमे बाबादीन बैगा, एक्कड़ बैगा एवं शिवपाल बैगा के अथक प्रयास से शावक व्हाइट टाइगर को पकड़ने में सफलता मिली थी, जो कि उन दिनो कुसमी क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ था। मामले के संबंध पर सीधी सांसद जल संवर्धन कार्यक्रम के शुभारंभ मे सांसद डॉ. राजेश मिश्रा पहुंचे थे तब मीडिया कर्मी ने सांसद से प्रश्न किया कि आप सफेद शेरों की धरती पर आप खड़े हैं और इस टाइगर रिजर्व में एक भी सफेद शेर नहीं है जिस पर सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि हमने शोसल मीडिया मे ट्वीट कर लिखा है कि सफेद शेर की धरती में हमें सफेद शेर उपलब्ध कराया जाए इसके संबंध पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री से सीधी आगमन को लेकर बात भी किए हैं और हमने कहा कि अगर विदेश से चीते ले आ सकते हैं तो सफेद शेर की धरती में सफेद शेर उपलब्ध कराना अति आवश्यक है। जिसे प्रधानमंत्री जी ने जिस रूचि से देखा है शायद कुछ अच्छा परिणाम आने की संभावना है। अब देखा दिलचस्प होगा कि सफेद टाइगर की धरती पर सफेद शेर को लाने के लिए कितने विधायक एवं जनप्रतिनिधि आगे आते है। या फिर बयान बाजी तक ही सीमित रहते है।

## जमीनी विवाद में बुजुर्ग के साथ हुई मारपीट



**जागरण, सीधी।** जिले के ग्राम हनुमानगढ़ में रास्ते को लेकर हुए विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। जब गांव के ही एक व्यक्ति ने बुजुर्ग परदेसी साकेत के साथ मारपीट कर दी। इस हमले में बुजुर्ग बुरी तरह घायल हो गए और उनका एक पैर फ्रैक्चर हो गया। घायल बुजुर्ग के बेटे अनिल साकेत ने आज मंगलवार के दिन दोपहर 3 बजे बताया कि उनके पिता घर के बाहर बैठे थे। तभी गांव के ही रहने वाले राजेश सिंह गोड़ वहां पहुंचे और विवाद शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि राजेश सिंह ने परदेसी साकेत को जबरन घसीटकर सड़क पर लाया और लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। इस हमले में बुजुर्ग का एक पैर टूट गया। वहीं उनकी पीठ पर भी गंभीर चोटों के निशान पाए गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद घायल बुजुर्ग को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस संबंध में चौकी प्रभारी सेमरिया भूपेंद्र बागरी ने जानकारी देते हुए बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ग्रामवासियों में इस घटना को लेकर रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि गांव में इस तरह की हिंसा की घटनाएं नहीं होनी चाहिए और प्रशासन को कठोर कार्रवाई करनी चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, साथी गंभीर



**जागरण, सीधी।** सीधी-सिंगरौली राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 में ग्राम चंदवाह के सुनहरा नाला ढ़ाबा के समीप आज सुबह करीब 11 बजे एक बाइक के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर बहरी थाना पुलिस द्वारा तत्काल घायलों को एंबुलेंश से जिला अस्पताल सीधी भेजा गया। यहां उपचार शुरू होने के कुछ समय बाद ही थाना रामपुर नैकिन के टकटैया निवासी पद्माकर अग्रिहोत्री की मौत हो गई। बाइक में सवार प्रद्युम्न अग्रिहोत्री की कमर की हड्डी फ्रैक्चर होने से उनकी हालत भी गंभीर बनी हुई है। उक्त सड़क हादसे क सूचना मिलते ही बहरी थाना प्रभारी राकेश बैस द्वारा तत्काल पुलिस बल घटनास्थल पर भेजकर एंबूलेंश से घायलों को जिला अस्पताल भेजने की व्यवस्था कराई गई थी। किंतु हादसे में आई गहरी चोंटों के चलते एक युवक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर है। बताया गया है कि हादसे के वक्त दोनो युवक बाइक क्रमांक एमपी 53 एमएच 5574 में सवार होकर अपने गांव टकटैया से ब्राम्हण भोज में शामिल होने के लिए रिश्तेदारी में ग्राम पतुलखी मयापुर के पास जा रहे थे।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में मना प्रवेशोत्सव




**जागरण, सीधी।** जिले से 50 किलोमीटर दूर कुसमी विकासखंड के टमसार मे संचालित एकलव्य आदर्श आवसीय विद्यालय टमसार मे नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 के तत्वाधान मे प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्राचार्य रामपाल सिंह द्वारा किया गया व प्रवेशोत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूम-धाम के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य रामपाल सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान प्राचार्य रामपाल सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को नए शिक्षा सत्र की बधाई शुभकामनायें देते हुए कहा की शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। शिक्षा न केवल ज्ञान का स्त्रोत है बल्कि यही संस्कार, चरित्र निर्माण और व्यक्तित्व विकास मे भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। श्री सिंह ने छात्र-छात्राओं के स्वर्णिम भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गयी। इस दौरान प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मे अन्य उपस्थित लोगों मे शिक्षक बाल कृष्ण मिश्रा, मुकेश कुमार, निखिल कुमार विश्वास, मोहित सेठी, सुश्री बरखा छावड़ा, समीक्षा खिड़िया, रोहित प्रसाद चतुर्वेदी, मनीष कुमार सिंह, पुनीत कुमार गुप्ता, पंकज तोमर, दीपक, सुश्री साक्षी, विक्रम, अभिषेक कुमार, सुश्री ज्योति वर्मा, अंकित कुमार, ऋषभ कुमार राठौर, श्रीमती सुनीता वर्मा, सुश्री मानसी जैन, आशीष मौर्य, अमित कुमार, अजय मलिक, श्लोक, आशा गुर्जर, अंकित दुबे, रमाकांत गोस्वामी, अरविंद पटेल, रेशमा पटेल, प्रीती सिंह सहित विद्यालय का समस्त स्टॉफ व भारी संख्या मे छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## हिंदू जागरण मंच ने मनाया हिन्दू नव वर्ष



**जागरण, सीधी।** हिंदू जागरण मंच जिला सीधी के तत्वाधान में वर्ष प्रतिपदा हिन्दू नव वर्ष चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर गाजे बाजे के साथ गांधी चौक पर पहुंचकर एकत्र हुए पटाखे फोड़े, स्वागत है भाई स्वागत है नव संवत का स्वागत है। जयघोष लगाया और उत्साह और उल्लासपूर्वक हिन्दू नव वर्ष मनाया। साथ ही संगठन के कार्यकर्ताओं/ पदाधिकारियों ने एक दूसरे को भी तिलक चंदन लगाकर नव वर्ष की शुभकामना दी। उसके बाद गांधी चौक में तकरीबन 1:30 घंटे तक खड़े होकर संगठन के समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा सीधी नगर वासियों/मातृशक्तियों, युवाओं को तिलक चंदन लगाकर हिंदू नव वर्ष की शुभकामना दी गई। साथ ही उनको यह बताया भी गया चैत्र की प्रतिपदा से यानी चैत्र राम नवमी के प्रथम दिवस से हम सनातनियों का नया वर्ष प्रारंभ होता है जो शास्त्र संवत है। कालगड़ना, विक्रम संवत हिंदुओं के पंचांग भी हमारे इसी वर्ष के अनुरूप ही चलते है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. वर्षा गौतम, उमा सिंह, सुमित जायसवाल, पुनीतमणि त्रिपाठी, पूनम तिवारी, नीलेश शुक्ला, विनोद सोनी, सुनीतारानी वर्मा, प्रशांत जायसवाल, हरीश अवधिया, जीतेंद्र गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, संतोष विश्वकर्मा, नरेंद्र यादव, देवेंद्र सोनी, बलदेव वर्मा, रिंकू गुप्ता, अनूप वर्मा, दुर्गेश सोनी, अमर कचेर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## बीबीएस पब्लिक स्कूल का शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम




**जागरण, सीधी।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 के कक्षा पांचवी और आठवीं के परीक्षा परिणामो की घोषणा हाल ही में 28 मार्च 2025 को राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा की गई है। जिसमें पनवार क्षेत्र की अग्रणी संस्था बीबीएस पब्लिक स्कूल नगवा दर्शन सिंह हवाई पट्टी के छात्र/छात्राओं ने शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ क्षेत्र में अपना दबदबा कायम रखा, जिसमें कक्षा पांचवी के तुलसीदास यादव 86.5 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं आयुष द्विवेदी 84.75 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा आठवीं की छात्रा आकांक्षा सिंह चौहान 86.16 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं अंश दुबे 86 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम की विवेचना से प्राप्त जानकारी के आधार पर दोनों कक्षाओं में लगभग सभी विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत अंकों से भी अधिक अंक के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक देवेंद्र सिंह चौहान, प्राचार्य हंसराज सिंह बघेल, शिक्षक रवि सिंह बघेल, विष्णु जायसवाल, शिक्षिका वंदना सिंह, शालिनी सिंह एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक जनसुनवाई में सुनी फरियाद

### 60 से अधिक शिकायतों के निराकरण के दिए निर्देश



जागरण, सीधी

पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में साप्ताहिक तौर पर किया जाता है। जनसुनवाई का आयोजन जिसमें पुलिस कप्तान शिकायतें सुनकर वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्बंधित अधिकारियों को शिकायतों के यथाशीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित करते है। देश भक्ति जन सेवा की भावना को चरितार्थ करते हुए आम जनता की शिकायतों एवं समस्याओ के त्वरित निराकरण हेतु प्रत्येक सप्ताह की भांति मंगलवार 1 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविन्द्र वर्मा द्वारा जन सुनवाई की गयी। जन सुनवाई मे शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 60 से अधिक फरियादी अपनी फरियाद लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आये थे। शिकायतों का सम्बन्ध जमीनी विवाद, पारिवारिक विवाद, ऑनलाइन फ्रॉड इत्यादि से था। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त शिकायतकर्ताओं को संबंधित थाना प्रभारियों से वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के माध्यम रूबरू कराकर यथाशीघ्र शिकायतों पर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु आश्वस्त किया गया तथा जन सुनवाई में प्राप्त समस्त शिकायतों का त्वरित निराकरण समय सीमा मे करने हेतु सम्बंधित थाना प्रभारियों/राजपत्रित अधिकारियों को निर्देर्शित किया गया। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी अरविन्द श्रीवास्त, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारी, थाना प्रभारी महिला थाना निरीक्षक सुशीला वर्मा, थाना प्रभारी अजाक आरएल साकेत, थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक रीता त्रिपाठी, थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरी दिव्य प्रकाश त्रिपाठी एवं कार्यालयीन स्टॉफ पुलिस सभागार में तथा अन्य राजपत्रित अधिकारी एवं थाना/चौकी प्रभारी वीडियो कॉल के माध्यम से उपस्थित रहे।

## धान उपार्जन एवं मिलिंग के संबंध में जांच दल गठित

**जागरण, सीधी।** मध्यप्रदेश शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन एवं मिलिंग के संबंध में जिले में जांचदल का गठन किया गया है। जारी आदेशानुसार नीलेश शर्मा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जांच दल के अध्यक्ष होंगे। नागेन्द्र सिंह परिहार जिला आपूर्ति अधिकारी संयोजक, दीप्ति वनवासी उपायुक्त सहकारिता, कमल मकाश्रे जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, एमएल बढेरा जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम एवं सुनील अग्रवाल शाखा प्रबंधक एमपीडब्ल्यूएलसी जांच दल के सदस्य होंगे। गठित जांच दल को प्रमुख रूप से उपार्जित धान मात्रा, धान परिवहन मात्रा, धान जमा मात्रा, धान कमी मात्रा, मिलर्स को भुगतान की स्थिति प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।


प्रवेश प्रारंभ ........ प्रवेश प्रारंभ ........ प्रवेश प्रारंभ ........

शासकीय सीएम राइस उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझौली जिला सीधी म.प्र

ज्ञानमेव शक्तिः
CM RISE VIDYALAYA

अपने बच्चों का एडमिशन शासकीय विद्यालय में करवायें।

प्रवेश उत्सव कार्यक्रम - 2025-26
01 अप्रैल 2025 - प्रवेश उत्सव
02 अप्रैल 2025 - भविष्य से भेंट कार्यक्रम
03 अप्रैल 2025 - सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियां
04 अप्रैल 2025 - हार के आगे जीत है कार्यक्रम

**दृष्टि:-** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सर्वांगीण विकास, बच्चों का बौद्धिक, शारीरिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास सुनिश्चित करना, सशक्त नागरिक बनाना।
**मिशन:-** सुविधा संपन्न स्कूल, बेहतर शिक्षा, सहभागी शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, नैतिक शिक्षा, NCC/ स्काउट कैरियर काउंसिलिंग

**नोट:- वाहन सुविधा की संपूर्ण संभावना**






# स्कूल चलें हम : विधायक पटेरिया की उपस्थिति में हुआ सीएम राइज विद्यालय राजनगर में प्रवेशोत्सव का आयोजन



**जागरण, राजनगर।** मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार इस वर्ष अप्रैल माह में नवीन सत्र 2025 – 26 का शुभारम्भ चार दिवसीय प्रवेशोत्सव के साथ होना है। इसी अनुक्रम में सी एम राइज विद्यालय राजनगर में दिनांक 01/04/2025 को प्रथम दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रातः 10 बजे से छात्र/छात्राओं का उत्साह पूर्वक संस्था के प्राचार्य महोदय एवं समस्त शिक्षक परिवार ने द्वार पर तिलक लगाकर और मुंह मीठा करवा कर विद्यालय परिसर में प्रवेश दिया गया। प्रार्थना स्थल पर प्रार्थना सभा का आयोजन एवं प्राचार्य महोदय के उद्बोधन के साथ छात्र/छात्राओं में उत्साह और आशिर्वाद का संचार किया गया। विद्यालय के सभा कक्ष में मंचीय कार्यक्रम के रूप में सर्वप्रथम मां सरस्वती के विग्रह पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित करके सरस्वती वंदना की गई। अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छोटे बच्चों की प्रस्तुतियों को देखकर उपस्थित अतिथि स्वयं को ताली बजाने से नहीं रोक पाए। कार्यक्रम की रूपरेखा संस्था के वरिष्ठ शिक्षक दीपक द्विवेदी द्वारा रखी गई। इसके पश्चात शिक्षा के क्षेत्र में शासन की बहुउद्देशीय परियोजनाओं का खाका विशिष्ट अतिथि के रूप में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सुश्री आकांक्षा रावत सहायक संचालक स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा रखा गया। इसके बाद मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अरविंद पटेरिया और बीईओ मैडम द्वारा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को प्रमाणपत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र अवस्थी एवं थाना प्रभारी राजनगर सिद्धार्थ शर्मा द्वारा छात्र/छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। कार्यक्रम को गति देते हुए क्षेत्रीय विधायक अरविंद पटेरिया ने अपने संघर्ष की कहानी के साथ छात्र छात्राओं को अपने सपनों में पंख लगाने के हुनर, लगनशीलता और मेहनत करने का मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के अन्त में संस्था के प्राचार्य अनिल कुमार अरजरिया ने शालेय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया साथ ही संस्था की समस्याओं से अतिथिओं को अवगत कराया।

## धोखाधड़ी के आरोपी 6000 के इनामी मोंटी उर्फ हरिचरन अहिरवार व उसके दो साथी सहित 3 गिरफ्तार

**जागरण, छतरपुर।** थाना कोतवाली में वर्ष 2024 में आवेदक अरविंद गिरी निवासी नारायणपुर रोड छतरपुर को स्कॉर्पियो गाड़ी बेचने के नाम पर दिल्ली से व्हाट्सएप पर संपर्क कर एडवांस राशि ?50000 एवं 15000 डीजल एवं टोल राशि का खाते में जमा करवाने, फर्जी तरीके से दूसरी बुकिंग वाली गाड़ी दिखाने संबंधी रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता के तहत धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा फरार आरोपियों की हर संभावित स्थान में तलाश की जा रही थी। धोखाधड़ी प्रकरण का मुख्य आरोपी मोंटी उर्फ हरिचरन अहिरवार पूर्व से एक मारपीट के एवं एक चेक बाउंस के प्रकरण में फरार था, न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था। पुलिस टीम ने धोखाधड़ी के मुख्य आरोपी मोंटी उर्फ हरिचरन अहिरवार पिता गोरेलाल निवासी ग्राम रामपुरा थाना मातगुवां जिला छतरपुर हाल दिल्ली को गिरफ्तार किया गया। संलिप्त अन्य 2 आरोपी लखन अहिरवार पिता पलटू अहिरवार निवासी ग्राम सडरी थाना नौगांव ,दिनेश अहिरवार पिता कालीचरण निवासी ग्राम ललपुर थाना राजनगर को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। अभियुक्त मोंटी को न्यायालय पेश किया जा रहा है, विवेचना कार्यवाही जारी है।

## सिविल लाइन पुलिस ने फिर पकड़े दो सटोरिए

**जागरण, छतरपुर।** पिछले चार दिनों से सिविल लाइन पुलिस द्वारा लगातार सटोरियों पर कार्रवाई की जा रही है। बीते रोज जहां 7 सटोरियों पर कार्रवाई हुई थी, तो वहीं मंगलवार को एक बार फिर पुलिस ने दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि मंगलवार को पकड़े गए सटोरियों के नाम विक्रमादित्य खरे निवासी किशोर सागर तालाब के पास और सनी अहिरवार निवासी अंबेडकर नगर हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जुआ, सट्टा के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही जारी है। आईपीएल मुकाबलों पर सट्टा लगाने और लगवाने वालों के साथ-साथ उनके एजेंट और सुपर एजेंट को पकड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस की यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी। पकड़े गए सटोरियों से पूछताछ की जा रही है,।


### आम सूचना

सर्व साधारण को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मुझे कतिपय सूत्रों से पता चला है कि मेरा पुत्र राजीव कुमार मिश्रा (राजीव किराना एवं जनरल स्टोर) कई लोगो को ब्लैंक चेक वितरित कर रखा है और मेरे नाम से भूमियों को विक्रय का अनुबंध कराने के प्रयास में रहता है उक्त सम्बन्ध में सूचना दी जा रही है कि मेरी भूमियां जो ग्राम रतहरा, रतहरी पटवारी हल्का रतहरा तह. हुजूर नगर रीवा तथा ग्राम जिवला तह. रायपुर कर्चु. जिला रीवा (म.प्र.) में स्थित है के सम्बन्ध में यदि कोई रेहन, विक्रय इत्यादि का अनुबंध किया जाता है तो वह बिना मेरी सहमति के प्रभावहीन व शून्य होगा क्योकि मेरा पुत्र दस वर्षो से मुझसे अलग रहता है उसका अब मेरी चल अचल सम्पत्ति मे कोई हक हिस्सा नही है। यदि कोई भी ऐसा करार या अनुबंध किया गया है या किया जावेगा तो उक्त करार अनुबंध नजरीकी अदालत द्वारा शून्य व प्रभावहीन घोषित करा दिया जायेगा।
दिनांक 01.04.2025

सूचनादाता
शिवबहोर मिश्रा
पिता स्व. लक्ष्मण प्रसाद मिश्रा
निवासी आर.आई.टी. कालेज के बगल मे रीवा, जिला रीवा (म.प्र.)
मो0नं0: 6261475684
RN- 80789



### नाम सुधार सूचना

मैं भूत पूर्व सुबेदार श्री अर्जुन सिंह आर्मी नम्बर JC 282377X Village- Saraiha, Post kolhudeh Tehsil-Churhat, District- Sidhi (M.P.) का निवासी हूँ। सेना के दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम ABHIMANYU लिखा है, जो कि गलत है। मेरे पुत्र का सही नाम ABHIMANYU SINGH है। अब इन्हें इसी नाम से लिखा पढ़ा व जाना जाय।

श्री अर्जुन सिंह
RN-80549


## रामनवमीं की प्रभात फेरी में शामिल युवक पर आदतन अपराधियों ने किया हमला

**जागरण, छतरपुर।** शहर में उस वक्त हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई जब कुछ असमाजिक तत्वों ने रामनवमीं की प्रभात फेरी में शामिल एक युवक पर धारदार हथियारों से हमला किया। इस हमले में दो लोग घायल हुए हैं, जिनमे से एक भाजपा नेता हैं जो कि बीच-बचाव कर रहे थे। दो हमलावरों को मौके पर मौजूद लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। रोज की तरह सोमवार को भी शहर में प्रभात फेरी निकाली जा रही थी। इसी दौरान सीताराम कॉलोनी की बर्फ फैक्ट्री के पास आदतन अपराधी अभय वर्मा उर्फ बक्कल, डीपी ठाकुर सहित एक अन्य युवक ने प्रभात फेरी के साथ चल रहे संजू मिश्रा निवासी छतरपुर के ऊपर धारदार हथियारों (छुरा और बका) से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से मौके पर हंगामा खड़ा हो गया। संजू मिश्रा को बचाने के लिए पहुंचे भाजपा नेता सुरेन्द्र साहू सहित एक अन्य युवक पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया जिससे वह भी घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह दो आरोपियों को पकड़ा, जबकि एक आरोपी भाग निकला। पकड़े गए आरोपियों को कोतवाली पुलिस के हवाले करने के बाद घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि प्रभात फेरी के दौरान विवाद हुआ है, जिसमें दो लोग घायल हुए हैं। फरियादी की शिकायत लेकर मामले की जांच की जा रही है।

**आखिर क्यों नहीं हो रही कार्रवाई :** उल्लेखनीय है कि पुलिस के तमाम प्रयासों के बावजूद छतरपुर जिले में सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों का प्रदर्शन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जिले के दूरस्थ अंचलों की बात तो दूर है, जिला मुख्यालय से ही लगातार आपराधिक प्रवृत्ति के युवकों की हथियारों के साथ तस्वीरें सामने आ रही हैं। लगातार सामने आ रहे इन मामलों से प्रतीत हो रहा है कि पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान और की जा रही कार्रवाईयों का इन युवकों में कोई खौफ नहीं है। सोमवार को छतरपुर में हुई घटना को अंजाम देने वाले आरोपी डीपी ठाकुर की कुछ तस्वीरें भी पिछले दिनों वायरल हुई थीं। डीपी ठाकुर ने अवैध हथियार के साथ सोशल मीडिया पर तस्वीर वायरल की थीं, जिसमे डीपी ठाकुर के पास अवैध हथियार दिखने के साथ-साथ 302 लिखा हुआ था। डीपी ठाकुर पर तकरीबन एक दर्जन आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं।


### कार्यालय नगर परिषद गुढ़ जिला- रीवा (म.प्र.)
Office of The Nagar Parishad Gurh Dist. Rewa (M.P.)
Address:- Ward No.-12 Gurh Dist.- Rewa (M.P.) Pin No. 486553
Email: cmogudh@mpurban.gov.in

क्र. 446/(E.T.)/न.परि./2025 — गुढ़ दिनांक 01.04.2025

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाइट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_413614_1 दिनांक– 01.04.2025 | SUPPLY AND DELIVERY OF WATER SUPPLY MATERIALS AT THE STORE OF NAGAR PARISHAD GURH IN FINANCIAL YEAR 2025-26. | 1–1 वर्ष 2–10.00 लाख | 1–2000.00 2–10000.00 | 17.04.2025 |

नोट: निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन http:www.//mptenders.gov.in की वेबसाइड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(के.एन. सिंह)
मुख्य नगर पालिक अधिकारी
नगर परिषद गुढ़
जिला–रीवा (म.प्र.)


# हिन्दू मुस्लिम भाईयों ने एक साथ मनाया ईद का जश्न



## चांद दिखते ही खुशी की लहर

**कटनी।** मुकद्दस और पाक महीना रमजान शरीफ के महीना भर रोजा रखने के बाद शाम को जैसे ही ईद का चाँद नजर आया सभी लोग खुशियों से झूम उठे और एक दूसरे को मुबारकबाद दिया। सभी मुस्लिम बंधु ईद की तैयारी में जुट गए। वैसे तो ईद की तैयारियों में 15 दिन पहले से शुरू हो गई थी इसी वजह से बाजार खासे गुलजार रहे। ईद की खुशी में बच्चे, बूढ़े, जवान नजर आये विशेष रूप से बच्चे खासा उत्साहित नजर आ रहे थे।

पूरे नगर में और आसपास के लोग रंग बिरंगे और नये कपड़े पहनकर ईदगाह की ओर चल पड़े। जहाँ पर जामा मस्जिद नदीपार के पेशईमाम जनाब हाफिज कारी कौनैन रजा खां साहब ने 8.30 बजे अदा कराई। ईदगाह में हजारों लोगों ने एक साथ लोगों की भलाई, नेक रास्ते पर चलने और मुल्क हिंदुस्तान की खुशहाली और तरक्की के लिए दुआएँ माँगी। नमाज के बाद एक साथ सलातो सलाम पेश किया गया और सभी लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह के बाहर बड़ी संख्या में नगर के प्रबुद्धजनों, गणमान्य लोगों ने मुस्लिम भाईयों को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह कमेटी के सदर शहजाद हुसैन रिजवी के साथ कमेटी के सभी लोगों की ईदगाह की व्यवस्थाओं, तैयारियों और मेहनत को काफी सराहा गया। ईदगाह कमेटी के सदर शहजाद हुसैन रिजवी ने हाजी शमीम साहब के हाथों पेश ईमाम को और एड नूर मो. सिद्दीकी के हाथों सभी मुकब्बिर साहबान को नजराना पेश कराया। आयोजन को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रही विजयराघवगढ़ पुलिस ने सुरक्षा का ध्यान रखा तो नगर परिषद ने साफ सफाई का।

इस अवसर पर पेश ईमाम हाफिज कौनैन रजा खां साहब, मुफ्ती अतीक अहमद साहब, हाफिज मो फारुक रजवी साहब, हाफिज नूरुल हुदा साहब, हाफिज, इदरीश रजा साहब, हाफिज रियाज अहमद साहब, पेश ईमाम फारूक अजहरी साहब, शहजाद हुसैन रिजवी, मो.सिकंदर, शेख अब्दुलए हामिद अली, एड नूर मो.सिद्दीकी, एड अब्दुल करीम सिद्दीकी, डॉ गुलशेर अहमद, डॉ मुबीन खान, डॉ अब्दुल कदीर, हाजी अब्दुल जलील, हाफिज, शान मो.हाजी नईम बाबू, हाजी गुल अहमद, हाजी मतलूब, हाजी डॉ नसीर, मो.जुबैर, जाकिर हुसैन रिजवी, अमानुल्ला खां, अल्ताब हुसैन छोटे, अजमल साकिर खां, मो.असलम रजा, अरसद अशरफी, महमूद शाह, इंजी. अजीजुर्रहमान, अब्दुल जलील रिजवी, लईक अहमद, मो.नसीम, मोहसिन खान टेंट, सिराजुल हक्क, फहीम खां, शकील मास्टर, नईम मास्टर, मो.माजिद, मो तौसीफ सैफी, शेख जमील, नझारुल हक्क, अनवारुल हक्क, इजहार अली, सहित आसपास गाँवों के भी हजारों मुस्लिम भाई उपस्थित रहे।


### कार्यालय नगर परिषद हनुमना, जिला मऊगंज (म.प्र.)
E-Mail ID- cmohanumana@mpurban.gov.in

क्रमांक/1886/ऑनलाइन निविदा सूचना/नग.परि./2025 — हनुमना, दिनांक 21.03.2025

**ऑनलाइन निविदा आमंत्रण–सूचना**

नगर परिषद हनुमना, जिला–मऊगंज द्वारा नाली निर्माण एवं पी.सी.सी. सड़क निर्माण हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग मे नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से फार्म ई – टेण्डरिंग के माध्यम से तालिका में वर्णित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, एस. ओ. आर. दिनांक–02 अगस्त 2021 (संशोधित) के आधार पर निविदा प्रपत्र ''अ'' मे दरे आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने एवं निविदा से सम्बंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी बेबसाईट http://mpetender.gov.in से एवं कार्यालय नगर परिषद हनुमना से प्राप्त की जा सकती है। निविदा मे किसी भी प्रकार का संशोधित केवल वेबसाईड पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम एवं विवरण | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि का ऑनलाईन भुगतान | समय अवधि | निविदा फार्म का शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_412288_1 | वार्ड क्रमांक–05 में श्री के.डी. शुक्ला घर से मायावती के दुकान तक आर.सी.सी. नाली का निर्माण कार्य करना। | 1213855=00 | 9105=00 | 01 माह | 2000=00 |
| 2. | 2024_UAD_412288_2 | वार्ड क्रमांक– 07 में राजमणि हरिजन के घर से श्री नारायण हरिज के घर तक पी.सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य करना। | 840807=00 | 8408=00 | 01 माह | 2000=00 |

उक्त निर्माण कार्यो के निविदा प्रपत्र दिनांक 26.03.2025 को प्रात: 10:30 से दिनांक 26.04.2025 को सायं 5:30 तक बेवसाईट पर लागू प्रोसेसिंग शुल्क के ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त कर सकेंगे।

(अरूण कुमार त्यागी)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद हनुमना
जिला–मऊगंज (म.प्र.)



### कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)

क्र 09 / भण्डार/न.पा.नि./2024-25 — सतना दिनांक 28.03.2025

**-: निविदा सूचना :-**

निम्नलिखित कार्य / सप्लाई हेतु केन्द्रीय प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। :-

| क्र. | एन.आई.टी क्रमांक व दि | निविदा क्रमांक | सामग्री का प्रकार | अनुमानित व्यय प्राक्कलन | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | सामग्री आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 09/01 28/03/2025 | 2025_UAD_413010_1 | एल्यूमीनियम सेक्शन, फर्नीचर कार्य एवं चेयर क्रय। | 50,00,000.00 | 50,,000.00 | 10,000.00 | वित्तीय वर्ष 2025-26 |
| 2 | 09/02 28/03/2025 | 2025_UAD_413011_1 | सफाई सामग्री एवं चूना पाउडर क्रय | 30,00,000.00 | 50,,000.00 | 5,000.00 | वित्तीय वर्ष 2025-26 |
| 3 | 09/03 28/03/2025 | 2025_UAD_413025_1 | फोटो ग्राफी / विडियोग्राफी कार्य | 20,00,000.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | वित्तीय वर्ष 2025-26 |

शर्तें:- 1. निविदा प्रपत्र की खरीदी ऑनलाइन बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in ऑनलाइन पेमेन्ट एवं पोंटल सर्विस चार्ज के द्वारा दिनांक 29.03.2025 समय 17.30 बजे से दिनांक 28.04.25 समय 17.30 बजे तक खरीदी जा सकती है।2. निविदा मे संसोधन की सूचना वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जावेगी, समाचार पत्र पर संसोधन की सूचना प्रकाशित नही की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, सतना म.प्र.


## हिंदू उत्सव समिति की महिलाओं ने आयोजित की रामनवमी के पूर्व विभिन्न प्रतियोगिताएं

**कटनी।** हिंदू उत्सव समिति द्वारा 6 अप्रैल रामनवमी के अवसर पर विशाल शोभायात्रा का आयोजन समस्त सामाजिक, धार्मिक, व्यावसायिक संगठनों के सहयोग से किया जा रहा है। इस अवसर पर समिति की महिलाओं द्वारा सरस्वती स्कूल में पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में 175 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया एवं भगवान राम के चरित्र पर सुंदर रंगोली बनाई गई। इसी तरह पेंटिंग प्रतियोगिता में भगवान राम के विभिन्न चरित्रों पर 100 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी हिस्सेदारी दर्ज कराई। बच्चों द्वारा दोनों ही प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और बड़े ही सुंदर रंगोली एवं पेंटिंग बनाई गई और भगवान राम के विभिन्न चरित्रों को पेंटिंग के माध्यम से सजीव किया। कार्यक्रम का समापन भारत माता एवं प्रभु श्रीराम की महाआरती के साथ किया गया। कार्यक्रम आयोजन में प्रमुख रूप से श्रीमती प्रिया सोनी, श्रीमती नीतू गुप्ता, श्रीमती दीपशिखा शिवहरे, श्रीमती प्रियंका गुप्ता, श्रीमती पूजा सोनी, श्रीमती शालिनी सोनी, श्रीमती मेधा गुप्ता, श्रीमती शिल्पी गुप्ता, श्रीमती विनीत गुप्ता, श्रीमती शोभा राय, श्रीमती दीपाली गुप्ता, श्रीमती हेमा सोनी, श्रीमती माही तिवारी, श्रीमती रोशनी सोनी, श्रीमती श्रुति चौदहा, श्रीमती श्वेता पाठक, श्रीमती अन्नू सरावगी, श्रीमती रीना कुचिया, श्रीमती वाणी गट्टानी, श्रीमती तनु गुप्ता, श्रीमती रतन, श्रीमती सोनिया आदि प्रमुख महिलाओं की उपस्थित रही।


### कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

क्रमांक 397/ निर्माण/न.पा.नि./2025 — रीवा दिनांक 28/03/2025

**अनाधिकृत कालोनी विकास के संबंध में सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम रीवा द्वारा अनाधिकृत रूप से नियमित की जा रही अवैध कालोनियों के विरूद्ध म.प्र. नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 में वर्णित प्रावधान कण्डिका 22 के तहत अवैध कालोनी निर्माणकर्ता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा रही है। अत: निम्न अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनियों में क्रय किये गये भूखण्ड, कोई अन्तरण हेतु किसी भी प्रकार का करारनामा शून्य होगा। निम्न भूखडों में कोई क्रय/विक्रय किया जाना दण्डनीय अपराध माना जावेगा।

| क्र. | वार्ड क्र./मोहल्ला | अवैध कालोनाइजर का नाम/पता | ग्राम/पटवारी /तहसील/हल्का | आराजी नं. | कुल रकवा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 04 चोरहटा | 1. श्री शेष कुमार पिता केशव प्रसाद 2. श्री बांके लाल पिता केशव प्रसाद 3. श्रीमती लीला पत्नी श्री लालमणि द्विवेदी पता– ग्राम पडरा सुआरन टोला रीवा (म.प्र.)। | चोरहटा पटवारी हल्का चोरहटा हुजूर नगर | खसरा क्र. 767 (S) जुज रकवा 0.3840 हे. खसरा क्र. 770/1(S) जुज रकवा 0.254 हे. खसरा क्र. 771(S) जुज रकवा 0.2060 हे. | जुज रकवा 0.844 हे। |

उपरोक्तानुसार सर्व साधारण एवं भूमि स्वामी अवगत होकर सूचित हों।

कार्यपालन यंत्री
हेतु आयुक्त
नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र)



### कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

क्रमांक299/ निर्माण/न.पा.नि./2025 — रीवा दिनांक 28/03/2025

**अनाधिकृत कालोनी विकास के संबंध में सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम रीवा द्वारा अनाधिकृत रूप से नियमित की जा रही अवैध कालोनियों के विरूद्ध म.प्र. नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 में वर्णित प्रावधान कण्डिका 22 के तहत अवैध कालोनी निर्माणकर्ता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा रही है। अत: निम्न अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनियों में क्रय किये गये भूखण्ड, कोई अन्तरण हेतु किसी भी प्रकार का करारनामा शून्य होगा। निम्न भूखडों में कोई क्रय/विक्रय किया जाना दण्डनीय अपराध माना जावेगा।

| क्र. | वार्ड क्र./मोहल्ला | अवैध कालोनाइजर का नाम/पता | ग्राम/पटवारी /तहसील/हल्का | आराजी नं. | कुल रकवा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 04 चोरहटा | 1. श्री रोहणी सिंह पिता श्री राजरूप सिंह 2. श्रीमती पूजा मिश्रा पत्नी श्री प्रमोद मिश्रा 3. श्री संजीव कुमार मिश्रा पिता रामायण मिश्रा 4. श्री नागेन्द्र श्रीवास्तव पिता तारकेश्वरलाल श्रीवास्तव 5. श्रीमती ऑचल खरे पुत्री राजीव खरे 6. श्री राजराखन तिवारी पिता अर्जुन सिंह तिवारी 7. श्रीमती सपना तिवारी पत्नी राजराखन तिवारी 8. श्रीमती माया अग्निहोत्री श्री उमांशकर अग्निहोत्री। पता– ग्राम चोरहटा तहसील हुजूर रीवा (म.प्र.) | चोरहटा पटवारी हल्का चोरहटा हुजूर नगर | खसरा क्र. 714/1/1 (S) 0.2640 | जुज रकवा 0.2640 हे. |

उपरोक्तानुसार सर्व साधारण एवं भूमि स्वामी अवगत होकर सूचित हों।

कार्यपालन यंत्री
हेतु आयुक्त
नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र)



### न्यायालय द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश महोदय कनिष्ठ खण्ड मऊगंज जिला रीवा (म.प्र.)

व्यवहार वाद क्र. –आर.सी.एस.ए./94/2018
मऊगंज दिनांक– 28.03.2025
प्रोसेस क्रमांक: 643/2025
आर.सी.एस.ए./94/2018
पेशी दिनांक 29.04.2025

रामविशाल तिवारी बगैरह निवासी ग्राम उमरिया ब्योहरियान थाना व तहसील नईगढ़ी जिला मऊगंज (म.प्र.) .......वादीगण

बनाम

लक्ष्मण प्रसाद तिवारी एवं अन्य निवासी ग्राम उमरिया ब्योहरियान थाना व तहसील नईगढी जिला मऊगंज (म.प्र.) ........प्रतिवादीगण

वादीगण रामविशाल तिवारी बगैरह द्वारा प्रकाशन हेतु न्यायालय मे निवेदन किया गया है, जिसकी सुनवाई तारीख 29.04.2025 को 11:00 बजे दिन होगी, यदि उक्त दिन अवकाश घोषित हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस मे कार्यवाही होगी। नोटिस के माध्यम से प्रतिवादीगण क्रमशः 1– मकसूदन पाण्डेय पिता नन्द कुमार पाण्डेय 2– शत्रुसूदन पाण्डेय पिता नन्द कुमार पाण्डेय 3– कुशुमकली पुत्री नन्द कुमार पाण्डेय 4– पदमावती पुत्री नन्द कुमार पाण्डेय 5– कलावती पुत्री नन्द कुमार पाण्डेय 6– सरोज पाण्डेय पति रिपुसूदन पाण्डेय 7– जगदम्बा पाण्डेय पिता रिपुसूदन पाण्डेय 8– अम्बिका पाण्डेय पिता रिपुसूदन पाण्डेय 9– ज्योत्सना पुत्री स्व. रिपुसूदन पाण्डेय सभी निवासी ग्राम सूजी, पो. सूजी तहसील व जिला मऊगंज म.प्र., 10– सुशीला पुत्री स्व. रामकृपाल तिवारी निवासी ग्राम तिवरिगवॉ पो. देवतालाब तहसील नईगढ़ी जिला मऊगंज (म.प्र.) 11– श्रीमती परान पत्नी स्व. शोभनाथ मिश्र ग्राम डिलहा पो. खर्रा तहसील नईगढी जिला मऊगंज (म.प्र.) 12 श्रीमती घुनघुन पत्नी नागेश्वर प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम व पो. मनकहरी तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) को सूचित किया जाता है कि यदि मैं पेशी दिनांक 29.04.2025 को न्यायालय मे स्वयं, अभिकर्ता या अधिवक्ता के माध्यम से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। न्यायालय मे उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत न करने की स्थिति मे एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 28.03.2025 को न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

पद मुद्रा
ओशी जैन
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ खण्ड
मऊगंज, जिला रीवा (म.प्र.)
RN-80798



### न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला रीवा (म0प्र0)

प्रकरण क्रमांक –0294 /अपील/2022–23
रीवा दिनांक 26/03/2025

01. मानवती पुत्री स्व. वैद्यनाथ प्रसाद पत्नी स्व. मोहनलाल मिश्रा उम्र 75 वर्ष निवासी बोदा तहसील हुजूर, जिला रीवा (म.प्र.) 02. चन्द्रवती पुत्री स्व. वैद्यनाथ प्रसाद पत्नी स्व. रामाधार शर्मा उम्र 72 वर्ष निवासी सुन्दर नगर रीवा, तहसील हुजूर, जिला रीवा (म.प्र.) 03. निर्मला पुत्री स्व. वैद्यनाथ प्रसाद पत्नी नन्द कुमार मिश्रा उम्र 62 वर्ष निवासी बोदा तहसील हुजूर, जिला रीवा (म.प्र.) 04. रत्ना पत्नी प्रेमसागर शुक्ला उम्र 45 वर्ष निवासी सुन्दर नगर रीवा, तहसील हुजूर, जिला रीवा (म.प्र.) 05. तनुजा पत्नी मकरध्वज शुक्ला उम्र 42 वर्ष निवासी सुन्दर नगर रीवा, तहसील हुजूर, जिला रीवा (म.प्र.) 06. रत्नेश पाण्डेय तनय स्व. भरत प्रसाद पाण्डेय उम्र 40 वर्ष निवासी सुन्दर नगर रीवा, तहसील हुजूर, जिला रीवा (म.प्र.) ....................अपीलार्थीगण।

बनाम

01. रमाशंकर तिवारी तनय स्व. श्यामधर तिवारी निवासी ग्राम टोल, तहसील हनुमना, जिला रीवा (म.प्र.) 02. नरेश प्रसाद पाण्डेय तनय स्व. भैयालाल पाण्डेय (मृत) वारिसान –
a) उमेश पाण्डेय तनय स्व. नरेश पाण्डेय
b) राकेश पाण्डेय तनय स्व. नरेश पाण्डेय
c) बृजेश पाण्डेय तनय स्व. नरेश पाण्डेय
d) नीशा पाण्डेय पुत्री स्व. नरेश पाण्डेय सभी निवासी अजगरहा तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) 03. गणेश प्रसाद पाण्डेय तनय स्व. भैयालाल पाण्डेय निवासी ग्राम अजगरहा, तहसील हुजूर, जिला रीवा (म.प्र.) 04. महेश प्रसाद पाण्डेय तनय स्व. भैयालाल पाण्डेय निवासी ग्राम अजगरहा, तहसील हुजूर, जिला रीवा (म.प्र.) 05. जुगरेश पाण्डेय तनय स्व. भैयालाल पाण्डेय निवासी ग्राम अजगरहा, तहसील हुजूर, जिला रीवा (म.प्र.) 06. कमलेश पाण्डेय तनय स्व. भैयालाल पाण्डेय निवासी ग्राम अजगरहा, तहसील हुजूर, जिला रीवा (म.प्र.) 07. संतोष कुमार पाण्डेय तनय स्व. रामायण प्रसाद पाण्डेय निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी बोदाबाग रीवा, जिला रीवा (म.प्र.) 08. अशोक कुमार पाण्डेय तनय स्व. रामायण प्रसाद पाण्डेय निवासी अमहिया रीवा, तहसील हुजूर, जिला रीवा (म.प्र.) 09. प्रभात पाण्डेय तनय स्व. रामायण प्रसाद पाण्डेय निवासी ग्राम देकहा, तहसील हुजूर, जिला रीवा (म.प्र.) 10. श्रीमती शोभा पाण्डेय पत्नी विष्णु प्रसाद पाण्डेय पंजाब नेशनल बैंक के सामने कॉलेज रोड रीवा, जिला रीवा (म.प्र.) 11. बेवा पत्नी स्व. श्री बाल्मीक पाण्डेय निवासी ढेकहा रीवा (म.प्र.) 12. सुलभ पाण्डेय तनय स्व. श्री बाल्मीक पाण्डेय निवासी ढेकहा रीवा, तहसील हुजूर, जिला रीवा (म.प्र.) 13. सौरभ पाण्डेय तनय स्व. श्री बाल्मीक पाण्डेय निवासी ढेकहा, तहसील हजूर, जिला रीवा (म.प्र.)
.............उत्तरवादीगण

//आम इश्तहार//

उत्तरवादीगण क्रमांक 01 ता 13 को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी मानवती पुत्री स्व. वैद्यनाथ प्रसाद पत्नी स्व. मोहनलाल मिश्रा वगै. उम्र 75 वर्ष निवासी बोदा तहसील हुजूर, जिला रीवा (म.प्र.) के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी तहसील हुजूर जिला रीवा मध्यप्रदेश के राजस्व प्रकरण क्रमांक 1005/बी–121/2019–20 आदेश दिनांक 29.07.2022 के आदेश के विरूद्ध मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 (1) के तहत अपील प्रस्तुत की गई है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 23.04.2025 को पेशी नियत है। अत: उत्तरवादीगण क्रमांक 01 ता 13 को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण की पेशी दिनांक 23.04.2025 को समय 11:00 बजे दिन स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की सुनवाई की कार्यवाही में भाग लें, उत्तरवादीगण के उक्त दिनांक एवं समय में अनुपस्थित रहने पर उत्तरवादीगणों के विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अपर कलेक्टर
जिला–रीवा (म.प्र.)
RN- 80799



### न्यायालय कलेक्टर जिला मऊगंज

Email ID : dm-mauganj@nic.in
फोन : 07363297934
प्र.क्र./00015/पुर्नविलोकन/2024-25
मऊगंज दिनांक : 17.3.2025

पूजा तिवारी पति मनीष कुमार तिवारी उम्र 36 निवासी ग्राम घुरेहटा वार्ड क्र. 12 मऊगंज थाना व तहसील मऊगंज जिला-मऊगंज (म.प्र.) .....**आवेदिका**

**बनाम**

1. चंद्रकली उम्र 65 वर्ष 2. माला देवी उम्र 62 वर्ष 3. प्रभा देवी उम्र 60 वर्ष 4. मुन्नी देवी उम्र 56 वर्ष अना. 1ता.4 के पिता रामस्वरूप दुबे 5. अजय पाण्डेय उम्र 44 वर्ष 6. दिलीप पाण्डेय उम्र 42 वर्ष 7. प्रदीप पाण्डेय उम्र 38 वर्ष 8. चंद्रिका पाण्डेय उम्र 36 वर्ष 9. संदीप पाण्डेय उम्र 32 वर्ष अना. 5 ता 9 सभी के पिता स्व. ललन प्रसाद पाण्डेय, माता विनयवती पाण्डेय 10. जवाहर लाल तिवारी पिता जमुना प्रसाद तिवारी उम्र 78 वर्ष 11. मिथिला प्रसाद पिता अयोध्या प्रसाद। अनावेदक गण 1 ता 11 सभी निवासी ग्राम घुरेहटा तहसील मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.) ....**अनावेदकगण**

**आम इश्तहार**

अनावेदक क्र. 1 ता 11 को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पूजा तिवारी पत्नी मनीष कुमार तिवारी उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम घुरेहटा वार्ड क्र. 12 थाना व तहसील मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.) ने पुनराविलोकन आवेदन म.प्र. भू.रा.सं. के तहत प्रस्तुत की है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 24.04.2025 को नियत है। अत: अनावेदक क्र. 01 ता 11 को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण की पेशी दिनांक 24.04.2025 को समय 3.00 बजे दिन स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की सुनवाई की कार्यवाही में भाग लें। नियत कार्य दिवस में अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवस में उपस्थित होवे। अनावेदकगण के उक्त दिनांक एवं समय में अनुपस्थित रहने पर अनावेदकगणों के विरुद्ध प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

प्रभारी अधिकारी
न्यायालय कलेक्टर
जिला मऊगंज (म.प्र.)
आर.एन. 80800



### सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



### लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944



### जमीन बेचना है

ग्राम ककलपुर तह. रामपुर बघेलान जिला सतना 89 डिसमिल (38,768.4 स्क्वायर वर्ग फिट लगभग) आवासीय एवं व्यावसायिक के लिए संपर्क कर सकते हैं।
**सम्पर्क करें :-** 9926939282, 9179430961, 8770156819
आर.एन. 82030(2/4)



### बेचना है

2 मंजिला मकान, उत्तरमुखी, सर्वसुविधायुक्त बेचना है। प्लॉट एरिया 1600 स्क्वायर फिट, सुपर बिल्डअप एरिया 3,000 स्क्वायर फिट, 11 कमरे, 4 लैट बाथ, 2 किचन, बालकनी, कार पार्किंग, बिजली, 24 घंटे पानी, अंडरग्राउण्ड वाटर टैंक, **लोकेशन:** पद्मधर कॉलोनी, ढेकहा, रीवा। **कीमत :** 73 लाख रुपए।
**सम्पर्क :** 9171155750
आर.एन. 80796(7/4)

# मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में प्राप्त 59 आवेदनों की हुई सुनवाई

**जागरण, डिंडोरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने आज मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी। आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं से संबंधित 59 आवेदन प्रस्तुत किये गए जिनका त्वरित निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया उनके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई। आज जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर श्री रामबाबू देंवागन सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



जनसुनवाई में आज ग्राम पंचायत बुलदा मढ़ियाटोला के ग्रामीणों द्वारा आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि ग्राम पंचायत बुलदा पोषक ग्राम अमरपुर मढ़ियाटोला में पानी की समस्या के बारे में अवगत कराया और पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने उक्त आवेदन पर कार्यवाही करते हुए पेयजल समस्या का तत्काल निराकरण करने के लिए कार्यपालन यंत्री पीएचई को निर्देशित किए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत साम्हर के बैगानटोला के समस्त ग्रामवासी ने बताया की ग्राम पंचायत साम्हर का बैगनटोला पूरा बैगा जनजाति का टोला है, बैगानटोला मे हमेशा पेयजल की समस्या बनी रहती है। गांव में दो हैंडपंप है लेकिन दोनों हैंडपंप की गहराई कम होने के कारण जलस्तर की समस्या आ जाती है जिसके कारण ग्रामवासियों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ता है। ग्राम पंचायत चांदरानी विकासखंड समनापुर के आवेदक रामशंकर सिंह ने बताया कि उनके मोहल्ले में 1 किलोमीटर तक पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पाता, उन्होनें पेयजल हेतु हैंडपंप खनन कराने की मांग की। आवेदक प्रीतम सिंह निवासी वार्ड क्र. 11, पुरानी डिंडोरी ने शासकीय नाला भूमि पर अतिक्रमण करने की शिकायत की है। शिकायत में बताया कि लाला सोनवानी द्वारा जेसीबी मशीन का उपयोग कर अवैध कब्जा किया गया है, जिससे नाले का प्राकृतिक प्रवाह बाधित हो रहा है। आवेदक ने अवैध कब्जे को हटाकर नाले की भूमि को मुक्त कराए जाने की मांग की है। ग्राम भालूचूहा निवासी आवेदक श्री उदय सिंह मरावी ने आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि 24 नवंबर 2024 को उसके घर में आग लग जाने से घरेलू सामग्री जल गई, जिसकी क्षतिपूर्ति हेतु मुआवजा राशि दिलाए जाने की मांग की है। आवेदक नीरज कुमार गुप्ता निवासी ग्राम अमेरा ने सड़क निर्माण कार्य से जुड़ी समस्या को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सड़क निर्माण कार्य के दौरान नाली का समुचित प्रबंधन नहीं किया गया। आवेदक ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क निर्माण में तकनीकी खामियों को दूर कर उचित समाधान निकाला जाए, ताकि निवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का प्राथमिकता से निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया। साथ ही आवेदनों का निराकरण कर आवेदकों को सूचित करने को कहा।

जनसुनवाई में आज राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित पेयजल, भूमि सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, उपचार सहायता आदि के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए।

# चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत

**जागरण, डिंडौरी।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डिंडौरी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रकरण पर कार्रवाई करते हुए 4-4 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के मुताबिक श्री राकेश सिंह उईके पिता श्री रतुपाल सिंह उईके निवासी ग्राम लुगदरा माल की तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिसान पिता रतुपाल सिंह उईके को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। मृतक राकेश सिंह उईके की मृत्यु 29 मई 2024 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार मृतक श्री राजेश पिता गिरवर सिंह निवासी ग्राम घुसिया माल की नदी के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिसान पिता गिरवर सिंह को 4 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की है। मृतक राजेश की मृत्यु 28 मई 2024 को नदी के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। मृतक श्री अंशुल पिता राम सिंह निवासी ग्राम बीजा की टंकी के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिसान पिता राम सिंह को 4 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की है। मृतक अंशुल की मृत्यु 01 जून 2024 को टंकी के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार मृतक श्री भुख्खी बाई पति भूरा निवासी ग्राम नुनखान की कुंआ के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिसान पति भूरा यादव को 4 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की है। मृतक भुख्खी बाई की मृत्यु 28 अगस्त 2024 को कुंआ के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी।

## ओआईसी मोहम्मद शाकिर खान ने विकासखंड शहपुरा के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया



**डिंडोरी।** विद्यालय प्रवेश उत्सव के पहले दिन ओआईसी श्री मोहम्मद शाकिर खान ने विकासखंड-शहपुरा के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया और शैक्षणिक संसाधनों की गुणवत्ता की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को पुस्तकें वितरित कर शिक्षा के प्रति समर्पण भावना रखने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान श्री खान ने अंग्रेजी माध्यम आश्रम शाला, शहपुरा और माध्यमिक विद्यालय, गौरैया के बेहतर प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए बीआरसी एवं शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर जनशिक्षक श्री अश्विनी साहू, श्री कृपाल सिंह मार्को, श्री संजय कुमार साहू, सक्षम प्रभारी श्री महाराणा प्रताप सिंह, श्री उमेश वर्मा उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु प्रतिबद्धता दोहराई। विद्यालय प्रवेश उत्सव के तहत इस प्रकार के निरीक्षण और प्रेरणादायक गतिविधियाँ शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होंगी।

# दिव्यांगों एवं वरिष्ठजनों के चिन्हांकन के लिए टाऊन हॉल में लगाया गया शिविर




**जागरण, मंडला ।** भारत सरकार की एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजनांतर्गत पात्र दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण प्रदाय किये जाने के लिए चिन्हांकित करने नगरपालिका टाऊनहॉल में शिविर आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने शिविर का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने पंजीयन एवं एमिल्को के चिकित्सकों से शिविर के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिये। आज शिविर में एडिप योजनांतर्गत दिव्यांगजनों का बैटरीचलित ट्राईसिकल, श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर, ट्राईसिकल तथा बैसाखी के लिए कुल 39 विकलांगजनों का 62 सहायक उपकरणों के लिए चिन्हांकन किया गया। इसी प्रकार वयोश्री योजनांतर्गत श्रवण यंत्र, छड़ी तथा व्हीलचेयर के लिए 11 वरिष्ठजनों का 57 सहायक उपकरण हेतु चिन्हांकन किया गया है। साथ ही 9 आवेदकों को विकलांगता प्रमाण पत्र भी जारी किए गये।

**नैनपुर में आज आयोजित होगा शिविर :** एडिप तथा राष्ट्रीय वयोश्री योजनांतर्गत पात्र दिव्यांगों एवं वरिष्ठजनों के चिन्हांकन के लिए जनपद पंचायत नैनपुर में परीक्षण शिविर का आयोजन आज 2 अप्रैल को किया जायेगा। शिविर में नैनपुर नगरीय निकाय एवं नैनपुर जनपद पंचायत क्षेत्र के पात्र विकलांग एवं वरिष्ठजन आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना परीक्षण करा सकते हैं। साथ ही मंडला के शिविर में शामिल नहीं हो सके पात्रजन भी नैनपुर शिविर में उपस्थित होकर अपना परीक्षण करा सकते हैं।

# शासकीय परिसर में गंदगी करने पर कार्यवाही

**मंडला ।** जिला योजना भवन के परिसर में आज नवीन ट्रेवल्स बस को शासकीय परिसर में गंदगी करते हुए पाया गया, जिसके बाद कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बस को जब्त कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस क्रमांक सीजी 07 सीडब्ल्यू 9909 को बस के क्लीनर द्वारा जिला योजना भवन के सामने स्थित हेंडपंप के पानी से धुलाई करते हुए पाया गया। इस पर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि तत्काल बस जप्ती की कार्यवाही करें। बस को जप्त कर थाना कोतवाली मंडला के सुपुर्द कर दिया गया है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह एसडीएम सोनल सिडाम सहित संबंधित उपस्थित थे।

# विद्यार्थी परिषद ने आंदोलन कर अमल ज्योति विद्यालय महाराजपुर का किया घेराव






**जागरण, मंडला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंडला नगर के द्वारा मंगलवार को अमल ज्योति विद्यालय में आंदोलन कर विद्यालय का घेराव किया विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने बताया कि दिनांक 27 मार्च 2025 को बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम द्वारा अमल ज्योति हायर सेकेंडरी विद्यालय, महाराजपुर का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में निम्नलिखित गंभीर अनियमितताएँ पाई गईं विद्यालय की पुस्तकालय में ईसाई धर्म विशेष की कई पुस्तकें पाई गईं, जो अप्रत्यक्ष रूप से धर्मांतरण की आशंका उत्पन्न करती हैं। रामायण ग्रंथ जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पाया गया, जिससे हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएँ आहत हुई हैं विद्यालय में विद्यार्थियों से अनावश्यक और मनमानी फीस वसूली की जा रही है। इन सभी विषयों को लेकर विद्यार्थी परिषद ने आज लगभग 4 घंटे विद्यालय के सामने विद्यालय प्रशासन से रामायण ग्रंथ के विषय में माफ़ी मांगने हेतु प्रदर्शन किया जिसके बाद विद्यालय प्रशासन ने माफ़ी मांगी। इसके बाद स्छरू को मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें अमल ज्योति विद्यालय, महाराजपुर की मान्यता तत्काल समाप्त की जाए।विद्यालय में अप्रत्यक्ष रूप से धर्मांतरण की गहन जाँच कर दोषियों पर उचित कार्यवाही की जाए।विद्यालय के संपूर्ण वित्तीय लेन-देन की जाँच कर विद्यार्थियों से वसूली गई अवैध फीस अभिभावकों को लौटाई जाए। साथ की थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन में मांग की गई कि विद्यालय संचालक के ऊपर प्राथमिकी दर्ज की जाए। विद्यार्थी परिषद ने प्रशाशन से 7 दिवस की अंदर कार्यवाही की बात कही है अन्यथा उग्र रूप से प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

**साइन फॉर इंडिया वि ?यालय युटास की मान्यता समाप्त कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग को लेकर भी कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन :** इस विषय को लेकर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने बताया कि बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने साइन फॉर इंडिया विद्यालय का निरीक्षण किया जिसमें वि ?यालय में भोले वाले आदिवासी छात्राओं को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करना पाया गया सबसे बड़ा विषय यह है कि यहां आदिवासी बच्चों के साथ-साथ बैगा जनजाति बच्चों को भी कन्वर्ट किया जा चुका है बिना माता-पिता के अनुमति के इनको प्रार्थना कराई जाती है एवं उनके स्कूल फॉर्म में भी क्रिश्चियन रिलिजन लिखा गया है ।

# सीएम राइस विद्यालय धनुवॉसागर डिंडोरी में धूमधाम से मनाया गया प्रवेश उत्सव



**डिंडोरी।** आज दिनांक 1 अप्रैल 2025 को शासन के निर्देशानुसार सीएम राइस धनवॉसागर में हर्षोल्लास के साथ प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के साथ-साथ उनके अभिभावक एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों की सहभागिता रही, विद्यालय के प्राचार्य श्री जे एस मरकाम एवं शिक्षकों के द्वारा बच्चों का तिलक वंदन कर सर्वप्रथम स्वागत किया गया इसके पश्चात मां सरस्वती की पूजन वंदन के साथ प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के साथ साथ अभिभावकों ने भी सहभागिता प्रदान की, वहीं शाला के प्राचार्य जेएस मरकाम द्वारा बच्चों को शाला से संबंधित दिशा निर्देश देते हुए अन्य जानकारियां दी गई, जिसके पश्चात पुस्तक वितरण कर छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की गई। वहीं शाला के शिक्षकों द्वारा बच्चों का मुंह मीठा कराते हुए उन्हें टॉफी वितरित की गई। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वन में डॉ. श्रीमती कंचन बर्मन, श्रीमती रूप सिंह कुमारी नम्रता लोमेश, श्री गणेश प्रसाद उईके, श्री अनिल कुमार श्याम, महिताब सिंह धुर्वे, विनय बिल्थरे, अवधेश गवले, श्रीमती क्षमा पांडे, सौरभ यादव, श्री लक्ष्मण भवेदी समेत शिक्षकों के साथ साथ शाला का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा। और सभी के सराहनीय सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

# सीएम हेल्पलाइन एवं समाधान ऑनलाइन के प्रकरणों को गंभीरता से लें : कलेक्टर

**जागरण, मंडला।** जिला योजना भवन में आयोजित समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा कि सीएम हेल्पलाईन एवं समाधान ऑनलाईन के प्रकरणों को गंभीरता से लें। समाधान में 883 शिकायते हैं, इन्हें सप्ताह के अंत तक निराकृत करना सुनिश्चित करें। सभी विभाग शिकायतों की संख्या के आधार पर दैनिक लक्ष्य तय करें और प्रतिदिन फॉलोअप लें। उच्च न्यायालय के अवमानना प्रकरणों के संबंध में उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण का कम्पलाईस कराएं तथा उसकी एक प्रति कलेक्ट्रेट में जमा कराएं। संबंधित अधिकारी उच्च न्यायालय से संबंधित प्रकरणों की प्रतिदिन समीक्षा करें। पेयजल के संबंध में कलेक्टर ने कहा कि समस्त एसडीएम फील्ड विजिट के दौरान पेयजल सप्लाई को प्राथमिकता से देखें। ग्रीष्मकाल में यह शासन की प्राथमिकता है। पेयजल संबंधी किसी भी शिकायत का 24 घंटे के भीतर निराकरण सुनिश्चित करें। रबी फसल के उपार्जन के संबंध में समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि सभी केन्द्रों को ऑनलाईन कराएं। मौसम को देखते हुए उपार्जन केन्द्रों में तिरपाल आदि की पर्याप्त व्यवस्था रखवाएं। सभी एसडीएम एवं तहसीलदार उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करें। किसानों द्वारा विक्रय हेतु लाए जा रहे गेहूँ के सेम्पल किसानवार सुरक्षित करें। जिन किसानों के सेम्पल सर्वेयर द्वारा रिजेक्ट किये जाते हैं उनकी टेस्टिंग कराएं। नॉन एफएक्यू वाला गेहूँ किसी भी स्थिति में उपार्जित नहीं किया जाये। धरती आबा के विषय में उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित विभाग इस विषय की समस्त जानकारी समय पर एसी ट्राईबल को उपलब्ध कराएं। ई-ऑफिस प्रणाली के संबंध में उन्होंने निर्देशित किया कि जिन विभागों की फाईलों और पृष्ठ की संख्या अभी तक जिला सूचना अधिकारी को नहीं दी गई है वे बुधवार शाम 5 बजे तक अनिवार्य रूप से जानकारी उपलब्ध कराएं।


## कार्यालय अधीक्षक सब जेल ब्यौहारी जिला शहडोल म0प्र0

(ई निविदा सूचना द्वितीय बार वार्षिक ई निविदा आमन्त्रण वर्ष 2025-26)

सब जेल ब्यौहारी में परिरूद्व बंदियों के लिए लगने वाले खाद्य सामग्रियों,सब्जी,दवाईयों एवं अन्य सामग्रियो के कय करने के लिए द्वितीय बार वार्षिक ई निविदा आमन्त्रण वर्ष 2025-26 www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है इच्छुक व्यापारीगण निविदा फार्म एवं निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी बेबसाइट से प्राप्त करें। विवरण निम्नानुसार है-

| क. | विवरण | दिनांक | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | ई निविदा फार्म कय करने की अंतिम तिथि निविदा फार्म का मूल्य 5 लाख तक की निविदा हेतु 500/-रूपये तथा 5 लाख से अधिक की निविदा हेतु 1000/-रूपये प्रति फार्म राशि ऑनलाईन लेखा शीर्ष 0056 जेले 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी। | 12/05/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.inपर प्राप्त की जा सकती हैं। |
| 2 | ई निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 13/05/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.inपर प्राप्त की जा सकती हैं। |
| 3 | दस्तावेजों की हार्डकॉपी/ई.एम.डी.एवं सेम्पल जमा करने की अंतिम तिथि | 14/05/2025 सायं 05:00 बजे तक | सब जेल ब्यौहारी |
| 4 | तकनीकी निविदा एवं वित्तीय ई- निविदा खोलने की तिथि | 15/05/2025 दोपहर 01:00 बजे | सब जेल ब्यौहारी |

संबंधित व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि ई-निविदा में ब्राण्ड नाम एवं 03 प्रतिशत का उल्लेख शर्त अनुरूप किया जावे।निविदा फार्म उपर दर्शित वेबसाइट पर आनलाइन सिस्टम केडिट कार्ड या आनलाइन पेमेन्ट कर कय किये जा सकते है। निविदा एवं उससे संबंधित समस्त जानकारी उपर दर्शायी गई वेबसाइट पर देखें।

G-11029/25

सहायक जेल अधीक्षक
सब जेल ब्यौहारी
जिला-शहडोल (म.प्र.)


# जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रति जागरुकता पैदा करने आयोजित किये गए जल संवाद कार्यक्रम




**डिंडोरी ।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरूप प्रदेश भर में 30 मार्च से चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जलस्त्रोतों के सरंक्षण और जल संवर्धन की कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जन सहयोग से व अभियान परिषद द्वारा जिले के विभिन्न प्रस्फुटन ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्र में सामाजिक कार्यकर्ताओं, मेंटर्स, नवांकुर संस्थाओं, स्वैच्छिक संगठनों, प्रस्फुटन समितियों, समुदायिक नेतृत्व पाठ्यक्रम के छात्रों की सक्रिय सहभागिता से जल संरक्षण के विविध आयामों पर कार्य किया जा रहा है। जिसमें लोगों द्वारा श्रमदान कर जल स्त्रोतों की सफाई एवं गहरीकरण के कार्य, मध्यप्रदेश की जीवन रेखा नर्मदा के तटों पर सामाजिक संगठनों के सहयोग से साफ-सफाई के कार्य शामिल हैं। इसके साथ ही जन सहभागिता से जल संरक्षण हेतु नवीन संरचनाओं जैसे सोख्ता गड्ढों का निर्माण जैसे कार्य भी जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किये जा रहे हैं। उक्त जल संरक्षण के कार्यों में अभियान को सफल बनाने जनप्रतिनिधि भी शामिल हो रहे हैं, जो आम नागरिकों के साथ मिलकर जल स्त्रोतों की सफाई कर रहे हैं। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रति जागरूकता पैदा करने आयोजित किये गए जल संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

# जनपद पंचायत मंडला अंतर्गत ग्राम फूलसागर मे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चेक डैम, कूपों का जीर्णोद्धार

**मंडला ।** जनपद पंचायत मंडला के अंतर्गत ग्राम पंचायत फूलसागर में जनपद स्तरीय जल गंगा जल संवर्धन अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना और ग्रामीणों को जल संवर्धन के कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। एस डी ओ आदित्य पाण्डेय ने जल संवर्धन और जल संरक्षण के अंतर्गत किए जाने वाले विभिन्न कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को जल के महत्व से अवगत कराया और उन्हें इन कार्यों में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने भी जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और अभियान को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। क्षेत्र में कूप मरम्मत का कार्य किया गया।


## कार्यालय वन मण्डलाधिकारी वनमण्डल अनूपपुर
## जिला- अनूपपुर 484224 (म.प्र.)

PHONE ☎-07659-222038 MAIL-dfotanppur@mp.gov.in

खंड -I

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

मध्य प्रदेश शासन

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी वनमण्डल अनूपपुर, मध्यप्रदेश

ई निविदा आमंत्रण सूचना- संख्या - 2242 /ई-टेंडरिंग/2024-25 दिनांक 24.03.2025

वनमण्डलाधिकारी वनमण्डल अनूपपुर द्वारा मप्र भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित-2022) के नियमों के अन्तर्गत वन मण्डल अनूपपुर अंतर्गत वानिकी कार्यो एवं निर्माण कार्यो में उपयोग हेतु सामग्री की आवश्यकता है। सामग्री प्रदाय करने हेतु एम0 पी0 ई-टेन्डरिंग पद्धति के माध्यम से ऑनलाईन पोर्टल https/mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु सामग्री का विवरण एवं स्पेशिफिकेशन निम्नानुसार है :-

1.

| क्रमांक | समाग्री का विवरण | सत्यंकार राशि | निविदा दस्तावेज का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | Chain Link Fence | 3,00,000.00 (Three lack Rupees Only) | 1000.00 (One Thousand Rupees Only) |

| S. No. | Product | PRODUCTSPECIFICATIONS | Unit | Quantity |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Chain Link Fence | GALVANIZED STEEL CHAIN LINK FENCE FABRIC SIZE – 100X100mm, 4 mm Dia Mesh Wire & 4.5 mm Dia Line Wires 2 nos. Upto 2mtr. width. | वर्ग मीटर | आवश्यकतानुसार |

- निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल / एम0पी0 ई-टेण्डर पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं।
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेजों को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल दिनांक 25.03.2025 समय 05:00 बजे से दिनांक 16.04.2025 को समय 12.00PM बजे तक ऑन लाईन खरीद सकते हैं।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी।
- निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो, केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।
- ई-खरीद पोर्टल :-https://www.mptenders.gov.in

(विपिन कुमार पटेल)
वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल अनूपपुर

G-11007/25



## कायालय जल अधाक्षक, कन्द्राय जल रावा (म०प्र०)
## तृतीय वार्षिक ई-निविदा आमंत्रण वर्ष 2024-25

केन्द्रीय जेल रीवा में स्थापित सोलर इलेक्ट्रिक फेंसिंग सिस्टम के रख-रखाव (ए.एम.सी.) के लिये तृतीय वार्षिक ई-निविदा 2025-26 हेतु www.mptenders.gov.in पर दिनांक- 22/04/2025 को सायं 05:00 तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यापारीगण ई-निविदा फार्म एवं ई-निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाईट से प्राप्त करें। विवरण निम्नानुसार है: -

| क्र. | विवरण | दिनांक/ समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री- बिड मीटिंग | 09/04/2025 प्रातः 11:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा(म०प्र०) |
| 2. | ई- निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रुपये 05.00 लाख तक रुपये 500.00 एवं रुपये 05.00 लाख से अधिक रुपये 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी।) | 21/04/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 3. | ई- निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 22/04/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 4. | तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि | 24/04/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 5. | वित्तीय ई- निविदा खोलने की तिथि | 28/04/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |

(सोलर इलेक्ट्रिक फेंसिंग सिस्टम मरम्मत)

| क्र. | उपकरण का नाम | अनुमानित राशि | 03% अमानत राशि | ई-निविदा समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | इलेक्ट्रिक सोलर फेंसिंग ऑल सिस्टम | 10,00,000.00 | 30,000.00 | एक वर्ष |

G-11038/25

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०)

दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com
रीवा 02 अप्रैल 2025 चैत्र शुक्ल 5 संवत 2082
संस्थापक ▶ गुरुदेव गुप्त



॥गीता॥

एतान्न हन्तुमिच्छामि घ्नतोऽपि मधुसूदन।
अपि त्रैलोक्यराज्यस्य हेतोः किं नु महीकृते॥

भावार्थ : हे मधुसूदन! मुझे मारने पर भी अथवा तीनों लोकों के राज्य के लिए भी में इन सबको मारना नहीं चाहता, फिर पृथ्वी के लिए तो कहना ही क्या है?

# पार्टी के महत्वपूर्ण फैसलों में सहजता के संकेत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपनी नागपुर यात्रा के दौरान हालांकि कई कार्यक्रमों में शिरकत की, लेकिन इस दौरे का सबसे खास पहलू था उनका संघ मुख्यालय जाना। नरेंद्र मोदी बतौर प्रधानमंत्री कभी वहां नहीं गए थे। उनसे पहले संघ मुख्यालय जाने वाले एकमात्र प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी रहे। वैसे तो पीएम मोदी संघ प्रचारक रहे हैं, संघ की सोच और उसके अजेंडा को लेकर उनका समर्पण संदेहों से परे रहा है, फिर भी कई वजहों से केंद्र सरकार और संघ के बीच रिश्तों में कथित रूप से थोड़ी असहजता देखी जा रही थी। पिछले साल बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकसभा चुनावों से पहले कहा था कि पार्टी अब इतनी समर्थ हो गई है कि उसे संघ के सहारे की जरूरत नहीं। इस बयान को भी दोनों के रिश्तों में असहजता से जोड़कर देखा गया। खैर, औपचारिक तौर पर संघ की कोई बीजेपी अध्यक्ष के इस बयान पर प्रतिक्रिया नहीं आई, लेकिन जब लोकसभा चुनावों में बीजेपी 'अबकी बार चार सौ पार' के दावों के बीच अपने दम पर बहुमत भी हासिल नहीं कर पाई तो माना गया कि संघ की कथित नाराजगी से उपजी उदासीनता की इसमें बड़ी भूमिका रही। इसके बाद हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में बीजेपी को मिली अप्रत्याशित सफलता को माना गया। अब पीएम मोदी की इस यात्रा ने रहा-सहा संदेह भी दूर करने का काम किया है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नागपुर यात्रा में संघ मुख्यालय जाना एक बड़ा कदम है। इससे उनके और संघ के बीच संबंधों में सुधार हुआ है। इस यात्रा से भविष्य में पार्टी और सरकार में महत्वपूर्ण फैसलों में सहजता और सामंजस्य आने की उम्मीद है।**

आरएसएस से बीजेपी के रिश्तों के संदर्भ से अलग हटकर देखें तो भारतीय राजनीति को प्रभावित करने वाले कुछ और अहम सवाल भी इस यात्रा से जोड़े जाते रहे हैं। पीएम मोदी की अगुआई में हिंदुत्व की राजनीति ने अपना जैसा विस्तार किया है, उसके मद्देनजर यह सवाल भी बहुतों के मन में उठने लगा है कि इस राजनीति के अगले चरण का नेतृत्व कौन करेगा। हालांकि बीजेपी यह स्पष्ट कर चुकी है कि मौजूदा कार्यकाल में बदलाव का सवाल ही नहीं उठता, फिर भी संघ प्रमुख और पीएम मोदी की यह करीबी इस बात का संकेत है कि भविष्य की दिशा तय करने का काम अब ज्यादा सहजता और सामंजस्य के साथ होगा।

## रंगभेद पर समाज को विमर्श करने की आवश्यकता

राष्ट्रीय

केरल की मुख्य सचिव शारदा मुरलीधरन ने कहा कि उन्हें काले रंग के कारण बार-बार अपमान सहना पड़ा है. उन्होंने कहा कि अनेक बार लोग उनकी तुलना उनके पति से करते हैं और कहते हैं कि शारदा उतनी ही काली हैं, जितने गोरे उनके पति वेणु हैं। किसी भी प्रदेश का मुख्य सचिव ब्यूरोक्रेसी में सबसे बड़ा पद होता है और हर प्रदेश के आइएएस का ख्वाब एक न एक दिन इस पद तक पहुंचने का होता है। आप इससे इस पद की अहमियत का अंदाजा लगा सकते हैं, लेकिन हाल में केरल की मुख्य सचिव ने जो कहा, वह अत्यंत चिंताजनक है और इस पर समाज को विमर्श करने की आवश्यकता है।

गौरतलब है कि केरल की मुख्य सचिव शारदा मुरलीधरन से पहले उनके पति डॉ वी वेणु केरल के मुख्य सचिव पद पर तैनात थे। शारदा मुरलीधरन ने बताया कि हाल ही में किसी ने उनके और उनके पति के बतौर मुख्य सचिव कार्यकाल की तुलना की थी और सार्वजनिक रूप से कहा था कि दोनों में अहम अंतर यह है कि शारदा मुरलीधरन काली हैं और उनके पति गोरे हैं।

इन टिप्पणियों से आहत शारदा ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कैसे काली होने के कारण उन्हें बचपन से ही अपमान सहना पड़ा है। दरअसल, शारदा मुरलीधरन ने पिछले सात महीनों से जब से अपने पति की जगह मुख्य सचिव का पद संभाला है, तब से ही दोनों के कार्यकाल की तुलनाओं का सिलसिला चल रहा है। वे कहती हैं कि वे इसकी अभ्यस्त हो गयी हैं, पर अब बात उनके रंग तक जा पहुंची है। लोग उनकी योग्यता से उनका आकलन नहीं कर रहे हैं, बल्कि उनके रंग से राय बना रहे हैं। उन्होंने कहा- हां मैं काली हूं। काला रंग सात गुना सुंदर है। काला वह है, जो काले काम करता है, न कि कोई रंग से काला है। काला रंग ब्रह्मांड का सर्वव्यापी सत्य है, फिर उसे बदनाम क्यों किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि काला रंग किसी भी चीज को अवशोषित कर सकता है, यह मानव जाति का सबसे शक्तिशाली ऊर्जा स्पंदन है।



**यह विडंबना है कि जिस देश में रंगभेद व नस्लभेद के खिलाफ संघर्ष के प्रणेता महात्मा गांधी ने जन्म लिया हो, उस समाज में रंगभेद की जड़ें इतनी गहरी हैं। केरल की मुख्य सचिव शारदा मुरलीधरन ने कहा कि उन्हें काले रंग के कारण बार-बार अपमान सहना पड़ा है।**

आशुतोष चतुर्वेदी

शारदा मुरलीधरन ने जब इस संबंध में सोशल मीडिया पर पोस्ट की, तब प्रतिक्रियाओं की जैसी बाढ़ आ गयी। इतनी प्रतिक्रियाएं आयीं कि उन्होंने इसे हटा दिया। बाद में उन्होंने इसे फिर से पोस्ट किया। शारदा मुरलीधरन ने लिखा- मैं इसे फिर से पोस्ट कर रही हूं, क्योंकि कुछ शुभचिंतकों ने मुझे बताया कि रंगभेद ऐसा विषय है, जिस पर समाज में विमर्श होना चाहिए।

भारत में भी रंगभेद की जड़ें बहुत गहरी हैं। हमारे समाज की धारणा है कि गोरा होना श्रेष्ठता की निशानी है और सांवला या काला व्यक्ति दोयम दर्जे का होता है। अगर आप गौर से देखें, तो काले लोगों को गोरा बना देने वाले अनेक उत्पाद आपको बाजार में दिख जायेंगे। दरअसल, भारतीय समाज ने सुंदरता का पैमाना गोरा रंग मान लिया है। स्थिति यह हो गयी है कि लड़की सांवली हुई, तो मां-बाप हीन भावना से ग्रसित हो जाते हैं।

रंगभेद का एक और उदाहरण हमारे सामने है। हमारे देश में अफ्रीकी देशों के लोगों को उनके रंग के कारण हिकारत की नजर से देखा जाता है। जब-तब किसी न किसी कारण अफ्रीकी छात्र को देश के किसी शहर में भी पीट दिया जाता हो।

राजधानी दिल्ली और कई अन्य शहरों में अफ्रीकी देशों के छात्र बड़ी संख्या में पढ़ने आते हैं। यह बात कोई दबी-छुपी नहीं है कि लोग उन्हें 'कालू' कह कर पुकारते हैं और हिकारत की नजर से देखते हैं। उनका काला रंग इस प्रकार के अपमानजनक बर्ताव का मूल कारण होता है। सरकारी स्तर पर अफ्रीकी देशों से भारत के रिश्ते अत्यंत घनिष्ठ हैं, लेकिन भारतीय जनता का अश्वेत लोगों से कोई लगाव नहीं है। अपने ही पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों को नाक-नक्शा भिन्न होने के कारण भेदभाव और अपमान का सामना करना पड़ता है।

कैरियर की शुरुआत में मुझे कई वर्ष ब्रिटेन में रहने और भारतवंशी समाज को करीब से देखने-समझने का मौका मिला। मैंने पाया कि वहां के भी भारतीय समाज में रंगभेद रचा-बसा है। वहां गोरी बहू तो स्वीकार्य है, लेकिन अश्वेत बहू उन्हें भी स्वीकार नहीं, जबकि अश्वेत उस समाज का अभिन्न अंग है। यह विडंबना नहीं तो और क्या है कि जिस देश में रंगभेद व नस्लभेद के खिलाफ संघर्ष के सबसे बड़े प्रणेता महात्मा गांधी ने जन्म लिया हो, उस समाज में रंगभेद की जड़ें इतनी गहरी हैं।

दक्षिण अफ्रीका के शहर पीटरमारित्जबर्ग के रेलवे स्टेशन पर 1893 में महात्मा गांधी के खिलाफ रंगभेद की घटना घटित हुई थी। इसी शहर के रेलवे स्टेशन पर एक गोरे सहयात्री ने रंगभेद के कारण मोहनदास करमचंद गांधी को धक्के देकर ट्रेन से बाहर फेंक दिया था। इस घटना ने मोहनदास करमचंद गांधी को आगे चल कर महात्मा गांधी बना दिया और रंगभेद के खिलाफ संघर्ष के लिए प्रेरित किया। देश में यह समस्या विकराल है। इसके खिलाफ सामाजिक अभियान चलाये जाने की जरूरत है।

## कोर्ट ने माना पेड़ों की अवैध कटाई हत्या के समान

प्रसंगवश

देश में लगातार जारी पेड़ों की अवैध कटाई के खिलाफ सख्त रवैया अख्तियार करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा है कि एक पेड़ का कटना इंसान की हत्या से भी बदतर है। कोर्ट ने आरोपी व्यक्ति को नये पौधे लगाने की अनुमति तो दी, लेकिन काटे गए 454 पेड़ों के बदले प्रति पेड़ एक लाख रुपये के हिसाब से लगाया जुर्माना कम करने से इनकार कर दिया। ऐसा कोर्ट ने अभियुक्त के गलती स्वीकारने और माफी मांगने के बावजूद किया। इसके जरिये कोर्ट ने साफ संदेश दिया कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों को कोई रियायत नहीं दी जाएगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने स्पष्ट संदेश दिया कि संबंधित प्राधिकारी की आज्ञा के बिना पेड़ काटने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

उल्लेखनीय है कि ताजमहल व अन्य पुरातात्विक इमारतों के संरक्षण के लिये बनाये गए ताज ट्रेपोजियम क्षेत्र में 454 पेड़ कटवा दिए गए थे। दरअसल, कोर्ट ने इस मामले में एमिकस क्यूरी के रूप में सहयोग कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एडीएन राव के इस सुझाव पर सहमति जतायी कि कोई कानून और पेड़ों को हल्के में न ले। वहीं जुर्माना लगाने के बाबत भी कोर्ट ने मानक तय किया कि इसमें किसी तरह रियायत नहीं दी जाएगी। कोर्ट ने इस बात को लेकर भी चिंता जतायी कि जो पेड़ काटे गए हैं, उसकी जगह नये पेड़ लगाने के बावजूद इसकी क्षतिपूर्ति में सौ साल लग जाएंगे।



**पेड़ों की अवैध कटाई के खिलाफ सख्त रवैया अख्तियार करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा है कि एक पेड़ का कटना इंसान की हत्या से भी बदतर है।**

उल्लेखनीय है कि पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील संरक्षित ताज ट्रेपोजियम क्षेत्र में अदालत ने पेड़ काटने पर वर्ष 2015 से ही प्रतिबंध लगा रखा था। इसके बावजूद अदालत की अनुमति के बिना सैकड़ों पेड़ काट डाले गए। जिसके बाद न्यायालय ने केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति यानी सीईसी की वह रिपोर्ट स्वीकार कर ली कि बीते वर्ष 454 पेड़ काटने वाले व्यक्ति पर प्रति पेड़ के हिसाब से एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाए। कोर्ट ने अभियुक्त की तरफ से पेश वकील वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की वह दलील ठुकरा दी कि अभियुक्त ने गलती मानते हुए माफी मांग ली है, तो उसे जुर्माना कम करके राहत दी जाए।

हालांकि कोर्ट ने पास के किसी स्थान पर पौधरोपण करने की अनुमति जरूर प्रदान कर दी है। ऐसे वक्त में जब पूरी दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग के चलते तापमान में निरंतर वृद्धि जारी है, वृक्षों का होना प्राणवायु का जरिया ही है। जो हमें शहरों के कंक्रीट के जंगल से उत्पन्न खतरों से बचाते हैं। खासकर पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण इलाकों में उनकी दोहरी भूमिका है। ऐसे में नीति-नियंताओं को सोचना होगा कि कैसे किसी व्यक्ति को संवेदनशील इलाके में पेड़ काटने की अनुमति दी गई। निरंतर बढ़ते तापमान के दौर में वृक्षों के प्रति संवेदनशीलता शासन-प्रशासन के साथ समाज में भी होनी चाहिए। उत्तराखंड में चिपको आंदोलन और राजस्थान में खेजड़ी वृक्षों को बचाने के लिये लोगों के त्याग व संघर्ष को हमें याद रखना चाहिए। जनता का कड़ा प्रतिरोध भी वृक्षों की रक्षा करने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है।

## हीट वेव से आ सकता है स्वास्थ्य आपातकाल

मौसम

स्वतंत्र शोध संस्था सस्टेनेबल फ्यूचर कोलेबरेटिव की एक रिपोर्ट में भी यह कहा गया है कि भारत की 11 फीसदी आबादी उन शहरों में रहती है, जहां हीटवेव का खतरा सबसे अधिक है और इन हलाकों में आने वाले समय में स्वास्थ्य आपातकाल जैसे हालात बन सकते हैं।

हीट वेव यानी गर्म हवा चलने की बढ़ती अवधि और स्वास्थ्य तथा जीवन पर पड़ रहे इसके भीषण असर को देखते हुए संसद की एक स्थायी समिति ने सुझाव दिया है कि केंद्र सरकार अपनी आपदा प्रबंधन योजनाओं में लू जैसी नयी और उभरती आपदाओं को शामिल करे। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2013 से 10 साल की अवधि में भारत में अत्यधिक गर्मी और लू के कारण 10,635 लोगों की जान गयी। पिछले साल भारत में असाधारण रूप से भीषण गर्मी पड़ी थी और 36 दिन लू वाले दर्ज किये गये, जो 14 साल में सबसे अधिक थे।

इस साल भी 25 फरवरी को गोवा और महाराष्ट्र में साल की पहली हीटवेव दर्ज की गयी, सर्दी के मौसम में गर्म हवा चलने का देश में यह पहला और चौंकाने वाला उदाहरण था। स्वतंत्र शोध संस्था 'सस्टेनेबल फ्यूचर कोलेबरेटिव' की एक रिपोर्ट में भी यह कहा गया है कि भारत की 11 फीसदी आबादी उन शहरों में रहती है, जहां हीटवेव का खतरा सबसे अधिक है और इन हलाकों में आने वाले समय में स्वास्थ्य आपातकाल जैसे हालात बन सकते हैं।

गौरतलब है कि इस समय आपदाओं की अधिसूचित सूची में चक्रवात, सूखा, भूकंप, आग, बाढ़, सुनामी, ओलावृष्टि, भूस्खलन, बादल फटना, कीटों के हमले, पाला और शीतलहर शामिल हैं। पर्यावरण संगठन 'ग्रीनपीस इंडिया' के मुताबिक, लू को अधिसूचित आपदाओं को सूची में शामिल करने की सिफारिश इसकी बढ़ती गंभीरता को ही उजागर करती है। संगठन का यह भी कहना था कि इस कदम को प्रभावी बनाने के लिए यह सुनिश्चित करना होगा कि वित्तीय पहलुओं और कार्यान्वय में कोई कमी न हो।



**भारत की 11 फीसदी आबादी उन शहरों में रहती है, जहां हीटवेव का खतरा है। आने वाले समय में स्वास्थ्य आपातकाल जैसे हालात बन सकते हैं।**

## मोदी यूनुस मिलेंगे तो पहले जैसी निकटता की उम्मीद

अंतर्राष्ट्रीय

भारत ने अब तक यह घोषणा नहीं की है कि प्रधानमंत्री मोदी बैंकॉक में बिम्सटेक यंग जेन फोरम के दौरान यूनुस से मिलेंगे या नहीं। बांग्लादेश बेशक पाकिस्तान और चीन से नजदीकी बढ़ा रहा है, लेकिन संभावना यह है कि बांग्लादेशी लोगों का कल्याण चाहने वाले वरिष्ठ पड़ोसी के रूप में प्रधानमंत्री मोदी इस मुलाकात के लिए हामी भर सकते हैं। बांग्लादेश के 54वें स्वतंत्रता दिवस पर भारत ने 1971 के 'मुक्ति संग्राम के दौरान बलिदानों' को याद करते हुए दोनों देशों के 'साझा इतिहास' पर जोर दिया। कयास लगाए जा रहे हैं कि दो से चार अप्रैल तक बैंकॉक में आयोजित बिम्सटेक सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी और मोहम्मद यूनुस के बीच बैठक हो सकती है। दूसरी तरफ स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मोहम्मद यूनुस चीन के हैनान प्रांत में एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, जहां उन्होंने एशियाई एकता पर जोर दिया और अपने मुल्क को बदलने के लिए अपनी सरकार की प्रशंसा की।

मीडिया रिपोर्टों में स्वतंत्रता दिवस पर उनके भाषण के साथ यूनुस की चीन यात्रा को 'गेम चेंजर' बताकर बड़ी उम्मीदें लगाई गई और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस 'गर्मजोशी' से बांग्लादेश का स्वागत किया और उसके 'बदलाव' के लिए 'पूर्ण समर्थन' का आश्वासन दिया, उसकी भी चर्चा की गई।

बांग्लादेश भारत से दूर जाने के लिए संघर्ष करता हुआ दिखाई देता है। वह पाकिस्तान और चीन से घनिष्ठ संबंध बना रहा है और अमेरिकी संरक्षण चाह रहा है।



**कयास लगाए जा रहे हैं कि दो से चार अप्रैल तक बैंकॉक में आयोजित बिम्सटेक सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी और मोहम्मद यूनुस के बीच बैठक हो सकती है। संभावना कि बांग्लादेशी प्रधानमंत्री मोदी इस मुलाकात के लिए हामी भर सकते हैं।**

महेंद्र वेद

प्रसिद्ध लेखिका नयना गोराडिया ने अपनी किताब लॉर्ड कर्जन- द लास्ट ऑफ द ब्रिटिश मुगल्स में लिखा है कि कैसे ब्रिटिश वायसराय लॉर्ड कर्जन ने 1905 में बंगाल का विभाजन किया था। एक साल बाद मुस्लिम लीग की स्थापना 'नए वायसराय लॉर्ड मिंटो के सहयोग से हुई, जिसमें ढाका के नवाब सलीमुल्लाह ने मुख्य भूमिका निभाई।' बंग-भंग को मजहब के आधार पर (हिंदू-मुस्लिम) लोगों को बांटने की कोशिश के रूप में देखा गया। इसने जो सांप्रदायिक खाई पैदा की, उसी के कारण अंततः 1947 में भारत विभाजन, पाकिस्तान का जन्म और 1971 में बांग्लादेश का उदय हुआ।

पिछले साल अचानक सरकार बदलने के बाद यह इतिहास प्रासंगिक हो उठा है।

यूनुस ने तीखे हमले के साथ-साथ सुलह की बातें भी की हैं। इस महीने, उन्होंने नई दिल्ली के साथ तनाव कम करने की कोशिश की और कहा कि 'गलतफहमियों' को दूर करने और द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के प्रयास चल रहे हैं। बांग्लादेश के सैन्य प्रमुख जनरल वकार उज जमा ने भी भारत-विरोधी हमले के खिलाफ चेतावनी दी है और भारत को 'महत्वपूर्ण पड़ोसी' बताया है। ऐसे में, भारत को उत्तर बंगाल में भारतीय सीमा के करीब चीनी सैनिकों के आने की आशंकाओं के बारे में चिंता करनी होगी, विशेष रूप से 'चिकन नेक' के बारे में, जो कि संकीर्ण गलियारा है और भारत के पूर्वोत्तर हिस्से को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। भारत की चिंताएं इसलिए बढ़ गई हैं, क्योंकि यूनुस सरकार अस्थिरता, उच्च मुद्रास्फीति, आर्थिक कठिनाई और अत्यंत नाजुक कानून-व्यवस्था के चलते राजनीतिक उथल-पुथल से गुजर रही है। बांग्लादेश में स्थिति अराजक बनी हुई है। अगर इस्लामी छात्र सत्ता पर काबिज रहते हैं, तो पाकिस्तान और उसकी आईएसआई की वहां वापसी भारत के पूर्वी और पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए चिंता का विषय होनी चाहिए।

## SUDOKU 87

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 4 | | | 5 | 2 | | 8 |
| 6 | 2 | | | | | 9 | | |
| 5 | | 7 | | | | | | |
| | | | | 5 | | | 1 | 3 |
| | | | 4 | | 1 | | | |
| 1 | 6 | | | 2 | | | | |
| | | | | | | 5 | | 4 |
| | | 8 | | | | | 7 | 6 |
| 7 | | 6 | 2 | | | 3 | 8 | |

## SOLUTIONS 86

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 7 | 5 | 1 | 8 | 6 | 9 | 3 |
| 8 | 5 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 7 | 8 | 4 | 5 |
| 6 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 8 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 8 | 6 | 9 | 7 | 3 | 2 |
| 7 | 8 | 3 | 2 | 4 | 1 | 9 | 5 | 6 |
| 3 | 6 | 9 | 1 | 8 | 5 | 4 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 3 | 9 | 2 | 5 | 6 | 8 |
| 5 | 2 | 8 | 4 | 7 | 6 | 3 | 1 | 9 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष** : रोजाना मेडिटेशन करना आपके लिए अच्छा रहेगा। कुछ लोगों के वेतन या पॉकेट मनी में बढ़ोतरी मिलने के संकेत हैं। ऑफिस में जरूरी टास्क पूरा कर लें।

**वृषभ** : आज आपको पढ़ाई या जरूरी प्रोजेक्ट को प्राथमिकता देने की सलह दी जाती है। अलगाव के बाद कुछ लोगों की लव लाइफ में अच्छे दिन आने वाले हैं।

**मिथुन** : आज निवेश का कोई लाभदायक अवसर आपके सामने आ सकता है। सोच समझकर और सलह के साथ ही आगे बढ़ें। अपने बजट पर टिके रहें।

**कर्क** : आज आपका साथी कोई पुराना मुद्दा उठा सकता है, जिससे जीवन में परेशानी ब? सकती है। हेल्दी खाने से सेहत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। पैसों की सिचूऐशन मजबूत रहने वाली है।

**सिंह** : आज किसी शुभ समाचार से परिवार में खुशियां आएंगी। कुछ लोगों के लिए ट्रिप पर जाने के योग हैं। सही प्रैक्टिस से आप अपने टीचर को खुश कर सकते हैं।

**कन्या** : आज कुछ लोगों को अपनी मेहनत के लिए तारीफ मिल सकती है। अपने रिश्ते को मजबूत करने के लिए आज ही कदम उठाएं। पैसों के मामले में किसी चुनौती को आप अच्छे से संभाल लेंगे।

**तुला** : आज पुराने निवेश से लाभ मिल सकता है। ऑफिस के दौरान सभी जरूरी रूल्स का पालन करें। आज दिन बच्चों और परिवार के साथ समय बिताने का है।

**वृश्चिक** : आज टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों के लिए बेहतरीन अवसर नजर आ रहे हैं। वर्क फ्रॉम होम वालों का दिन भी अच्छा रहने वाला है।

**धनु** : आज आपका कोई नया क्रश सामने आ सकता है। किसी शादी या महत्वपूर्ण इवेंट में शामिल होने के लिए विदेश यात्रा का योग बन रहा है।

**मकर** : पैसों की प्रॉब्लम होने पर कोई दोस्त आपकी आर्थिक सहायता कर सकता है। मम्मी पापा के लिए कोई खास प्लान बनाने से उनका मूड खुश रहेगा।

**कुंभ** : आज जिसे आप पसंद करते हैं, उससे बात करने की आपकी कोशिश पूरी हो सकती है। कुछ बीमार जातकों की तबीयत में सुधार होगा। अच्छे रिटर्न की उम्मीद की जा सकती है।

**मीन** : मौज-मस्ती भरी छुट्टियों पर कुछ जातकों का पैसा खर्च हो सकता है। डॉक्टर, वकील व बिजनेस करने वालों को आज अच्छा प्रॉफिट हो सकता है। कुछ लोग घर की मरम्मत करा सकते हैं।

## लापरवाही से दो मासूम बेटियों के सिर से उठ गया माँ का साया

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** स्वास्थ्य विभाग की महिला डॉक्टरों की लापरवाही और असंवेदनशीलता से दो मासूम बालिकाओं के सिर से मां का साया उठ गया। मामला सीहोर जिले के भैरूंदा सिविल अस्पताल का है। यहां रविवार देर रात एक प्रसूता व उसके नवजात शिशु ने दम तोड़ दिया। मामले में मृतका के पिता, सास और जेठानी ने डाक्टरों पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाए हैं। वहीं ड्यूटी पर मौजूद डाक्टर की मानें तो सीनियर डाक्टर को सूचना देने के बावजूद भी वह 30 मिनट देरी से पहुंची, तब तक स्टाफ नर्सों ने प्रसूता की डिलेवरी करा ली थी। प्रसूता की मौत अस्पताल में भर्ती करने के 10 घंटे बाद हुई हैं। इस मामले में लापरवाही पर सीबीएमओ ने एक मेडिकल ऑफिसर और पांच स्टाफ नर्स को शोकाज नोटिस जारी किया है। पीएम के बाद महिला का शव परिजनों को सौंप दिया है। मालूम हो कि सिवनी मालवा तहसील के गांव निरखी निवासी ममता पति मनफूल को उसके पिता तजपुरा निवासी माखन सिंह परते ने अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती कराया था, लेकिन महिला ने रविवार देर रात अस्पताल में ही दम तोड़ दिया। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर का कहना है कि प्रसव से पूर्व ही गर्भ में ही बच्चे की मौत हो चुकी थी। आदिवासी प्रसूता को खून की कमी थी, जिसकी वजह से उसका कार्डियेक फेलियर होने से महिला पीपीएच में पहुंच गई, जिस वजह से उसकी मौत हो गई। लेकिन दूसरी और अस्पताल में सीनियर महिला डॉक्टर की लापरवाही भी सामने आई हैं। प्रसूता को डिलेवरी के दौरान हालत गंभीर होने पर मेडिकल ऑफिसर द्वारा बार-बार सीनियर डॉक्टर को इसकी सूचना दी गई, लेकिन वह समय पर नहीं पहुंच सकी, जब सीनियर डॉक्टर मौके पर पहुंचती तब तक जच्चा - बच्चा दोनों ने दम तोड़ दिया था।

जीवन दर्शन

## शब्दों से ही इंसान सफल बनता है




शब्द जीवन की सबसे बड़ी चीज होती है क्योंकि इन्हीं शब्दों से इंसान सफल और असफल बनता है। ओशो ने शब्दों को लेकर कई तरह की बातें बताई हैं और यह भी बताया है कि विपरीत शब्दों से इंसान हर वक्त कार्य करता है।

वैराग्य का अर्थ, जहां न राग रह गया, न विराग रह गया। जहां न किसी चीज का आकर्षण है, न विकर्षण है। लेकिन इसे विराग या वैराग्य क्यों कहते हैं? क्योंकि कोई उपाय नहीं है। शब्द की मजबूरी है। आदमी के पास सभी शब्द द्वंद्वात्मक हैं, डायलेक्टिकल हैं। आदमी की भाषा में ऐसा शब्द नहीं है जो नॉन-डायलेक्टिकल हो, द्वंद्वात्मक न हो। मनुष्य ने जो भाषा बनाई है, वह मन से बनाई है। मन द्वंद्व है। इसलिए मनुष्य जो भी भाषा बनाता है, उसमें विपरीत शब्दों में भाषा को निर्मित करता है।

मजे की बात है कि हमारी भाषा बन ही नहीं सकती विपरीत के बिना। क्योंकि बिना विपरीत के हम परिभाषा नहीं कर सकते। अगर कोई आपसे पूछे कि अंधेरा यानी क्या? तो आप कहते हैं, जो प्रकाश नहीं है। कोई पूछे, प्रकाश क्या? तो आप कहते हैं, जो अंधेरा नहीं है। न आपको अंधेरे का पता है, न प्रकाश का। यह कोई परिभाषा हुई? परिभाषा तो तभी हो सकती है, जब कम से कम एक का तो पता हो! आदमी को कुछ भी पता नहीं है, लेकिन काम तो चलाना पड़ेगा। इसलिए आदमी विपरीत शब्दों को रखकर काम चलाता है। बिना शब्दों के काम नहीं चल सकता। राग है तो विराग है। लेकिन तीसरा शब्द कहां से लाएं? और तीसरा शब्द ही सत्य है। वह कहां से लाएं?

-ओशो

## "ट्वीट ऑफ द डे"



हनुमान बेनीवाल
सांसद रालोप

भाजपा के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम के दामाद अनिल खटाना, जो दिल्ली पुलिस में सब-इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। सीबीआई द्वारा दो माह से खोजे जा रहे हैं। सत्ता के दबाव में एजेंसी इस मामले में लचीला रुख अपना रही हैं। भाजपा कांग्रेस पर परिवारवाद और भ्रष्टाचार के आरोप लगाती है, लेकिन जब खुद के नेताओं पर सवाल उठते हैं तो वह चुप्पी साध लेती है।

# धर्मांतरण का आरोप: मंडला से आदिवासियों को जबलपुर में चर्च घुमाने ले जा रही थी बस

## हिन्दू संगठनों को देखकर भागने लगा चालक, पुलिस ने शुरू की पूछताछ

**जागरण, जबलपुर।** हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता सोमवार को एक यात्री बस को रोककर थाने ले गए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बस में लाए गए आदिवासियों के धर्मपरिवर्तन कराने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। दरअसल विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता एक यात्री बस को रोक कर रांझी थाने पहुंचे। संगठन के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि बस में मंडला के महाराजपुर से लाए आदिवासी लोग मिले, जिन्हें धर्म परिवर्तन करवाने चोरी-छिपे यहां लाया गया था। हालांकि हिंदूवादी संगठनों के पहुंचने पर बस का चालक फरार हो गया, जिसे पीछा कर रांझी में पकड़ा गया। पुलिस ने सभी लोगों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बस को भंवरताल पार्क पर रोका गया था। बस में सवार एक युवती ने बताया कि हम लोग बस से तीर्थ यात्रा पर आए थे और चर्च जा रहे थे। तभी कुछ लोगों ने हमें रोका और पुलिस थाने ले आए। वे कह रहे हैं कि हम लोगों को बहकाया जा रहा है, लेकिन हम अपनी मर्जी से यहां आए हैं। बस का किराया भी हमने दिया है। हमने 500-500 रुपए दिए हैं। हमें बस चर्च लेकर जा रही थी। हमने खुद तय किया था कि हम यहां आएंगे। इस मामले में विश्व हिंदू परिषद के सदस्य संजय तिवारी ने कहा कि अगर ये लोग क्रिश्चियन हैं, तो आईडी में यही दर्ज होना चाहिए, लेकिन आईडी में आदिवासी लिखा है। हमें सुबह 8.30 बजे सूचना मिली, जिसके बाद हमारे कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। वहां दो बसें थीं, जिनमें से एक बस निकल गई।



### बस यात्रियों से मिलने आए लोगों से मारपीट

हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने बस यात्रियों से मिलने आए दो लोगों से थाने में ही मारपीट की। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि यह लोग आदिवासी लोगों का मन डायवर्ट करते हुए धर्मांतरण के लिए उन पर दबाव बना रहे थे। इस दौरान हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं की पुलिस से भी जमकर बहस हुई।

### चर्चों के भ्रमण पर निकले थे लोग

मामले में थाना प्रभारी मानस द्विवेदी ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा बस थाने लाई गई थी, जिसमें क्रिश्चियन समाज के 50 लोग बैठे थे। वे सभी महाराजपुर, मंडला के निवासी थे और वहीं के चर्च से संबंधित है। इस दौरान जबरदस्ती धर्मांतरण की बात सामने नहीं आई है। ये लोग ईस्टर त्योहार से पहले अलग-अलग चर्चों के भ्रमण और तीर्थ यात्रा के उद्देश्य से रवाना हुए थे। उन्हें भंवरताल गार्डन के पास स्थित चर्च और रांझी स्थित चर्च का भ्रमण कर सदर होते हुए वापस जाना था। इस बीच, संगठनों द्वारा धर्मातरंण का संदेह व्यक्त किया गया, जिसके चलते पूछताछ की जा रही है।

# 80 साल बाद भारत में पैदा चीता मुखी दो साल की हुई

## जन्मदिन पर कूनो नेशनल पार्क ने वीडियो किया जारी

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** 80 साल बाद भारत के जंगलों में पैदा हुई पहली मादा चीता मुखी 29 मार्च को दो साल की हो गई। इस अवसर पर कूनो नेशनल पार्क द्वारा सूरज की पहली किरण के साथ मुखी के अंगड़ाई-जम्हाई लेते हुए वीडियो जारी किया है, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वन विभाग के अधिकारियों की मानें तो मुखी के 2 साल का होना भारत के चीता प्रोजेक्ट के लिए बहुत बड़ी घटना है। ऐसा इसलिए क्योंकि भारत से चीतों के विलुप्त होने के बाद मुखी भारत में पैदा होने वाली पहला चीता है और इसे 001 के नाम से भी जाना जाता है। इस अवसर पर पार्क द्वारा दो मिनट का वीडियो बनाकर उसके बर्थडे को सेलिब्रेट किया गया। इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारियों ने उसके स्वस्थ होने की कामना की है।
बता दें कि सितंबर 2022 में नामीबिया से आई मादा चीता ज्वाला 29 मार्च 2023 को मुखी के साथ चार अन्य शावकों को भी जन्म दिया था, जिनमें से तीन की मौत मई 2023 की भीषण गर्मी और हीट वेव्स के कारण हो गई थी। इसके बाद वन विभाग के अधिकारियों द्वारा समय पर लिए गए निर्णय के चलते ही मुखी की जान बच सकी थी। मुखी के बाद भी ज्वाला ने 20 जनवरी 2024 को चार चीता शावकों को जन्म दिया है। पहले की गलतियों से सीखते हुए अधिकारियों ने इन सभी बच्चों को अपनी निगरानी में लेकर इनकी देखरेख करना शुरू की है, लेकिन फिर भी मुखी पूरे चीता प्रोजेक्ट के लिए उम्मीद की सबसे बड़ी किरण है। पूरे प्रोजेक्ट में लगातार मिल रही सफलता को देखते हुए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने प्रोजेक्ट की प्रगति का आकलन करने और इस क्षेत्र में ईकोटूरिज्म को बढ़ावा देने, सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाने को लेकर चीता परियोजना संचालन समिति का गठन किया, जो इस क्षेत्र में ईको टूरिज्म को बढ़ाने के लिए काम करेगी।



### चीता प्रोजेक्ट की नाकामी के बीच उम्मीद बनकर उभरी मुखी

मई 2023 में कूनो के आसपास के क्षेत्र में तापमान 47 डिग्री तक पहुंच गया था। इस दौरान एक के बाद एक ज्वाला के तीनों शावकों की मौत हो गई। इसके बाद मुखी ने आठ महीने वन विभाग के अधिकारियों की देखरेख में बिताए और बाद में इसकी मां ज्वाला ने भी इससे दूरी बना ली थी। इसके बाद मुखी को लंबे समय तक चीता प्रोजेक्ट के लिए बनाए गए बाड़े में सुरक्षित रखा गया। बाद में व्यस्क होने के बाद मुखी को खुले में छोड़ दिया गया। इस दौरान मुखी ने खुले में शिकार करने के गुर सीखे। यही कारण है कि इस माह से मुखी अपने जीवन की तीसरी गर्मियों को देखेगी।

# खजुराहो में बेटे ने की पिता की हत्या

### जमीन विवाद का मामला चचेरा भाई भी घायल

**जागरण, खजुराहो।** खजुराहो के भरवा गांव में सोमवार सुबह ३० वर्षीय रामपाल ने अपने पिता मनकू पाल की हत्या कर दी। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में युवक के दोनों हाथ रस्सी से बंधे दिख रहे हैं और पास ही डायल 100 की गाड़ी खड़ी हुई है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। रामपाल और 55 वर्षीय मनकू के बीच पुश्तैनी जमीन को लेकर झगड़ा था। रामपाल के तीन भाई हैं। जमीन बंटवारे को लेकर उसका आए दिन पिता से विवाद होता था। युवक दादा के नाम वाली जमीन चाहता था। इसी विवाद में उसने गदा से पीट-पीटकर अपने पिता को मार डाला। इस दौरान चचेरे भाई महेश पाल को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसका इलाज चल रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक रामपाल की दिमागी हालत ठीक नहीं है।

# शहर के बाहर से आएगी काल भैरव के लिए मदिरा

**जागरण, उज्जैन।** धार्मिक नगरी उज्जैन में मंगलवार से शराब बंद हो गई है। इसके बावजूद भगवान काल भैरव को मदिरा का भोग लगना जारी रहेगा। मंदिर समिति और श्रद्धालु शहर की सीमा के बाहर से शराब लाकर भगवान को भोग अर्पित कर सकेंगे। सरकार के नोटिफिकेशन अनुसार 1 अप्रैल से उज्जैन समेत प्रदेश के कई धार्मिक स्थलों पर शराबबंदी हो जाएगी। प्रदेश के मुखिया सीएम मोहन यादव बीते दिनों 19 धार्मिक स्थलों पर शराब दुकानों को बंद करने का फैसला कर चुके हैं। ऐसे में उज्जैन समेत 19 शहरों में शराब दुकानें बंद हो जाएंगी। यह बदलाव नई आबकारी नीति के बाद किया है। इधर भगवान महाकाल के सेनापति काल भैरव के मंदिर में प्रतिदिन मदिरा का भोग लगाने की परंपरा है। शराबबंदी के नियम के अनुसार आज से नगर निगम सीमा के अंतर्गत शराब नहीं बिकेगी। ऐसे में भगवान के भोग को लेकर तहसीलदार एवं काल भैरव मंदिर प्रबंध समिति की प्रशासक रुपाली जैन ने बताया कि नगर निगम सीमा के के अंदर शराब बिक्री प्रतिबंधित हो गई है, परंतु नगर निगम सीमा के बाहर शराब का विक्रय होगा। ऐसे में काल भैरव मंदिर प्रबंध समिति द्वारा भगवान के भोग के लिए नगर निगम सीमा के बाहर से मदिरा का इंतजाम किया जाएगा। श्रद्धालु भी नगर निगम सीमा के बाहर से मदिरा खरीदकर भगवान काल भैरव को भोग अर्पित कर सकेंगे। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि भगवान काल भैरव के मंदिर में मदिरा के भोग की व्यवस्था को लेकर उन्होंने शासन को पत्र लिखा है, जिसमें लिखा है कि मंदिर के बाहर संचालित होने वाली शराब दुकानों को नहीं हटाया जाए।

# तीन सत्र की फीस तय कराने 50 फीसदी कालेज कमेटी तक नहीं भेज सके प्रस्ताव

## तैयार नहीं हो सकी आडिट रिपोर्ट, एसोसिएशन ने की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** सूबे के प्रोफेशनल और टेक्नीकल कालेजों की अपनी आडिट रिपोर्ट तैयार नहीं कर सके हैं। इसलिये वे प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति से आगामी तीन सत्र 2025-26, 2026-27 और 2027-28 की फीस निर्धारित कराने के प्रस्ताव अंतिम तिथि 31 मार्च तक जमा नहीं कर पाए हैं। फीस कमेटी को वर्तमान में करीब 1200 कालेजों की फीस निर्धारित करना है, जिसमें से करीब पचास फीसदी कालेजों के प्रस्ताव ही कमेटी तक पहुंच सके हैं। अब एसोसिएशन आफ टेक्नीकल प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट ने फीस कमेटी को पत्र लिखकर बैलेंसी शीट तैयार नहीं होने के कारण बताये हैं। इसमें उन्होंने बताया कि उनके सीए व्यस्त हैं। इसके चलते आडिट रिपोर्ट तैयार करने में समस्याएं आ रही हैं। हालांकि 31 सितंबर तक इनकम टैक्स की जानकारी देना जरूरी होता है। इसलिए वे मौजूदा स्थिति को देखते हुए प्रॉविजनल बैलेंस शीट तैयार करा सकते हैं। फीस कमेटी अंतिम तिथि बढ़ोतरी करने पर विचार कर रहा है।

### पहले होगी उच्च शिक्षा की सुनवाई

एआईसीटीई ने कालेजों को निरंतरता देने का कार्य अभी तक शुरू नहीं किया है। तकनीकी शिक्षा विभाग में भी काउंसलिंग को लेकर कोई हलचल नहीं दिख रही है। इसलिये उनकी फीस निर्धारित करने की प्रक्रिया अभी थमी हुई है। हालांकि उच्च शिक्षा विभाग की काउंसलिंग जून से प्रारंभ हो जाती है। इसलिए फीस कमेटी सबसे पहले उच्च शिक्षा विभाग में आने वाले बीसीआई और एनसीटीई कोर्स चलाने वाले कालेजों की फीस तय करेगा। इनमें भी कालेजों को लॉ कालेज और बीएड कालेजों की सुनवाई सबसे पहले की जाएगी।

### अब इनकी होगी फीस निर्धारित

फीस कमेटी बिना बैलेंस सीट के फीस निर्धारण नहीं करेगा। इससे कालेजों की समस्याएं जरूर बढ़ गई हैं। फीस कमेटी को अभी प्रोफेशनल कोर्स में इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, आर्किटे. र, होटल मैनेजमेंट, नर्सिंग, विधि, बीएड और मेडिकल कोर्स संचालित करने वाले कालेजों की फीस निर्धारित करना है।

# 45 लाख की इनामी माओवादी की मौत

**दंतेवाड़ा, जेएनएन।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षाबलों के साथ सोमवार को मुठभेड़ में एक महिला माओवादी की मौत हो गई, जिसके सिर पर 45 लाख की राशि का इनाम था। माओवादी के पास से एक इंसास राइफल समेत गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने बताया कि अभी भी मुठभेड़ जारी है। मृतक नक्सली गुम्मादिवेली रेणुका कानून स्नातक थी और 1996 से प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) में सक्रिय थी। उस पर छत्तीसगढ़ में 25 लाख रुपये और पड़ोसी तेलंगाना में 20 लाख रुपए का इनाम था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई।

# मोबाइल बताएगा कहां मिलेगा एंटी रेबीज इंजेक्शन

**नई दिल्ली।** हर साल कुत्ते और सांप के काटने से हजारों लोगों की मौत हो जाती है। इसकी प्रमुख वजह जानकारी और इंजेक्शन की उपलब्धता का अभाव है। हालांकि, अब सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए एंटी-रेबीज और सांप के जहर से बचाने वाले इंजेक्शन की झटपट उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जूविन डिजिटल प्लेटफार्म विकसित किया है। जानकारी के अनुसार सरकार पहले पायलट प्रोजेक्ट की तरह इसे दिल्ली, मध्य प्रदेश, असम, पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश में लॉन्च करेगी। इससे जरूरतमंद व्यक्ति मोबाइल पर ही ऑनलाइन पोर्टल से इंजेक्शन की नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में रीयल टाइम उपलब्धता की जानकारी पा सकेगा। यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी) की तकनीकी सहायता से नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) ने अपने सेंटर फार वन हेल्थ के जरिये इसे विकसित किया है।

# 5वीं व 8वीं में फेल 1.98 लाख विद्यार्थियों की फिर होगी परीक्षा

## रिटोटलिंग के लिए विद्यार्थी कर सकते हैं आवेदन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** राज्य शिक्षा केन्द्र (आरएसके) द्वारा बोर्ड पैटर्न पर आयोजित एमपी बोर्ड के 5वीं-8वीं की परीक्षाओं के परिणाम गत सप्ताह जारी कर दिए गए। उक्त दोनों कक्षाओं की परीक्षाओं में करीब 1.98 लाख विद्यार्थी फेल हुए हैं। उनकी दोबार परीक्षा लेकर पास होने का मौका दिया जाएगा। आरएसके ने इसके पहले रिटोटलिंग के आवेदन के लिए दो माह का समय दिया है। इसके परिणाम सामने आने के बाद ही छात्रों की दूसरी परीक्षा आयोजित की जाएगी। कक्षा 5वीं में 92.70 प्रतिशत एवं 8वीं में 90.02 प्रतिशत विद्यार्थी फेल हुए हैं। जो विद्यार्थी जिस विषय में फेल हैं, उन्हें मात्र उसी विषय की पुनः परीक्षा देना होगी। आरएसके के संचालक हरजिंदर सिंह ने गत शुक्रवार को परीक्षा पोर्टल पर परिणाम घोषित किया था। इस साल उक्त परीक्षाओं में प्रदेश के 1.12 लाख शासकीय, प्राइवेट स्कूल और मदरसों के लगभग 22.85 लाख स्टूडेंट शामिल हुए। इसमें 5वीं के करीब 11.17 लाख तथा 8वीं के 11.68 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। कक्षा- 5वीं में 94.12 प्रतिशत बालिकाएं और छात्रों का 91.38 प्रतिशत रहा। वहीं कक्षा 8वी में 91.72 छात्राएं और 88.41 उत्तीर्ण हुए हैं।

**संतुष्ट नहीं होने पर कराएं रिटोटलिंग:** जिला परियोजना अधिकारी ओपी शर्मा ने बताया कि 5वीं और 8वीं के फेल विद्यार्थी जो अपने रिजल्ट से संतुष्ट नहीं हैं, वह रिटोटलिंग का आवेदन कर सकते हैं। आरएसके ने रिटोटलिंग के लिए दो माह का समय दिया है। आवेदन करने वाले विद्यार्थी के रिटोटलिंग का रिजल्ट आने के बाद दूसरी परीक्षा आयोजित की जाएगी।

## फाउंडेशन डे पर मुख्य अतिथि होंगे सत्यार्थी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** एनआईटीटीटीआर सात अप्रैल को अपना 61वां स्थापना दिवस मना रहा है। स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 2014 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। एनआईटीटीटीआर के डायरेक्टर प्रो. सीसी त्रिपाठी ने कहा की संस्थान 61 वर्षों की गौरवशाली यात्रा को पूर्ण कर चुका है। हम स्थापना दिवस पर उनकी प्रेरणादायक जीवन यात्रा और उनके विचारों को सुनेंगे। डीन कॉर्पोरेट एंड इंटरनेशनल रिलेशन्स प्रो. पीके पुरोहित ने बताया कि कैलाश सत्यार्थी से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इस अवसर पर सत्यार्थी की जीवन यात्रा एवं एनआईटीटीटीआर के 61 वर्षों के सफर पर बनी लघु फिल्मों का प्रसारण भी किया जायेगा। उल्लेखनीय है की सत्यार्थी को 2014 में बच्चों और युवाओं के दमन के खिलाफ संघर्ष और सभी बच्चों के लिए शिक्षा के अधिकार के लिए नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# पीजी अंतिम सेमेस्टर के विद्यार्थी प्रोफेसर बनने कर पाएंगे आवेदन


**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने असिस्टेंट प्रोफेसर, लाइबेरियन और स्पोर्ट्स ऑफिसर भर्ती परीक्षा-2024 के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 10 अप्रैल तक बढ़ा दी है। पीजी अंतिम सेमेस्टर में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने कोर्ट में याचिका दायर कर आवेदन की पात्रता मांगी थी, उन्हें भी आवेदन करने की अनुमति मिल गई है। यह राहत सिर्फ उन्हीं विद्यार्थियों को दी गई है, जिन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी और हाईकोर्ट ने निर्देशित किया था। अन्य पीजी विद्यार्थी आवेदन नहीं कर पाएंगे। एमपीपीएससी ने 30 दिसंबर 2024 को असिस्टेंट प्रोफेसर के 1928 पदों के लिए भर्ती विज्ञापन जारी किया था। इसमें लाइबेरियन के 80 और स्पोर्ट्स ऑफिसर के 187 पद शामिल हैं। त्रुटि सुधार के लिए ऑनलाइन लिंक 12 अप्रैल को दोपहर 12 बजे तक खुली रहेगी। एमपीपीएससी द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के सरकारी कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति कराने पिछली भर्ती के तहत भी कार्रवाई की जा रही है। असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए दो चरणों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। पहला चरण की परीक्षा एक जून और दूसरे चरण की परीक्षा 27 जुलाई को होगी।



# अब से जनता पर करों का बोझ: पटवारी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया है कि उसकी कथनी और करनी में अंतर है। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार बजट में किसी भी तरह का कर नहीं लगाने की बात कर रही, तो दूसरी ओर 1 अप्रैल से जनता पर कई तरह का आर्थिक बोझ पड़ने वाला है। 1 अप्रैल से प्रॉपर्टी की गाइडलाइन बढ़ाई जा रही है, जिससे पंजीयन शुल्क और जीएसटी में भारी वृद्धि होगी। सरकार की 2 लाख रुपये की सब्सिडी का ढोंग भी बेकार हो जाएगा, क्योंकि बढ़े हुए शुल्क के कारण गरीब इसका लाभ नहीं उठा सकेंगे। इसी तरह बिजली की दरों में 3.5 प्रतिशत की वृद्धि होने जा रही है। बिजली स्लैब बदलने से गरीब और मध्यम वर्ग के बिजली बिल आसमान छूएंगे। प्रमुख मार्गों पर टोल टैक्स भी बढ़ेगा, जिससे आम नागरिकों की जेब पर बोझ पड़ेगा। कई अन्य वस्तुओं और सेवाओं पर भी टैक्स बढ़ने की तैयारी है। सरकार तकनीकी बहानों के पीछे छिपकर यह कह सकती है कि ये वृद्धियां बजट का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन हकीकत यह है कि गरीब, किसान और मध्यम वर्ग पर हर तरफ से करों की मार पड़ रही है।

# हमें वाइफ नहीं, अर्धांगिनी चाहिए: पं. धीरेंद्र शास्त्री



### एक आंटी ने शादी का प्रस्ताव दिया लड़की ने काटी हाथ की नस

**जागरण, छतरपुर।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की शादी को लेकर उनके भक्तों में खासी उत्सुकता है। सोशल मीडिया पर भी धीरेंद्र शास्त्री की शादी को लेकर चर्चाएं होती रहती हैं। बागेश्वर धाम के पीठाधीश ने अब इस मसले पर मीडिया से खुलकर बात की है, जो चर्चाओं में है। उन्होंने कहा कि वे शादी करेंगे, लेकिन उन्हें ऐसा जीवनसाथी चाहिए जो उन्हें और उनके परिवार को समझ सके। शास्त्री ने कहा कि उन्हें वाइफ नहीं, अर्धांगिनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने शादी के प्रस्ताव से जुड़े कुछ किस्से भी साझा किए। एक 40-42 साल की महिला ने तो अपने पति को तलाक देकर उनसे शादी करने का प्रस्ताव तक दिया था। एक और चौंकाने वाली घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि एक महिला भक्त ने तीन साल से पूजा और व्रत रखने का हवाला देते हुए शादी की मांग की, जब उनकी बात नहीं मानी गई तो उसने नस काट ली। महिला ने बारात की तारीख मांगी और डेट न मिलने पर यह कदम उठाया। उन्होंने कहा, हम डर गए, बड़ी मुश्किल से मामला छूटा।

### भावी जीवन साथी के लिए नहीं किया मंथन

'पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने स्पष्ट किया कि उन्होंने अपनी भावी जीवनसाथी के लिए ज्यादा मंथन नहीं किया है, उनकी प्राथमिकता एक समझदार साथी है जो परिवार के साथ तालमेल बिठा सके। जब उन्होंने कहा कि वाइफ नहीं अर्धांगिनी चाहिए, क्योंकि वाइफ तो ब्लू ड्रम फेमस है तो कार्यक्रम में मौजूद लोग हंस पड़े।

# इंदौर से विशाखापट्टनम के लिए सीधी उड़ान मिलना हुई शुरू

## समर सीजन: एक दर्जन उड़ानों का समय भी बदला

**जागरण, इंदौर।** देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर रविवार से समर सीजन लागू हो गया है। इसके साथ ही रायपुर, जबलपुर और पुणे की उड़ान भी शुरू हो गई हैं। इंदौर से तीनों शहरों के लिए यह दूसरी उड़ान है। वहीं सोमवार से इंदौर-रायपुर उड़ान की सुविधा विशाखापटनम तक मिलना शुरू हो गई है। यह विमान यात्रियों को रायपुर छोड़ने के बाद विशाखापटनम तक जाएगा। जानकारी के अनुसार समर सीजन शुरू होने के साथ ही इंदौर एयरपोर्ट पर एक दर्जन उड़ानों का समय बदल गया है। रनवे सुधार का समय एक अप्रैल से छह से बढ़ाकर आठ घंटे किया जा रहा है। ऐसे में रात 10.30 से 12 और सुबह छह से 6.30 बजे तक संचालित उड़ानों का समय बदला गया है।

### नार्थ गोवा के लिए सीधी उड़ान

देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से 100 उड़ानें प्रतिदिन संचालित होने लगेंगी। इंदौर से पुणे उड़ान भी शुरू हो गई। उड़ान इंदौर से पुणे जाएगी, लेकिन वापसी में इंदौर नहीं आएगी। यह दिल्ली से इंदौर आकर पुणे जाएगी। समर सीजन में 15 अप्रैल से नार्थ गोवा के लिए भी सीधी उड़ान शुरू होगी। इसके साथ ही साउथ और नार्थ गोवा दोनों के लिए कनेक्टिविटी इंदौर से उपलब्ध होगी। वहीं इंदौर-रायपुर की सीधी उड़ान सोमवार से विशाखापटनम तक गई। यह विमान रायपुर एयरपोर्ट पर यात्रियों को उतारने के बाद विशाखापटनम तक जाएगा।
विमान रायपुर एयरपोर्ट पर दोनों तरफ से 20 मिनट रुकेगा। इंदौर-रायपुर-विशाखापटनम 6ई 7295 उड़ान सुबह 6.35 बजे इंदौर से रवाना होगी और सुबह 8.30 बजे रायपुर पहुंचेगी।
यहां से 8.50 बजे उड़ान रवाना होकर 10.20 बजे विशाखापटनम पहुंचेगी।

# कार्रवाई में बाधा पहुंचाने पर आरटीआई एक्टिविस्ट के माता-पिता भी आरोपी

**जागरण, ग्वालियर।** आरटीआई एक्टिविस्ट आशीष चतुर्वेदी के खिलाफ झांसी रोड थाने में शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने और पुलिस के साथ मारपीट का केस दर्ज किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान बाधा पहुंचाने वाले आशीष के माता-पिता को भी इस मामले में आरोपी बनाया है। दरअसल ग्वालियर की झांसी रोड थाना पुलिस तीन दिन पहले कोर्ट से जारी गिरफ्तारी वारंट की तामील करने के लिए आरटीआई एक्टिविस्ट आशीष चतुर्वेदी के घर पहुंची थी। यहां आशीष ने अपने पिता के साथ पुलिसकर्मी को धक्का दिया था। इसके बाद पुलिस ने आशीष उनके पिता ओम प्रकाश और मां विनीत के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। थाना प्रभारी मंगल सिंह पपोला का कहना है कि इससे पूर्व तीन चार बार आशीष के गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुके हैं, लेकिन गिरफ्तारी से बचने आशीष वारंट की तारीख से पहले गायब हो जाता था। बीते 24 फरवरी, 6 मार्च और 20 मार्च को वारंट की तारीख पर आशीष चतुर्वेदी गायब हो चुका है। इसी के लिए पुलिस उनके घर वारंट तामील के लिए पहुंची थी। आशीष चतुर्वेदी को अब कोर्ट में पेश करेंगे और कोर्ट जो भी निर्णय लेगा उसका पालन किया जाएगा।

# दैवेभो व श्रमिकों को इस माह से मिलेगा बढ़ा वेतन

**विसं, भोपाल।** प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों और श्रमिकों को अगले माह से 275 रुपए ज्यादा वेतन मिलेगा। इन श्रमिकों को अब प्रति रविवार अवकाश भी मिलेगा। प्रदेश शासन के श्रमायुक्त ने इसके आदेश जारी कर दिया हैं। इसके तहत 1 अप्रैल 2025 से 31 सितंबर 2025 तक के लिए नई वेतन दरें तय की गई हैं। इसका लाभ शासकीय एवं अशासाकीय विभागों में काम करने वाले दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं श्रमिकों को मिलेगा। नई वेतन दरों के मुताबिक अकुशल श्रमिक का वेतन प्रतिमाह 12125 रुपए अर्ध कुशल का वेतन प्रतिमाह 13121 रुपए कुशल श्रमिक का वेतन प्रतिमाह और 14844 रुपए और उच्च कुशल श्रमिक का वेतन प्रतिमाह 16469 रुपए निर्धारित किया गया है।
मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांड ने कहा कि श्रमायुक्त द्वारा जो वेतन दर बढ़ाई गई हैं, वे न्यायोचित नहीं हैं। क्योंकि यह वृद्धि 10 साल पुराने इंडेक्स के आधार पर की गई है। इससे कर्मचारियों और श्रमिकों को आर्थिक नुकसान होगा।

# प्रथम पेज की खबरों का शेष ...

### दो दिन पहले ही...

गुजरात सरकार से लगातार संपर्क बना हुआ है। श्रमिकों की सहायता और परिवारों की मदद के लिए सभी आवश्यक प्रयास होंगे। गुजरात सरकार ने मृतकों के परिवारों को 4 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है।
पुलिस ने फैक्ट्री मालिक खूबचंद सिंधी के खिलाफ धारा 304 के तहत शिकायत दर्ज की है और आरोपी की गिरफ्तारी की प्रक्रिया जारी है।

### अमेरिका का नया...

लगातार बदलते और परस्पर विरोधी कई प्रस्ताव पेश किए हैं। इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति ने पारस्परिक टैरिफ के जरिये यूरोपीय संघ, भारत, दक्षिण कोरिया, ब्राजील और दूसरे देशों पर टैक्स लगाने के बारे में अपने विचार व्यक्त किए थे।
व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने सोमवार को बताया कि ट्रम्प बुधवार को अपने दूसरे कार्यकाल की पहली रोज गार्डन प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी टैरिफ योजना का अनावरण करेंगे। इस कार्यक्रम में कैबिनेट मौजूद रहेगी।
**दुनियाभर के कारोबार होंगे प्रभावित :** पारस्परिक टैरिफ का असर आम तौर पर ज्यादा कीमतों के जरिये उपभोक्ताओं तक पहुंचता है और साथ ही, अगर उनकी लागत बढ़ती है और बिक्री घटती है, तो दुनिया भर के कारोबार काफी प्रभावित होंगे। आयात करों के साथ-साथ भविष्य के व्यापार को लेकर अनिश्चितता ने पहले ही वित्तीय बाजारों को नाराज कर दिया है और उपभोक्ताओं का भरोसा कम हो गया है।
**टैरिफ योजना स्पष्ट नहीं:** ट्रंप की 2 अप्रैल को लेकर क्या योजना है, यह अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन हर देश से आने वाले सभी सामानों पर पारस्परिक शुल्क लगाया जाएगा। ये शुल्क संभवतः दूसरे देशों द्वारा लगाए जाने वाले शुल्कों के साथ-साथ उनके मूल्य वर्दि्धत करों और घरेलू कंपनियों को दी जाने वाली सब्सिडी को भी दर्शा सकते हैं। कुल मिलाकर शुल्कों से 600 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हो सकती है, जिसका मतलब है कि औसत दर 20 फीसदी होगी।
**ट्रम्प के ये टैरिफ भी होंगे लागू:** वेनेजुएला से तेल या गैस खरीदने वाले किसी भी देश से सभी आयातों पर 25 फीसदी टैरिफ बुधवार से लागू होगा। ऑटो आयात पर ट्रम्प का 25 फीसदी टैरिफ गुरुवार से वसूला जाएगा, जबकि पूरी तरह से आयातित कारों पर आधी रात से कर लागू होगा। ये टैरिफ आने वाले हफ्तों में लागू ऑटो पार्ट्स पर भी लागू होने जा रहे हैं, जो 3 मई तक लागू रहेंगे। व्हाइट हाउस को इन नए शुल्कों से 100 बिलियन डॉलर का राजस्व मिलने की उम्मीद है।

### जंगल पर अतिक्रमण ...

बताया है कि मार्च 2024 तक, 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 13,05,668.1 हेक्टेयर (13,056 वर्ग किलोमीटर) वन भूमि अतिक्रमण के अधीन है। अप्रैल 2023 में, एनजीटी ने पर्यावरण मंत्रालय को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से वन अतिक्रमण की विस्तृत जानकारी एक निर्धारित प्रारूप में संकलित करने का निर्देश दिया था।
**राज्यों को बार-बार भेजे गए नोटिस :** मंत्रालय ने एनजीटी को जानकारी दी कि उसने मई 2023 में 1 मई, 17 मई और 28 मई को राज्यों को पत्र भेजकर डेटा जमा करने के लिए कहा था। इसके बाद, फोन कॉल के जरिए भी राज्यों को कई बार याद दिलाया गया और 11 नवंबर को एक बैठक आयोजित की गई थी। फरवरी और मार्च 2024 में मंत्रालय ने फिर से 22 फरवरी और 26 मार्च को पत्र भेजकर शेष राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से अनुरोधित डेटा एक सारणीबद्ध प्रारूप में जमा करने के लिए कहा।
**वन क्षेत्र बनाम वन आवरण में है अंतर :** पर्यावरण मंत्रालय ने बताया है कि 'रिकॉर्डेड फॉरेस्ट एरिया' उस भूमि को संदर्भित करता है जिसे सरकार द्वारा आधिकारिक रूप से वन घोषित किया गया है, भले ही वहां वृक्ष न हों। वन आवरण यानी फॉरेस्ट कवर का तात्पर्य उन क्षेत्रों से है, जहां पेड़ हैं (कम से कम 1 हेक्टेयर क्षेत्र और 10 फीसदी से अधिक वृक्षा घनत्व)। यह वन क्षेत्र के कानूनी दर्जे की परवाह किए बिना, जंगलों, वृक्षारोपण, सामुदायिक वनों और निजी भूमि पर मौजूद पेड़ों को भी शामिल करता है।

### अंतरिम पीएम यूनुस बोले-हम समुद्र के मालिक, भारत के नॉर्थ-ईस्ट राज्यों को बताया लैंडलॉक

# बांग्लादेश ने चीन को भारत के चिकन्स नेक के पास कारोबार का दिया ऑफर

**बीजिंग,जेएनएन।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस को लेकर जिन बातों की आशंकाएं थी वो अब सच साबित होने लगी हैं। यूनुस ने बंगाल की खाड़ी में ना सिर्फ चीन को न्योता दिया है, बल्कि उन्होंने खुद को 'समुद्र का गार्जियन' (मालिक) बताया। यूनुस का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर आ गया है, जिसमें वो चीन को बंगाल की खाड़ी में आने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। यूनुस 26 से 29 मार्च तक चीन के दौरे पर थे। वहां चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की है और चीन को बांग्लादेश में कारोबार के लिए आमंत्रित किया। यूनुस को कहते हुए सुना जा रहा है कि भारत के 7 राज्य, उत्तर पूर्व भारत के 7 राज्य, जिसे सेवन सिस्टर्स कहा जाता है, वो लैंड लॉक्ड क्षेत्र है, उनके पास समुद्र तक पहुंचने का रास्ता नहीं है। हम उस क्षेत्र में एकमात्र गार्जियन हैं। यहां चीन इकोनॉमी का विस्तार हो सकता है। यहां पर चीजों को बनाया जा सकता है, प्रोड्यूस कर बेचा जा सकता है।




### जताई आपत्ति

अर्थशास्त्री और पीएम मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने यूनुस के इस बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा कि बांग्लादेश की यह अपील हैरान करने वाली है।


### 8 राज्यों को भारत से जोड़ता है चिकन्स नेक

चिकन्स नेक 8 राज्यों, अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा को मुख्य भूमि भारत से जोड़ता है। लिहाजा यह गलियारा क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इस क्षेत्र में कोई भी समझौता पूर्वोत्तर राज्यों को शेष भारत से अलग-थलग कर सकता है और यूनुस के बयान से ऐसा लगता है कि वो चीन के साथ ऐसा ही समझौता करने की कोशिश कर रहे हैं। भारत के लिए चिकन्स नेक हमेशा से संवेदनशील रहा है और बांग्लादेश के प्रमुख यूनुस इसी की बात कर रहे हैं। चिकन्स नेक के पश्चिम में नेपाल, उत्तर में भूटान, दक्षिण में बांग्लादेश है और इसी बात को लेकर ये तीनों देश भारत के लिए काफी अहम हैं। बांग्लादेश चिकन्स नेक को लेकर ही भारत को ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रहा है।

### चीन की हमेशा रही नजर

मोहम्मद यूनुस का ये बयान दिखाता है कि बांग्लादेश कितना खतरनाक हो चुका है और वो चीन को क्या ऑफर कर रहा है। बांग्लादेश चीन के सामने भारत के चिकेन्स नेक का जिक्र कर रहा है, जिस पर चीन की हमेशा से नजर रही है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर को भारत का चिकन्स नेक कहा जाता है। ये प. बंगाल में भूमि की एक संकरी पट्टी है, जो मुख्य भारत को पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ती है, जिससे यह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा और संपर्क के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र बन जाता है। यह गलियारा पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग में स्थित है और एक पॉइंट पर तो ये सिर्फ 22 किलोमीचर चौड़ा ही है। एक डर हमेशा बना रहता है कि चिकन्स नेक पर हमला कर भारत को पूर्वोत्तर हिस्से से अलग किया जा सकता है।

# सबसे ऊंचे रेल ब्रिज का शुभारंभ 19 को




### कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का लोकार्पण, मोदी जाएंगे उधमपुर

**श्रीनगर,जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर जाएंगे। पीएम उधमपुर में दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज (चिनाब ब्रिज) का लोकार्पण करेंगे। फिर कटरा (माता वैष्णो देवी) पहुंचकर जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि फिलहाल जम्मू रेलवे स्टेशन पर मरम्मत का काम चल रहा है, इससे ट्रेन सेवा अस्थायी रूप से कटरा से शुरू की जा रही है। मरम्मत पूरा होने के बाद अगस्त से यह ट्रेन जम्मू से चलना शुरू करेगी। कटरा-श्रीनगर पर ट्रेन का ट्रायल 25 जनवरी को सफलता पूर्वक किया गया था। ट्रेन सुबह 8 बजे कटरा से रवाना हुई और 11 बजे कश्मीर के अंतिम स्टेशन श्रीनगर पहुंची। यानी 160 किमी का सफर 3 घंटे में पूरा किया।

### कटरा से श्रीनगर रूट : कहां-कहां से गुजरेगी ट्रेन




## इजरायल का नया दाव, गाजा में फिर अटकेगा सीजफायर

### फिलिस्तीनी गुट हमास ने दी मंजूरी

**गाजा, जेएनएन।** फिलिस्तीनी गुट हमास ने गाजा पट्टी में युद्धविराम के लिए मध्यस्थों के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह प्रस्ताव उसे दो दिन पहले मिला था, जिसे शनिवार को मंजूरी दी गई है। हालांकि, इसके बाद इजरायल ने एक नया युद्धविराम प्रस्ताव पेश कर दिया है। इस प्रस्ताव के मुख्य बिंदुओं में बंधकों की संख्या में बदलाव शामिल है। युद्धविराम पर बातचीत के बीच ही इजरायली फोर्स ने गाजा राफा में जमीनी हमला अभियान शुरू कर दिया है। इससे युद्धविराम में अड़चन पैदा होती दिख रही है।

**युद्धविराम पर बातचीत के बीच इजरायली फोर्स ने राफा में किया हमला**

हमास ने शनिवार को कहा कि उसने मध्यस्थ मिस्र और कतर से गाजा में युद्धविराम के लिए मिले नए प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। इसके बाद इजरायल ने कहा कि उसने तीसरे मध्यस्थ अमेरिका के साथ समन्वय से एक नया प्रस्ताव दिया है। मिस्र ने इस सप्ताह की शुरुआत में इजरायल की ओर से हमले शुरू करने के बाद गाजा में युद्धविराम के लिए एक प्रस्ताव रखा था। इसे शनिवार को हमास ने मंजूरी दी है।

हमास के गाजा प्रमुख खलील अल-हय्या ने शनिवार को अपने बयान में कहा, हम युद्ध खत्म करने के लिए सभी प्रस्तावों पर जिम्मेदारी से काम कर रहे हैं। दो दिन पहले हमें मध्यस्थों से प्रस्ताव मिला था, जिसे हमने स्वीकार किया है। हमास को उम्मीद है कि इजरायल इसे बाधित नहीं करेगा और मध्यस्थों के प्रयासों को कमजोर नहीं करेगा।

## न्यू कमर्स को बॉलीवुड करता है इग्नोरः ऋचा

**मुंबई, जेएनएन।** फिल्म इंडस्ट्री में कई तरह की बातें सुनने और पढ़ने को मिलती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने न्यू कमर्स और बड़ी फिल्मों के फ्लॉप होने पर खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने कहा, जब बड़े सितारों की फिल्में डूब जाती हैं तो लोग डर जाते हैं। फिल्म मेकर अनुराग कश्यप और



हंसल मेहता ने फिल्म इंडस्ट्री में स्ट्रगल के बारे में बात की, इसी पर बात करते हुए ऋचा ने भी राय रखी। एक्ट्रेस ने कहा, हम लोगों को न्यू कमर्स को और ज्यादा मौका देना चाहिए, लेकिन ये बहुत बुरा है कि आज बड़े-बड़े मेकर्स स्टीरियो टाइप ट्रेंड को फॉलो कर रहे हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि कई बार बिजनेस आपको रिस्क लेने के लिए अलाउ नहीं करता है। ये केवल एक्टर्स के लिए नहीं बल्कि फिल्म मेकर्स के साथ भी होता है। ऋचा ने हाल ही में फिल्म गर्ल्स विल भी गर्ल्स को प्रोड्यूस किया था। ऐसे में एक्ट्रेस फिल्मों में न्यू कमर्स को काम देने के लिए काम कर रही हैं, लेकिन ये बदलाव इतनी जल्दी स्वीकार नहीं हो सकता। मैं सिर्फ एक ही फिल्म की निर्माता हूं और मुख्य रूप से एक्टर हूं। इस बारे में बड़े सितारों को ज्यादा बात करनी चाहिए। ऋचा ने कहा, बॉलीवुड वालों को साउथ इंडस्ट्री से कुछ सीखना चाहिए। खासतौर से ये कि वो कैसे कमर्शियल सक्सेस और क्रिएटिव रिस्क के बीच बैलेंस बनाते हैं। हमें उनसे सीखना चाहिए कि कैसे बिग एक्टर्स फिल्मों की कहानी पर फोकस करते हैं।

## मोदी का उत्तराधिकारी महाराष्ट्र से होगाः राउत

**नागपुर, जेएनएन।** पीएम मोदी के उत्तराधिकार की अटकलों को महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने खारिज कर दिया। फडणवीस ने कहा कि पीएम मोदी आने वाले कई वर्षों तक देश का नेतृत्व करते रहेंगे। नागपुर में संवाददाताओं से बातचीत में फडणवीस ने दावा किया कि 2029 में हम मोदी को चौथी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखेंगे। सीएम ने कहा, मोदी के उत्तराधिकारी की तलाश करने की कोई आवश्यकता नहीं है। वह हमारे नेता हैं और आगे भी बने रहेंगे। नेता के सक्रिय रहते हुए उत्तराधिकार पर चर्चा करना भारतीय संस्कृति में अनुचित माना जाता है। यह मुगल संस्कृति है। इस पर चर्चा करने का समय अभी नहीं आया है। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने दावा किया कि पीएम मोदी रविवार को नागपुर स्थित संघ मुख्यालय इसलिए पहुंचे थे, ताकि वे संदेश दे सकें कि वह सेवानिवृत्त हो रहे हैं। राउत ने कहा, संघ देश के राजनीतिक नेतृत्व में बदलाव चाहता है। उन्होंने दावा किया, वह (मोदी) संभवतः सितंबर में सेवानिवृत्ति आवेदन लिखने के लिए संघ मुख्यालय गए होंगे। दरअसल, राउत का इशारा भाजपा में 75 साल की उम्र में सेवानिवृत्त होने की तरफ था। पीएम मोदी इसी साल सितंबर महीने में 75 साल के हो जाएंगे। उधर, नागपुर में वरिष्ठ आरएसएस नेता सुरेश भैयाजी जोशी ने कहा कि उन्हें (पीएम के) रिप्लेसमेंट के बारे में किसी भी चर्चा की जानकारी नहीं है। पीएम बनने के 11 साल बाद मोदी पहली बार नागपुर संघ मुख्यालय पहुंचे थे।

**फडणवीस बोले-पिता के रहते उत्तराधिकार की बात करना मुगल संस्कृति**

# 'शिवाजी ने बनवाया था अफजल का मकबरा'

### संघ नेता भैयाजी जोशी बोले-जिसकी जहां आस्था, वहीं जाएगा

**नागपुर, जेएनएन।** मुगल शासक औरंगजेब की कब्र को लेकर महाराष्ट में सियासी घमासान जारी है। अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सर कार्यवाह भैयाजी जोशी ने औरंगजेब के मुद्दे पर भी राय रखी है। सोमवार को नागपुर में पीएम मोदी के दौरे के बाद मीडिया से मुखातिब हुए जोशी ने कहा, औरंगजेब का विषय बिना वजह उठाया जा रहा है, जो ठीक नहीं है। उनकी मृत्यु यहां हुई, तो लोग उनकी कब्र पर जाएंगे। यह उनकी श्रद्धा है। जो जाना चाहते हैं, वे जाएं। इसमें कोई बड़ी बात नहीं है। जोशी ने इस मुद्दे को अनावश्यक विवाद बताते हुए तूल न देने की सलाह दी। जोशी ने कहा कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने रविवार को औरंगजेब की कब्र को लेकर सांप्रदायिक तनाव भड़काने के प्रयासों की निंदा करते हुए कहा था कि इतिहास को जाति और धर्म के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। ठाकरे ने यह भी कहा कि मुगल शासक 'शिवाजी नामक एक विचार को मारना' चाहता था, लेकिन असफल रहा और वह महाराष्ट्र में मरा। जोशी ने कहा कि हमारे पास छत्रपति शिवाजी महाराज का आदर्श है, उन्होंने अफजल खान का मकबरा बनवाया था। यह भारत की उदारता और समावेशिता का प्रतीक है। मकबरा बना रहेगा और जो भी वहां जाना चाहेगा, वह जाएगा।'



### इतिहास को धर्म के चश्मे से न देखें : राज ठाकरे

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के प्रमुख राज ठाकरे ने रविवार को औरंगजेब की कब्र को लेकर सांप्रदायिक तनाव भड़काने के प्रयासों की निंदा की और कहा कि इतिहास को जाति और धर्म के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। राज ठाकरे ने कहा, ऐतिहासिक जानकारी के लिए कभी भी व्हाट्सएप पर भरोसा ना करें। मुगल शासक हमेशा शिवाजी नामक विचारों को मारना चाहते थे। हालांकि, वह सफल नहीं हो सके थे। राज ठाकरे ने कहा, बीजापुर के सेनापति अफजल खान को प्रतापगढ़ किले के पास दफनाया गया था और छत्रपति शिवाजी की अनुमति के बिना ऐसा नहीं किया जा सकता था।

## रिपोर्ट में दावा : एचएएल ने रूस को भेजी प्रतिबंधित तकनीक

### विदेश मंत्रालय ने किया इनकार

**नई दिल्ली,जेएनएन।** न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) पर रूस को प्रतिबंधित तकनीक भेजने का आरोप लगाया गया है। विदेश मंत्रालय ने इस रिपोर्ट को गलत और भ्रामक बताया है। मंत्रालय ने कहा कि एचएएल ने सभी अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन किया है। मंत्रालय ने कहा कि इस रिपोर्ट में तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। इसके जरिए एक खास पॉलिटिकल नैरेटिव बनाने की कोशिश की गई है। मंत्रालय ने कहा, एचएएल ने अंतरराष्ट्रीय नियमों का पूरी तरह से पालन किया है। वह एक सरकारी कंपनी है। यह कंपनी दूसरे देशों के साथ व्यापार के नियमों और अंतिम इस्तेमाल की शर्तों का पालन करती है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि रिपोर्ट देखी है। यह तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक है। एचएएल ने रणनीतिक व्यापार नियंत्रण और अंतिम उपयोगकर्ता प्रतिबद्धताओं पर अपने सभी अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का ईमानदारी से पालन किया है।




### रिपोर्ट में क्या

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में कहा गया कि 2023 और 2024 के बीच एक ब्रिटिश एयरोस्पेस फर्म, एचआर स्मिथ ग्रुप ने एचएएल को प्रतिबंधित तकनीक भेजी। बाद में पता चला कि इस तकनीक का इस्तेमाल रूस की सरकारी हथियार एजेंसी, रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ लेनदेन में किया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, एचएएल ने एचआर स्मिथ की सहायक कंपनी, टेकटेस्ट से पार्ट्स मिलने के बाद रूस को कई बार उपकरणों की शिपमेंट की।

## नेपालः प्रदर्शन में लूटपाट, एक भारतीय समेत 9 गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में राजशाही समर्थक प्रदर्शन के दौरान एक डिपार्टमेंटल स्टोर से विभिन्न वस्तुओं की लूट में शामिल होने के आरोप में एक भारतीय नागरिक सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार के प्रदर्शन और तोड़फोड़ के दौरान भटभटेनी डिपार्टमेंटल स्टोर को लूटने के आरोप में गिरफ्तार किए गए लोगों में बिहार के पटना का रहने वाला रवि रंजन कुमार भी है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार लोगों ने स्टोर से व्हिस्की की बोतलें, फल, बीयर और मेकअप के सामान लूटे। काठमांडू घाटी अपराध जांच कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि पुलिस ने गिरफ्तार लोगों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। काठमांडू के बनेश्वर-तिनकुने इलाके में राजशाही समर्थक प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया, एक राजनीतिक दल के कार्यालय पर हमला किया, वाहनों में आग लगा दी और दुकानों में लूटपाट की। हिंदू राजा की बहाली की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़पों में एक टीवी कैमरामैन सहित दो लोगों की मौत हो गई और 110 अन्य घायल हो गए।

# ट्रंप प्रशासन के एक्शन से भारतीय छात्रों में घबराहट, 300 वीजा रद्द

### विरोध प्रदर्शनों में शामिल छात्रों की सोशल मीडिया गतिविधियों पर नजर

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के विदेशी छात्रों के खिलाफ एक्शन के बाद वहां पढ़ाई कर रहे भारतीयों में घबराहट है। ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में 300 से अधिक छात्रों के वीजा रद्द कर दिए हैं। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ये जानकारी दी है, जिसने आशंकाओं को बढ़ा दिया है कि अधिक छात्रों को वापस भेजा जा सकता है। ट्रंप प्रशासन की यह कार्रवाई उन छात्रों के खिलाफ है, जो कैंपस में विरोध प्रदर्शनों में शामिल रहे हैं। इसमें खास तौर पर फिलिस्तीन के समर्थन करने वालों को निशाना बनाया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि कार्रवाई में केवल वे ही छात्र नहीं शामिल किए जा रहे हैं, जो शारीरिक रूप से विरोध प्रदर्शनों में शामिल थे, बल्कि उन्हें भी कार्रवाई का सामना करना पड़ा है, जिन्होंने सोशल मीडिया कथित राष्ट्र-विरोधी पोस्ट को लाइक, शेयर या कमेंट किया था। छात्रों की सोशल मीडिया पोस्ट तक को खंगाला जा रहा है।




### कौन है ओजतुर्क?

चाइल्ड स्टडी एंड ह्यूमन डेवलपमेंट में शोध छात्रा रुमेसा ओजतुर्क को मंगलवार शाम को टफ्ट्स यूनिवर्सिटी के बाहर सादे कपड़ों में एजेंटों ने हिरासत में ले लिया था। उन्होंने एक साल पहले टफ्ट्स डेली में एक लेख लिखा था, जिसमें यूनिवर्सिटी द्वारा इजरायल से जुड़ी कंपनियों से अलग होने से इनकार करने और फिलिस्तीनी अधिकारों पर उसके रुख की आलोचना की गई थी।

### छात्रों को तलाश रहे अधिकारी

राष्ट्रीय सुरक्षा पर सख्त रुख अपनाने वाले रुबियो ने हाल ही में कहा था कि 300 से अधिक वीजा रद्द कर दिए हैं। उन्होंने कहा, हम हर दिन इन पागलों की तलाश कर रहे हैं, जो चीजों को नष्ट कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने इसकी जानकारी नहीं दी जिसकी वजह से वीजा रद्द किए गए। उनकी टिप्पणी तुर्की की एक छात्रा के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में आई, जिसे बोस्टन के बाहर मैसाच्युसेट्स में हिरासत में लिया गया था। उसने में गाजा में इजरायली हमले के खिलाफ फिलिस्तीनियों के लिए समर्थन व्यक्त किया था।

## नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट हुए जेल में बंद इमरान

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम और फिलहाल जेल में बंद इमरान खान को नोबेल पीस प्राइज के लिए नॉमिनेट किया गया। इमरान को मानवाधिकार और लोकतंत्र के लिए उनकी कोशिशों के लिए नोबेल पीस प्राइज के लिए नॉमिनेट किया गया है। पाकिस्तान वर्ल्ड अलायंस और नॉर्वेजियन राजनीतिक पार्टी सेंट्र की ओर से ये जानकारी दी गई है। पार्टी सेंट्रम की ओर से एक्स पर कहा गया, हमें पार्टी सेंट्रम की ओर से इस बात की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि नॉमिनेशन के राइट वाले किसी व्यक्ति के साथ गठबंधन कर पाक के पूर्व पीएम इमरान खान को पाकिस्तान में मानवाधिकार और लोकतंत्र के साथ उनके काम के लिए नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया गया है। बता दें कि यह दूसरा मौका है जब इमरान खान को नोबेल पीस प्राइज के लिए नॉमिनेट किया गया है। इससे पहले 2019 में दक्षिण एशिया में शांति को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों के लिए नॉमिनेट किया गया था।पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक इमरान, अगस्त 2023 से जेल में बंद हैं।

**स्वास्थ्य** | ऑस्ट्रिया की मेडिकल यूनिवर्सिटी ऑफ विएना के शोधकर्ताओं की स्टडी में चौंकाने वाला खुलासा

# बिना लक्षण किडनी को नुकसान पहुंचा रहा हाई बीपी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** हमारे शरीर में किडनी अहम अंगों में से एक है। ये शरीर में कई जरूरी काम करती है। किडनी के कई सारे काम होते हैं, जिनमें से खून को साफ करना, टॉक्सिन्स को शरीर से बाहर निकालना और एक्स्ट्रा तरल पदार्थों को फिल्टर करना है मुख्य काम है। किडनी ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने, इलेक्ट्रोलाइट्स को संतुलित करने, रेड ब्लड सेल्स को प्रोड्यूस करने और हड्डियों को हेल्दी बनाने में भी मदद करती हैं। हालांकि, कई बार हाई बीपी की समस्या से किडनी को भी खतरा हो सकता है। ये हम नहीं, ऑस्ट्रिया की मेडिकल यूनिवर्सिटी ऑफ विएना के शोधकर्ताओं का कहना है। शोधकर्ताओं ने रिसर्च में पाया कि हाइपरटेंशन की वजह से किडनी में मौजूद खास कोशिकाओं (पोडोसाइट्स)



को नुकसान पहुंच सकता है। सबसे जरूरी बात तो ये है कि इनके लक्षण भी नहीं नजर आते हैं और ये किडनी को डैमेज कर देते हैं, भले ही आपको डायबिटीज जैसी कोई बीमारी न हो। रिसचर्स रेनर ओबरबाउर और हेंज रेगेले ने बताया कि अगर हाई ब्लड प्रेशर की समस्या को समय रहते पहचान लिया जाए तो इसका इलाज किया जा सकता है। इससे किडनी को खराब होने से भी बचाया जा सकता है।

### क्या कहती है यह स्टडी?

यह स्टडी 'हाइपरटेंशन' नाम की मेडिकल जर्नल में प्रकाशित हुई है। इसमें 99 मरीजों के किडनी टिशू का सर्वेक्षण किया गया, जिनमें कुछ को हाई ब्लडप्रेशर और टाइप 2 डायबिटीज थी, जबकि कुछ पूरी तरह से स्वस्थ थे। शोधकर्ताओं ने इन मरीजों के किडनी के टिशूज को विशेष इमेजिंग तकनीक और कंप्यूटर से विश्लेषण किया है।

**डीप-लर्निंग एल्गोरिदम का इस्तेमालः** इसके तहत पोडोसाइट्स और ग्लोमेरुली की संरचना और घनत्व को मापा गया। इस प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित डीप-लर्निंग एल्गोरिदम का इस्तेमाल किया गया, जिससे टिशू के डिजिटल सेक्शन को खुद से विश्लेषित किया गया और किडनी की सूक्ष्म संरचना को समझा गया।

**पोडोसाइट्स की संख्या रही कमः** अध्ययन के प्रमुख लेखक क्रिस्टोफर पासचेन ने बताया कि हाई बीपी वाले मरीजों में पोडोसाइट्स की संख्या बेहद कम पाई गई, जबकि उनकी कोशिकाओं के सेल न्यूक्लियस का आकार बढ़ा हुआ था। इनमें टाइप-2 डायबिटीज जैसी कोई बीमारी भी नहीं थी। इससे साफ जाहिर है कि हाई बीपी अपने आप किडनी को नुकसान पहुंचाने में सक्षम है।

**नहीं नजर आते कोई भी लक्षणः** उन्होंने बताया कि यह नुकसान काफी पहले शुरू हो जाता है, जब तक मरीज को कोई लक्षण महसूस भी नहीं होते। ये भी बताया कि किडनी का काम शरीर से टॉक्सिन्स (गंदगी) और अतिरिक्त पानी को बाहर निकालना है।

### ऐसे कंट्रोल करें हाई ब्लड प्रेशर

ब्लड प्रेशर को नियमित रूप से मॉनिटर करें। अगर हाई बीपी है, तो इसे कंट्रोल में रखना बेहद जरूरी है। संतुलित आहार, नमक कम खाना, नियमित व्यायाम और तनाव न लेने से हाई बीपी कंट्रोल किया जा सकता है। अगर परिवार में किसी को किडनी से जुड़ी समस्या रही हो तो समय-समय पर किडनी की जांच करानी चाहिए। अगर हाई ब्लड प्रेशर लंबे समय से बना हुआ है, तो डॉक्टर से जरूर मिलें।

## अमेरिका ने हमला किया तो जोरदार झटका लगेगा: ईरान

### बमबारी वाली धमकी पर खामेनेई की ट्रंप को दो-टूक

**दुबई।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने सोमवार को कहा कि अगर अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी पर अमल करता है, तो उसे जोरदार झटका लगेगा, बशर्ते कि तेहरान वॉशिंगटन के साथ नया परमाणु समझौता न कर ले। ट्रंप ने रविवार को धमकी दोहराई कि अगर ईरान ने मार्च की शुरुआत में ईरान के नेतृत्व को भेजे गए पत्र में लिखे वार्ता के लिए उनके प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया तो ईरान पर बमबारी की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि बमबारी इतनी विध्वंसक होगी कि दुनिया ने कभी देखी नहीं होगी। ईरानी अधिकारियों ने हाल ही में हुई देश में अशांति के लिए पश्चिम को जिम्मेदार ठहराया है, जिसमें हिजाब नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में हिरासत में ली गई एक युवती महसा अमिनी की हिरासत में मौत पर 2022-2023 के विरोध प्रदर्शन और ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर 2019 में देशव्यापी विरोध प्रदर्शन शामिल हैं।



### ईरान ने स्विट्जरलैंड के दूतावास को चेताया

ईरान ने सोमवार को तेहरान में स्थित स्विट्जरलैंड के दूतावास को ट्रंप की धमकियों के बारे में चेतावनी दी। स्विट्जरलैंड का दूतावास ही ईरान में अमेरिकी हितों का प्रतिनिधित्व करता है। यह दूतावास ही अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता का काम करता है। अपनी चेतावनी में, ईरान ने किसी भी खतरे का निर्णायक और तत्काल जवाब देने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया।

## वनकर्मियों को अग्नि रोधी किट एवं उपकरण वितरित कर दिया गया डेमो

**पन्ना।** विगत एक माह में दक्षिण पन्ना वनमण्डल अंतर्गत समस्त परिक्षेत्रों में वनकर्मियों को अग्नि रोधी किट आईटम्स वितरित किए गए। इनमें बूट्सए फायर बीटरए फायर ब्लैंकेटए आई प्रोटेक्टर गॉगल्सए हेलमेटए हाइ विजिबिलिटी वार्निंग वेस्टए बूट्सए अग्नि रोधी ग्लव्सए वाटर बॉटल्सए इत्यादि सम्मिलित हैं। वन परिक्षेत्र रैपुरा एवं शाहनगर में रेंज ऑफिसर श्री राजित द्विवेदीए वन परिक्षेत्र पवई में रेंज ऑफिसर श्री नीतेश पटेलए तथा वन परिक्षेत्र सलेहा एवं कल्दा में रेंज ऑफिसर श्री परिवेश भदौरिया द्वारा अधीनस्थ अमले में वितरण किया गया। पवई में इस सामग्रियों के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया। मोहन्द्रा वन परिक्षेत्र में रेंज ऑफिसर श्री अभय दूबे द्वारा सबसे पहले ही वितरण किया जा चुका था। यह सामग्री वनकर्मियों को वन अग्नि नियंत्रण में उपयोगी साबित होगी। साथ हीए वन अग्नि नियंत्रण कार्यवाही के दौरान आत्म सुरक्षा हेतु भी प्रभावी रहेगी।

## पशु चिकित्सालय की भूमि पर कब्जा करने के लिए काटे जा रहे हैं हरे भरे फलदार वृक्ष

**पन्ना ।** पन्ना जिले में शासकीय भूमि पर कब्जा करने अवैध प्लाटिंग करने बिना डायवर्शन के मनमाने तरीके से भूमि क्रय विक्रय करने के गोरख धंधा चल रहा है भू माफिया सरकारी जमीनों को भी कब्जा करने से नहीं चूक रहे हैं और इसी प्रकार रानी बाग रोड पशु विभाग का सामने आया जहां पर पशु विभाग से लेकर सिविल लाइन तक 10 से 15 एकड़ वेश कीमती जमीन पर प्लाटिंग का कार्य चल रहा है एवं पशु विभाग की जमीन पर से रोड बनाई जा रही है जिस पर हरे भरे वृक्षों को बेरहमी से काटा जा रहा है । जबकि पशु विभाग उक्त जमीन को वेटरनरी अस्पताल की बता रहा है और यहां पर कर्मचारियों के क्वार्टर्स बने हुए हैं इस संबंध में पशु विभाग द्वारा तहसीलदार महोदय को तीन.तीन बार पत्र लिखकर सीमांकन की मांग की जिस पर सीमांकन ? दल भी गठित हुआ परंतु अभी तक सीमांकन नहीं हुआ पशु विभाग द्वारा वृक्ष काटे जाने के संबंध में भी शिकायत की परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई आज सुबह पशु विभाग के कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि यहां पर प्लाटिंग करने वाले प्रमोद खरे द्वारा वृक्ष कटवाए जा रहे हैं जिस पर पशु विभाग के कर्मचारियों ने विरोध किया मौके पर पत्रकारों द्वारा फोटो खींची जिस पर नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा विरोध किया गया कुल मिलाकर यह सारा खेल नगर पालिका से मिलकर चल रहा है। यदि सरकारी जमीनों पर इसी प्रकार से कब्जा होता रहा तो वह दिन दूर नहीं जहां शासकीय जमीन है खत्म हो जाएंगे प्रशासन को चाहिए कि तत्काल ध्यान दिया जाए।।

# विद्यालयों में मनाया गया प्रवेशोत्सव



**जागरण, गुनौर।** एक अप्रैल से स्कूल शिक्षा विभाग का नया सत्र 2025.26 एक अप्रेल से प्रारंभ हुआ। इसी कड़ी में गुनौर विकासखंड अंतर्गत हायर सेकेंडरी पटना तमोली में स्कूल चले हम अभियान के तहत नया सत्र प्रारंभ कर प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों को तिलक एवं फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया तथा पुस्तकें वितरित की गई इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य ममता शर्मा सरपंच विश्वनाथ चौरसिया संकुल प्रचार राम भुवन चौरसिया रमाकांत चौरसिया कृष्ण कुमार अमित चौरसिया सुभाष प्रदीप चौरसिया राम बहोरी सोनी राजकुमार चौरसिया मनोज बिलोहा लक्ष्मीकांत द्विवेदी सहित क्षेत्रीय गणमान उपस्थित रहे ।

## लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के त्वारित कार्यवाही से मिला 80 परिवारों को साफपानी

**पन्ना।** अजयगढ़ए आदिवासी बहुल्य क्षेत्र सिन्हाई ग्राम पंचायत का ग्राम धावारी गांव के दो हैन्ड पम्प खराब हो गये थे। पंचायत मित्र उर्मिल यादव एवं ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति समिति अध्यक्ष ने मैकेनिक को फोन कर जानकारी दी । समर्थन टीम ने वाटसप पर पीएचईडी उपयंत्री अनुराधा कुमार चौवे को जानकारी दी । तीन घन्टे के अन्दर मैकेनिक गांव पहुचकर दोनो हैन्डपतम्प सुधार दिया । ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति एवं पंचायत मित्र ने मैकेनिक का सहयोग किया जिससे कार्य जल्द ही पूरा हो सका ।

## बच्चों ने अपनी गुल्लक रामनवमी पर्व एवं शोभा यात्रा के सहयोग के लिए समर्पित की

**जागरण, पन्ना।** चैत्र नवरात्रि एवं रामनवमी के उपलक्ष में पन्ना शहर में चली आ रही परंपरा के अनुसार भगवान श्री रामचंद्र जी के जन्मोत्सव की तैयारी बडे जोर.शोर से चल रही है पन्ना नगर के मंदिरो को रंगीन लाइट प्रकाश से सजाया गया है रास्तों गलियों में सुंदर गेट और लाइट लगाई गई है जिससे नगर की सुंदरता बढ़ गई है नित्य प्रति शोभायात्रा भी निकल जाती है इस शुभ कार्य में पन्ना नगर के श्रद्धालु बढ़.चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं इस बीच दो बच्चे वेदांत और तनिष्क भगवान राम के इस पुनीत कार्य में शामिल होने सामने आए हैं उन्होंने वर्ष भर मिलने वाली प्रोत्साहन राशि को जो गुल्लक में जमा कर रखी थी दोनों ने अपनी गुल्लक सहयोग के रूप में समिति को सौंप दी है नगर के बड़ा बाजार



निवासी कक्षा 9 जो में पढ़ने वाले वेदांत शुक्ला पिता संतोष शुक्ला और कक्षा 9 मे ही पढ़ने वाले तनिष्क शुक्ला पिता सुशील शुक्ला ने अपनी गुल्लक तोड़कर 51 55 रुपए की सहयोग राशि भगवान राम की प्रभात फेरी और रामनवमी के निकलने वाले शोभायात्रा के लिए कमेटी को प्रदान की है।

## विशेष अभियान अंतर्गत उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही



**पन्ना।** पुलिस मुख्यालय पीटीआरआई भोपाल द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी व इनमें होने वाली मृत्यु दर की संख्या में कमी लाये जाने हेतु यातायात नियमों के विरुद्ध परिवहन कर रहे वाहनों के खिलाफ दिनांक 01ण्04. 2025 से दिनांक 15.04.2025 तक 15 दिवसीय विशेष अभियान संचालित किया जा रहा हैए इस अभियान में बिना बीमाए बिना फिटनेसए बिना बैध च्न्ब् ब्मतजपपिबंजमए बिना एचएसआरपी ;भ्ैत्च्द्धए बिना निर्धारित मापदंड के संचालित हो रहे ई.रिक्शा सहित बिना हेलमेटए ओव्हर स्पीड व ड्रकिंग ड्राइविंग कर वाहन चलाने वाले चालकों के के साथ.साथ 15 बर्षों से अधिक ऐसे पुराने वाहन जिन्होनें अपने वाहनों का पंजीयन का नवीनीकरण नहीं कराया गया हैए के विरुद्ध अधिक से अधिक चालानी कार्यवाही की जायेगी । उक्त संचालित विशेष अभियान के तारतम्य में श्रीमान पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटाए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वन्दना सिंह चौहान व अनुविभागीय अधिकारी ;पु0द्ध एसण्पीण्सिंह बघेल के दिशा निर्देशानुसार थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक श्रीमती नीलम लक्षकार द्वारा अपनी यातायात टीम के साथ मिलकर उक्त विशेष अभियान संचालित किया एअभियान अंतर्गत यातायात नियमों के ऐसे उल्लंघनकर्ता वाहन चालक जो बिना बीमाए बिना फिटनेसए बिना बैध बिना हेलमेटए ओव्हर स्पीड के साथ.साथ बिना निर्धारित मापदंड के संचालित हो रहे ई.रिक्शा वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गयीए अभियान अंतर्गत उपरोक्त शीर्षों सहित अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 39 वाहन चालकों के विरुद्ध एमण्व्हीण्एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही की जाकर 29500 रुपये समन शुल्क राशि वसूल की गयी । थाना प्रभारी यातायात निरीण् श्रीमती नीलम लक्षकार की आमजन से अपील है कि नाबालिकों को वाहन चलाने हेतु न देवेंए ड्रायविंग लाइसेंसए बीमाए फिटनेसए परमिट जैसे आदि जरूरी सभी दस्तावेज आवश्यक रुप से साथ में रखें । ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी जो यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं । आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है ।

## पूज्य संत सीताराम दास की अध्यक्षता में कृष्णा दास को बनाया गया सर्वसम्मति से मंहत



**टीकमगढ़।** आज स्थानीय नारगुड़ा दरवाजा स्थित लक्ष्मण जू सरकार मंदिर टीकमगढ़ में एक संत समिति मंडल की सभा बुंदेलखंड पीठाधीश्वर पूज्य संत सीताराम दास महाराज की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें कृष्णा दास को मंहत बनाने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है एवं मंहत पद के लिए तिलक - चंदन लगाकर ,पूजन पट्टिका व चादर उड़ाकर मंहत पद दिया गया है। जिसमें निम्न शर्ते रखी गई,पूज्य संत रामानंद निर्मोही अखाड़ा द्वारा की गई।नव नियुक्त मंहत द्वारा लक्ष्मण जी मंदिर की पूजा-अर्चना पूर्ण भाव के साथ समय से करनी होगी, मंदिर में किसी बाहरी पूज्य संत के आने पर ठहरने की व्यवस्था, मंदिर में गौ सेवा एंव संत सेवा की व्यवस्था करना, मंदिर में स्वच्छता- साफ सफाई - देखरेख एवं मंदिर में चेतन व्यवस्था रखने की जिम्मेदारी मंहत द्वारा होगी। सभी पूज्य संतों व भक्तजनों के द्वारा सर्वसम्मति प्रपत्र पर हस्ताक्षर किए गए।

## पुलिस की छवि हुई दागदार, दलित नाबालिग छात्र से रात भर की मारपीट दूसरे दिन पैसे लेकर छोड़ दिया



**टीकमगढ़ ।** कोतवाली थाना क्षेत्र का है जहां 28 मार्च को दो पुलिसकर्मियों द्वारा बीर वाल्मीक और उसके मित्र को उसकी दुकान से बिना किसी कारण के उठा लिया जाता है आगे जा कर बीर के दोस्त को छोड़ दिया गया जिसने घर पहुंच कर उसको परिजनों को सूचना दी, बीर वाल्मीक के पिता ने बताया कि जब वह कोतवाली पहुंचे तो पुलिस के द्वारा उनसे भी बदसलूकी की गई और कहा गया कि तेरा बेटा हथियार बेचता है और अगर उसको बचाना है तो दस हजार रुपए लेकर आ, उन्होंने आगे बताया कि पैसे न होने के कारण में वहा से चला आया ,सुबह पैसों का इंतजाम होने पर में कोतवाली पहुंचा जहां भानु अग्निहोत्री ने पीछे लेजाकर मुझसे पैसे लिए और बिना कोई केस दर्ज किए मेरे बेटे को छोड़ दिया , घर पहुंच कर जब मैंने अपने बेटे को देखा तो उसकी हालत बहुत खराब थी उसने बताया कि रात में मेरे साथ बुरी तरह से शराब के नशे में भानु अग्निहोत्री और उसके साथियों के द्वारा मेरे साथ मारपीट की गई साथ में मुझे नजरबाग के मैदान में लेजाकर जबरन कट्टा देकर मेरी फोटू भी निकाली गई ।

---

# मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

**(मध्यप्रदेश शासन का उपक्रम)**
**मुख्य अभियंता (योजना एवं रूपांकन)**
**ब्लॉक नं. 2 शक्तिभवन, रामपुर, जबलपुर (म.प्र). 482008, E-mail : ce.pnd@mptransco.nic.in.**
**दूरभाष (0761) 270-2132, 2242, CIN : U40109MP2001SGC014880**

**क्रमांक : 04-02/195/यो. रूपां./710** **जबलपुर, दिनांक : 24.03.2025**

## अधिसूचना

यह कि केन्द्रीय सरकार की विद्युत अधिनियम 2003 (संशोधनों, नियमों एवं उप-नियमों सहित) की धारा 67(2) एवं धारा 176(2) ङ के अधीन कर्तव्यों के पालन हेतु मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड जो कि म.प्र. शासन का उपक्रम है एवं पारेषण अनुज्ञप्तिधारी है, ने विद्युत उत्पादन गृहों से विद्युत की निकासी करने, विद्यमान अति उच्चदाब विद्युत उपकेंद्रों से राज्य के अन्य क्षेत्रों में बिजली पहुंचाने, राज्य के विभिन्न उत्पादन गृहों/उपकेंद्रों के बीच अति उच्चदाब लाइनों द्वारा अंतर्सम्पर्क स्थापित करने एवं विद्यमान पारेषण प्रणाली को सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से 400, 220 एवं 132 किलोवोल्ट पारेषण लाइनों एवं संबंधित उपकरणों की स्थापना हेतु पारेषण परियोजनायें स्वीकृत की हैं।

इन स्वीकृत पारेषण परियोजनाओं को मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड निम्नानुसार अधिसूचित करती है :-

(1) **नाम:** ये परियोजनायें 400, 220 एवं 132 किलोवोल्ट (केव्ही) लाइनों एवं उपकेन्द्रों से संबंधित कार्यों के निर्माण की परियोजनायें कहलायेंगी।

(2) **परियोजनाओं का विवरण:** परियोजनाओं में सम्मिलित विभिन्न कार्यों का क्षेत्र, लाइनों की लंबाई का विवरण निम्नानुसार है:-

**(I) महत्वपूर्ण नये विभागीय कार्य:**

**(क) 400 केव्ही लाइन निर्माण कार्य:**

1. नवीन 400 केव्ही कुक्षी उपकेन्द्र पर 400 केव्ही डीसीडीएस सरदार सरोवर (एचईपी) - 400 केव्ही उपकेन्द्र राजगढ़ (पीजीसीआईएल) लाइन के दोनों सर्किट का लीलो कार्य, कुल लंबाई 2x40 किमी.

**(ख) 220 केव्ही लाइन निर्माण कार्य:**

1. नवीन 400 केव्ही कुक्षी उपकेन्द्र पर 220 केव्ही डीसीडीएस जुलवालिया 400 केव्ही - कुक्षी 220 केव्ही लाइन के दोनों सर्किट का लीलो कार्य, कुल लंबाई 2x10 किमी.
2. 220 केव्ही डीसीडीएस लाइन का कुक्षी 400 केव्ही नवीन उपकेन्द्र से नवीन 220 केव्ही उपकेन्द्र अलीराजपुर तक निर्माण कार्य, कुल लंबाई 40 किमी.
3. 220 केव्ही डीसीडीएस लाइन का 220 केव्ही उपकेन्द्र निमरानी से 220 केव्ही नवीन उपकेन्द्र सिंघाना तक निर्माण कार्य, कुल लंबाई 60 किमी.
4. 220 केव्ही डीसीडीएस लाइन का 400 केव्ही उपकेन्द्र कुक्षी - नवीन 220 केव्ही उपकेन्द्र सिंघाना तक निर्माण कार्य, कुल लंबाई 40 किमी.
5. 220 केव्ही डीसीडीएस लाइन का 400 केव्ही उपकेन्द्र पीथमपुर से 220 केव्ही नवीन उपकेन्द्र हातोद तक निर्माण कार्य, कुल लंबाई 41 किमी.
6. 220 केव्ही ओंकारेश्वर (एचईपी) - निमरानी टेप लाइन का लीलो लाइन में परिवर्तन, कुल लंबाई 85 किमी.
7. 220 केव्ही बड़वाहा टेप लाइन का लीलो लाइन में परिवर्तन, कुल लंबाई 09 किमी.

**(ग) 132 केव्ही लाइन निर्माण कार्य:**

1. 132 केव्ही डीसीएसएस लाइन कुक्षी 400 केव्ही उपकेन्द्र से बड़वानी 132 केव्ही उपकेन्द्र से 132 केव्ही उपकेन्द्र पाटी तक निर्माण कार्य, कुल लंबाई 30 + 20 किमी.
2. 132 केव्ही लाइन 220 केव्ही उपकेन्द्र कुक्षी - 132 केव्ही उपकेन्द्र जोबट लाइन के एक सर्किट का 400 केव्ही नवीन उपकेन्द्र कुक्षी में लीलो कार्य, कुल लंबाई 10 किमी.
3. 132 केव्ही लाइन कुक्षी 220 केव्ही उपकेन्द्र से 132 केव्ही उपकेन्द्र अलीराजपुर लाइन के दोनों सर्किट का नवीन 220 केव्ही उपकेन्द्र अलीराजपुर में लीलो कार्य, कुल लंबाई 10 किमी.
4. 132 केव्ही डीसीडीएस लाइन का 220 केव्ही अलीराजपुर से 132 केव्ही उपकेन्द्र जोबट तक निर्माण कार्य, कुल लंबाई 30 किमी.
5. 132 केव्ही डीसीडीएस लाइन का 220 केव्ही अलीराजपुर से 132 केव्ही उपकेन्द्र अंबाजा (टीबीसीबी) तक निर्माण कार्य, कुल लंबाई 30 किमी.
6. 132 केव्ही डीसीडीएस लाइन का 220 केव्ही नवीन उपकेन्द्र सिंघाना से 132 केव्ही सिंघाना उपकेन्द्र तक निर्माण कार्य, कुल लंबाई 10 किमी.
7. 132 केव्ही डीसीडीएस लाइन इंदौर (जैतपुरा ) - देपालपुर के दोनों सर्किट का 220 केव्ही नवीन उपकेन्द्र हातोद में लीलो कार्य, कुल लंबाई 12 किमी.
8. 132 केव्ही सिंगल सर्किट शहपुरा - श्रीनगर डीपी / एफपी लाइन का टॉवर लाइन में परिवर्तन, कुल लंबाई 30 किमी.
9. 132 केव्ही सिंगल सर्किट बरगी - लखनादौन के मौजूदा लोकेशन नं. 12 से मौजूदा लोकेशन नं. 322 तक डीपी/एफपी लाइन का टॉवर लाइन में परिवर्तन, कुल लंबाई 54 किमी.
10. 132 केव्ही सिंगल सर्किट उन्हेल - रताड़िया के मौजूदा लोकेशन नं. 223 आर/एपी-1 से मौजूदा लोकेशन नं. 2/82 तक, डीपी/एफपी लाइन का टॉवर लाइन में परिवर्तन, कुल लंबाई 23 किमी.
11. 132 केव्ही सिंगल सर्किट बामौर - मालनपुर के मौजूदा लोकेशन नं. 182(138) से 132 केव्ही बामोर उपकेन्द्र तक डीपी/एफपी लाइन का टॉवर लाइन में परिवर्तन, कुल लंबाई 24 किमी.
12. 132 केव्ही सिंगल सर्किट मालनपुर - मेहगांव डीपी/एफपी लाइन का टॉवर लाइन में परिवर्तन, कुल लंबाई 35 किमी.
13. 132 केव्ही सिंगल सर्किट इटारसी - पिपरिया डीपी/एफपी लाइन का टॉवर लाइन में परिवर्तन, कुल लंबाई 64 किमी.
14. 132 केव्ही सिंगल सर्किट छैगांव - भीकनगांव डीपी/एफपी लाइन का टॉवर लाइन में परिवर्तन, कुल लंबाई 32 किमी.
15. 132 केव्ही सिंगल सर्किट तलाकपुर - जुलवानिया डीपी/एफपी लाइन का टॉवर लाइन में परिवर्तन, कुल लंबाई 23 किमी.
16. 132 केव्ही सिंगल सर्किट जुलवानिया - बड़वानी डीपी/एफपी लाइन का टॉवर लाइन में परिवर्तन, कुल लंबाई 42 किमी.
17. 132 केव्ही सिंगल सर्किट कुक्षी - राजगढ़ डीपी/एफपी लाइन का टॉवर लाइन में परिवर्तन, कुल लंबाई 70 किमी.
18. 132 केव्ही सिंगल सर्किट बड़वाहा- छोटी खरगौन डीपी/एफपी लाइन का टॉवर लाइन में परिवर्तन, कुल लंबाई 38 किमी.
19. 132 केव्ही सिंगल सर्किट राजगढ़ इंटरकनेक्टर डीपी/एफपी लाइन का टॉवर लाइन में परिवर्तन, कुल लंबाई 03 किमी.
20. 132 केव्ही डीसीएसएस बेलखेड़ा-करकबेल लाइन के द्वितीय सर्किट का निर्माण, कुल लंबाई 25 किमी.
21. 132 केव्ही जबलपुर 220 - पाटन 132 केव्ही लाइन का 132 केव्ही उपकेन्द्र बेलखेड़ा में लीलो कार्य, कुल लंबाई 60 किमी.
22. 132 केव्ही डीसीडीएस मण्डीदीप 400 केव्ही (टीबीसीबी) - महाबडिया लाइन का निर्माण कार्य, कुल लंबाई 30 किमी.
23. 132 केव्ही इटारसी 220 - पिपरिया 132 केव्ही लाइन का सेमरी हरचंद उपकेन्द्र में लीलो कार्य, कुल लंबाई 20 किमी.
24. 132 केव्ही डीसीएसएस ईटखेड़ी-बैरसिया लाइन का निर्माण कार्य, कुल लंबाई 30 किमी.
25. 132 केव्ही डीसीएसएस भितरवार - दतिया 220 केव्ही लाइन के द्वितीय सर्किट का निर्माण, कुल लंबाई 36 किमी.
26. 132 केव्ही डीसीएसएस चिन्नौर - भितरवार लाइन का निर्माण कार्य, कुल लंबाई 25 किमी.
27. 132 केव्ही बीना 220 - राजगढ़ एचईपी 132 केव्ही लाइन का मुंगावली उपकेन्द्र में लीलो कार्य, कुल लंबाई 20 किमी.
28. 132 केव्ही डीसीएसएस म्याना - गाडला लाइन का निर्माण कार्य, कुल लंबाई 40 किमी.
29. 132 केव्ही डीसीएसएस राघौगढ़ - चाचोड़ा लाइन के द्वितीय सर्किट का निर्माण, कुल लंबाई 20 किमी.
30. 132 केव्ही डीसीएसएस मोहासा बाबई - सेमरी हरचंद लाइन का निर्माण कार्य, कुल लंबाई 20 किमी.
31. 132 केव्ही डीसीएसएस धामनौद - जेतापुरा पलासिया लाइन का निर्माण कार्य, कुल लंबाई 10 किमी.
32. 132 केव्ही चापड़ा - देवास 220 केव्ही लाइन का 132 केव्ही शंकरगढ़ उपकेन्द्र में एक सर्किट का लीलो कार्य, कुल लंबाई 20 किमी.
33. 132 केव्ही डीसीएसएस मूंदी - पुनासा 220 ( प्रस्तावित) लाइन का निर्माण कार्य, कुल लंबाई 20 किमी.
34. 132 केव्ही कुक्षी - राजगढ़ (डी) 220 लाइन का 132 केव्ही उपकेन्द्र जोबट में लीलो कार्य, कुल लंबाई 40 किमी.
35. 132 केव्ही हंडिया (220) - कन्नोद टेप लाइन का लीलो लाइन में परिवर्तन, कुल लंबाई 43 किमी.
36. 132 केव्ही खातेगाव टेप लाइन का लीलो लाइन में परिवर्तन, कुल लंबाई 02 किमी.
37. 132 केव्ही जबलपुर (220) - तेजगढ़ टेप लाइन का लीलो लाइन में परिवर्तन, कुल लंबाई 34 किमी.
38. 132 केव्ही पाटन टेप लाइन का लीलो लाइन में परिवर्तन, कुल लंबाई 08 किमी.
39. 132 केव्ही छतरपुर (220) - खजुराहो टेप लाइन का लीलो लाइन में परिवर्तन, कुल लंबाई 33 किमी.
40. 132 केव्ही लवकुश नगर टेप लाइन का लीलो लाइन में परिवर्तन, कुल लंबाई 49 किमी.

**(घ) 400 केव्ही नवीन उपकेंद्र निर्माण :**

(1) कुक्षी में 2x500 एमव्हीए, 400/220 केव्ही+2x200 एमव्हीए, 220/132 केव्ही +1x50 एमव्हीए, 132 केव्ही ट्रांसफार्मर और 1x125 एमव्हीएआर, 400 केव्ही बस रिएक्टर के साथ नये 400/220/132 केव्ही सबस्टेशन का निर्माण (जिला अलीराजपुर)

**(ड.) 220 केव्ही नवीन उपकेंद्र निर्माण :**

(1) 220 केव्ही नवीन उपकेंद्र, अलीराजपुर (2x200 एमव्हीए ) + (2x50 एमव्हीए)
(2) 220 केव्ही नवीन उपकेंद्र, सिंघाना (2x200 एमव्हीए )
(3) 220 केव्ही नवीन उपकेंद्र, हातोद इंदौर (2x200 एमव्हीए ) + (2x50 एमव्हीए)

**(च) 132 केव्ही नवीन उपकेंद्र निर्माण :**

(1) 132 केव्ही नवीन उपकेंद्र, शताब्दीपुरम (2x50 एमव्हीए)
(2) 132 केव्ही नवीन उपकेंद्र, रेलवा (2x50 एमव्हीए)
(3) 132 केव्ही नवीन उपकेंद्र, पुनोर (2x50 एमव्हीए)
(4) 132 केव्ही नवीन उपकेंद्र, डूडूगांव (2x50 एमव्हीए)
(5) 132 केव्ही नवीन उपकेंद्र, जयसिंहनगर (2x50 एमव्हीए)
(6) 132 केव्ही नवीन उपकेंद्र, पपोंद (2x50 एमव्हीए)
(7) 132 केव्ही नवीन उपकेंद्र, बेड़िया (2x50 एमव्हीए)
(8) 132 केव्ही नवीन उपकेंद्र, राछेड़ (2x50 एमव्हीए)

**(छ) अतिरिक्त 132/33 केव्ही परिणामित्र स्थापना कार्य:**

(1) 132 केवी उपकेन्द्र - घंसौर, गोरखपुर, सावरी (करियाकला), पलोहाबड़ा, बैहर, रेहली, देवरी, अतरैला, मड़वास, सिंहावल, बेलखेड़ा, निवाडी, बिछिया, तेंदुखेड़ा, ओरछा, बरगी, लालबर्रा, राजमिलन, उंचेहरा, पटेरा, देवनगर, बिछुआ, बिलकिसगंज, पीलूखेड़ी, महाबडिया, ईंटखेड़ी, गोहद, भितरवार, कैलारस, म्याना, चचौड़ा, माचलपुर, नरसिंहगढ़, सुथालिया, मोहासा-बाबई, आई.टी. पार्क बड़वई, पत्रकार कालोनी भोपाल, तामोट, गोरमी, ग्यारसपुर, जैतपुरा पलासिया, शंकरगढ़, आगरोद, विक्रम उद्योगपुरी (नरवर), पाटी, शहपुरा (बड़वानी), पीपलपानी, सिंगोली, लालबाग (बुरहानपुर), सिमरोल निरंजनपुर, राऊखेड़ी, तीसगाव, नेट्रिप, झिरनिया, बुढ़ा, रामपुरा, उन्हेल, भैंसोला, महालक्ष्मी इंदौर, सिंगोट
(2) **220 केवी उपकेन्द्र -** बिरसिंहपुर पाली, गुड़गांव, मुंगलियाछाप, बुधनी, मुरैना, आदमपुर, भोपाल, शाजापुर, सेंधवा, सुवासरा, रतनगढ़, सैलाना, कनवन, भानपुरा
(3) **400 केवी उपकेन्द्र -** जुलवानियां (कुल नग - 76)

**(II) उपभोक्ता सहभागिता कार्य :**

**(क) अतिरिक्त 400/220 केव्ही परिणामित्र एवं फीडर बे का निर्माण कार्य :**

1. 400 केव्ही सबस्टेशन बीना पर 1x500 एमवीए परिणामित्र एवं 2 नंबर 220 केव्ही फीडर बे का निर्माण।

**(ख) 400 केव्ही पारेषण लाइन :**

1. एनएचएआई हरदा द्वारा निर्मित हरदा टेमागांव खंड में इंदौर बैतूल 4 लेन, एनएच 59 ए पुराना और एनएच 47 नया के निर्माण के कारण 400 केव्ही सिंगल सर्किट सारनी - इंदिरासागर लाइन के लोकेशन क्रमांक 332 से 345 मध्य **संशोधन/विस्थापन कार्य ।**

**(ग) 220 केव्ही पारेषण लाइन :**

1. राष्ट्रीय राजमार्ग जबलपुर द्वारा निर्मित जबलपुर रिंग रोड चार लेन रोड सेक्शन (एनएच-45 मानेगांव चैन क्र. - 19.050+39.180) पर 220 केव्ही (डीसीएसएस) जबलपुर - नरसिंहपुर लाइन के लोकेशन क्रमांक 26 से 31 के मध्य संशोधन/विस्थापन कार्य।
2. भारतमाला परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, एनएचएआई कटनी सेक्शन एनएच-39 रीवा बाईपास के मिसिंग लिंक सेक्शन के बीच 220 केव्ही डीसीडीएस रीवा-सीधी-सतना लीलो लाइन के लोकेशन क्रमांक 1 से 5 के मध्य संशोधन/विस्थापन कार्य।
3. भारतमाला परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, एनएचएआई कटनी सेक्शन एनएच-39 रीवा बाईपास के मिसिंग लिंक सेक्शन के बीच 220 केव्ही डीसीडीएस रीवा - मनगवां सर्किट 1 और 2 लाइन के लोकेशन क्रमांक 1 से 9 के मध्य संशोधन/विस्थापन कार्य।
4. भारतमाला परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, एनएचएआई कटनी सेक्शन एनएच-39 रीवा बाईपास के मिसिंग लिंक सेक्शन के बीच 220 केव्ही डीसीडीएस रीवा - टोंस - सिरमौर लाइन के लोकेशन क्रमांक 153 से 158 के मध्य संशोधन/विस्थापन कार्य।
5. पश्चिम रेलवे रतलाम के रतलाम खंडवा सेक्शन में ओंकारेश्वर - मुखत्यारा बलवाड़ा स्टेशनों के गेज परिवर्तन के कारण 220 केव्ही इंदौर - बरवाहा लाइन को लोकेशन क्रमांक - 110 से 114 पर संशोधन/विस्थापन कार्य।
6. मेसर्स टीएसीसी लिमिटेड (सी/ओ, एचईजी) देवास के प्रस्तावित 40 एमव्हीए विद्युत आपूर्ति के लिए 400 केव्ही उपकेन्द्र आस्था से 220 केव्ही डीसीडीएस लाइन का निर्माण कार्य।

**(घ) 132 केव्ही पारेषण लाइन :**

1. मेसर्स इंदौर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड के 60 मेगावाट सोलर प्लांट हेतु सोलर प्लांट तक 132 केव्ही उपकेन्द्र छोटी खरगोन से 132 केव्ही डीसीएसएस लाइन का निर्माण कार्य।
2. एनवीडीए एनडीडी - 21 सनावद जिला खरगांव की झिरनिया सूक्ष्म सिंचाई योजना के विद्युत आपूर्ति के लिए 400 केव्ही उपकेन्द्र छैगांव से पंप हाउस 2 तक 132 केव्ही डीसीएसएस लाइन का निर्माण कार्य।
3. एनवीडीए एनडीडी - 21 सनावद जिला खरगांव की झिरनिया सूक्ष्म सिंचाई योजना के विद्युत आपूर्ति के लिए 400 केव्ही उपकेन्द्र छेगांव से पंप हाउस 1 तक 132 केव्ही डीसीएसएस लाइन का निर्माण कार्य।
4. पश्चिम रेलवे रतलाम गोधरा रतलाम खंड पर मुंबई नई दिल्ली मार्ग पर आरटीएस रतलाम को विद्युत आपूर्ति के लिए, 220 केव्ही स्विचिंग सबस्टेशन रतलाम नगरा के 132 केव्ही स्विचयार्ड से 132 केव्ही डीसीडीएस 3 फेस 6 वायर पर निर्माण कार्य ।
5. पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के टीआरडी डिवीजन के आरटीएस नरसिंहपुर को विद्युत आपूर्ति के लिए 132 केव्ही 3 फेस 6 वायर डीसीडीएस करपगॉव से आरटीएस नरसिंहपुर तक लाइन पर निर्माण कार्य ।
6. भारतमाला परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, एनएचएआई कटनी सेक्शन एनएच-39 रीवा बाईपास के मिसिंग लिंक सेक्शन के बीच 132 केव्ही डीसीडीएस रीवा-सतना-सीधी लीलो रीवा लाइन के लोकेशन क्रमांक - 11 से 16 के मध्य संशोधन/विस्थापन कार्य।
7. भारतमाला परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, एनएचएआई कटनी सेक्शन एनएच-39 रीवा बाईपास के मिसिंग लिंक सेक्शन के बीच 132 केव्ही डीसीडीएस रीवा सिंगल सर्किट लाइन के लोकेशन क्रमांक - 31 से 38 के मध्य संशोधन/विस्थापन कार्य।
8. मध्य रेलवे मुंबई के आरटीएस पांदुर्णा को 3 फेज विद्युत आपूर्ति के लिए, 132 केव्ही उपकेन्द्र पांदुर्णा आरटीएस पांदुर्णा तक 132 केव्ही 2 फेस 6 वायर डीसीडीएस लाइन का निर्माण कार्य।
9. पश्चिम रेलवे रतलाम दाहोद - इंदौर नई लाइन निर्माण के कारण 132 केव्ही पीथमपुर - बेतमा लाइन के लोकेशन क्रमांक - 35 से 40 पर संशोधन/विस्थापन कार्य।
10. मेसर्स सिटेक्स एडवांस प्लास्टिक लिमिटेड औद्योगिक क्षेत्र जिला रायसेन को विद्युत आपूर्ति के लिए, 132 केव्ही अयोध्या नगर विदिशा लाइन को 132 केव्ही जमुनिया खेड़ा में लीलो हेतु 132 केव्ही लाइन का निर्माण कार्य।
11. पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के लालनगर साइडिंग कैमोर में ओएचई क्लीयरेंस बढ़ाने के लिए, 132 केव्ही मैहर कैमोर लाइन पर निर्माण कार्य।
12. पीडब्ल्यूडी एनएच भोपाल के द्वारा निर्मित शुजालपुर बाईपास रोड के एनएच - 752 सर्किट किमी 33.100 से 43,570 पर 132 केव्ही डीसीडीएस शुजालपुर - अरनियाकला 1 और 2 लाइन के लोकेशन क्रमांक- 11 से 18 के मध्य संशोधन/विस्थापन कार्य।
13. पीडब्ल्यूडी एनएच भोपाल के द्वारा निर्मित शुजालपुर बाईपास रोड के एनएच - 752 सर्किट किमी 33.100 से 43.570 पर 132 केव्ही डीसीडीएस शुजालपुर- अरनियाकला 1 और 2 लाइन के लोकेशन क्रमांक-03 से 6-16 के मध्य संशोधन/विस्थापन कार्य।
14. पीडब्ल्यूडी एनएच भोपाल के द्वारा निर्मित शुजालपुर बाईपास रोड के एनएच - 752 सर्किट किमी 33.100 से 43.570 पर 132 केव्ही डीसीडीएस शुजालपुर - मोहम्मदखड़ा आरटीएस 1 और 2 लाइन के लोकेशन क्रमांक - 15 से 20 के मध्य संशोधन/विस्थापन कार्य।
15. एनएचएआई हरदा द्वारा निर्मित हरदा टेमागांव खंड में इंदौर बैतूल 4लेन, एनएच-59 ए पुराना और एनएच -47 नया के निर्माण के कारण 132 केव्ही डीसीडीएस हरदा- सिवनी मालवा लाइन का लोकेशन कमांक - 263 से 277 के मध्य संशोधन/विस्थापन कार्य।

**(3) टॉवर, खंभे, तार आदि लगाने का अधिकार :**

उपरोक्त स्वीकृत परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, विद्युत अधिनियम - 2003 के अंतर्गत प्रदत्त सभी अधिकारों एवं उक्त अधिनियम के अंतर्गत बनाये गये अनुज्ञप्तिधारियों का संकर्म नियम 2006 के अधिकारों का भी प्रयोग करेगी। विद्युत के पारेषण एवं वितरण के लिए अथवा टेलीफोनिक या टेलीग्राफिक सिग्नलों के पारेषण हेतु टावर, खंबे, तार, दीवार ब्रेकेट, स्टे यंत्रों और उपकरणों को लगाने के लिए विद्युत अधिनियम-2003 ( संशोधनों, नियमों एवं उप-नियमों सहित) एवं उपरोक्त वर्णित नियम 2006 के प्रावधानों के अनुसार मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड को वे सभी अधिकार हैं एवं उनका वह उपयोग करेगी जो भारतीय तार यंत्र अधिनियम-1885 (1885 का 13) के तहत भारतीय तार यंत्र प्राधिकरण को रखरखाव अथवा स्थापित या भविष्य में स्थापित किये जाने वाले तार यंत्र के संबंध में प्राप्त हैं। एतद् द्वारा मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा स्वीकृत उपरोक्त पारेषण परियोजनायें राजपत्र एवं समाचार-पत्रों में प्रकाशन द्वारा जनता को अधिसूचित की जाती हैं।

**सही/-**
**(अतुल जोशी)**
**मुख्य अभियंता (मा. संसा. एवं प्रशा.)**

म.प्र. माध्यम/119480/2025

# साइक्लोथॉन का उद्देश्य भारत के आंतरिक क्षेत्र के समुदायों को देश के मनमोहक तट से जोड़ना






## सीआईएसएफ की ग्रेट इंडियन कोस्टल साइक्लोथॉन का समापन 6553 किलोमीटर की लंबी यात्रा 11 राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों को किया कवर

**जागरण बैढ़न।** सीआईएसएफको अपनी सुरक्षित तट समृद्ध भारत थीम पर आधारित ऐतिहासिक पहल ग्रेट इंडियन कोस्टल साइक्लोथॉन 25 के सफल समापन किया है। सीआईएसएफ द्वारा आयोजित ग्रेट इंडियन कोस्टल साइक्लोथॉन् का समापन कन्याकुमारी में हुआ। इस समापन समारोह में सीआईएसएफ के महानिदेशक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे कार्यक्रम के दौरान स्थानीय निवासियों की भीड़ ने सीआईएसएफ के साइकिल चालकों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया । यह कार्यक्रम विवेकानंद रॉक मेमोरियल और तमिल संत एवं दार्शनिक थिरुवल्लुवर की मूर्ति के निकट आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने तटीय क्षेत्रों की सुंदरता और महत्व को उजागर किया साथ ही पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाने पर भी जोर दिया। यह साइक्लोथॉन भारत के विस्तृत तटीय क्षेत्र की सुरक्षा में तटीय समुदायों के साथ साझेदारी की शुरुआत का प्रतीक है। इस अभियान ने तटीय सुरक्षा और सतत विकास के लिए एक नई दिशा दिखाई है जिससे देश के दीर्घ तटरेखा को सुरक्षित और संरक्षित रखने में मदद मिलेगी। इस साइक्लोथॉन को केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा राजदित्य चोल सीआईएसएफ क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र तक्कोलम रानीपेट जिला तमिलनाडु से वर्चुअल रूप से झंडी दिखाकर शुरू किया गया था । इस चुनौतीपूर्ण यात्रा में 125 समर्पित साइकिल चालक जिनमें 14 महिला बल सदस्य भी शामिल थीं ने भाग लिया। इन साइकिल चालकों ने कुल 6553 किमी की दूरी तय की जो 11 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से होकर 25 दिनों तक चली। इस साइक्लोथॉन के दौरान 1200 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न चरणों में इसमें भाग लिया जिससे इस पहल के प्रति जनता का मजबूत समर्थन सामने आया। इस साइक्लोथॉन को सीआईएसएफ की तटीय क्षेत्रों में स्थित विभिन्न इकाइयों के बल सदस्यों के साथ-साथ अन्य राज्य और केंद्रीय सरकार की एजेंसियों से समर्थन और महत्वपूर्ण सहयोग मिला ।

देश के प्रमुख तटीय शहरों और महत्वपूर्ण स्थलों जैसे पारादीप पोर्ट कोणार्क सूर्य मंदिर गेटवे ऑफ इंडिया मुंबई विशाखापत्तनम मैंगलोर चेन्नई कोचीन तथा पुडुचेरी में स्वागत और फ्लैग-ऑफ समारोह आयोजित किए गए जिसने साइक्लोथॉन के संदेश को और अधिक प्रभावशाली और व्यापक रूप से फैलाया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निवासियों को तट प्रहरी के रूप में सम्मानित करना और उनके अमूल्य योगदान को मान्यता देना था। इस प्रयास का उद्देश्य इन समुदायों को सशक्त बनाना भी था जिससे वे तटीय सुरक्षा के महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में सुरक्षा बलों की आंख और कान की भूमिका को प्रभावी रूप से निभा सकें और राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा में अहम भूमिका अदा करें। सायक्लोथॉन का उद्देश्य तटीय समुदायों को भारत की तटरेखा से जुड़े विभिन्न सुरक्षा खतरों के बारे में जागरूक करना था जिसमें तस्करी जैसे नशीले पदार्थ हथियार और विस्फोटक सामग्री जैसी अवैध गतिविधियों घुसपैठ के खिलाफ सतर्कता की आवश्यकताए और इन पारिस्थितिकीय रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण के महत्व के प्रति जन जागरूकता फैलाना था। इस साइक्लोथॉन ने सीआईएसएफ अन्य सुरक्षा एजेंसियों और तटीय समुदायों के बीच संचार और सहयोग को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन संवादों ने साझेदारी और साझा जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा दिया है जो एक मजबूत और लचीले तटीय सुरक्षा ढांचे के निर्माण के लिए आवश्यक है। अपनी सुरक्षा केंद्रित उद्देश्य के अलावा इस साइक्लोथॉन का उद्देश्य भारत के आंतरिक क्षेत्र के समुदायों को देश के मनमोहक तट से जोड़ना भी था। यह तटीय समुदायों की जीवंतता उनके वनस्पति और जीव-जंतुए तथा उन अनूठी सांस्कृतिक परंपराओं को उजागर करने का एक अवसर थाए जो भारत की तटीय पहचान को परिभाषित करती हैं साइक्लोथॉन ने सार्वजनिक सहभागिता का वास्तव में एक अद्वितीय स्तर प्राप्त किया जो इसकी व्यापक अपील और इसके संदेश की प्रभावशीलता को दर्शाता है। साइक्लोथन के मार्ग में आयोजित रैलियों अन्य आयोजनों और जागरूकता अभियानों में सक्रिय रूप से 30 लाख से अधिक लोग शामिल हुए जबकि साइक्लोथन का संदेश भौतिक संपर्कों के साथ-साथ विभिन्न ऑनलाइन और सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्मों के माध्यम से लगभग 2.5 करोड़ लोगों तक पहुंचा। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए सीआईएसएफयुनिट एनसीएल सिंगरौली के इकाई प्रभारी खिल्लारे एस पी कमांडेंट ने बताया कि आज कन्याकुमारी में सीआईएसएफ के द्वारा निकाली गई साईकिल रैली के समापन के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में एनसीएल सिंगरौली के सभी अधिकारी एवं जवान वर्चुअल माध्यम से साक्षी बने एवं साइक्लोथॉन के सफलता के लिये सभी प्रतिभागी को बधाई दी तथा जनता के भरपूर समर्थन के लिये उनके प्रति आभार प्रकट किया।

## शा. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व शा. उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया प्रवेश उत्सव




**जागरण, चितरंगी ।** विकासखंड के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चितरंगी व शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चितरंगी में बड़े धूम धाम से मनाया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे चितरंगी तहसीलदार ऋषिनारायण सिंह और अध्यक्षता कन्या विद्यालय प्राचार्य सचितानंद पांडे व उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य जगजीवन भारती मौजूद रहे जिसमे विधिवत पूजा पाठ विद्यार्थिओं का प्रवेश कार्यक्रम पुस्तक वितरण किया गया साथ ही सभी नवागत विद्यार्थिओं का टिका वंदन करते हुए अभिनन्दन किया गया मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य ने कहा की आप सभी शुभकामनाओ देता हु की हमारी प्राथमिकता है की विद्यार्थिओ को अच्छी से अच्छी और गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करना इस पूरे प्रवेश उत्सव मे मुख्य रूप से पूर्व विधायक अमर सिंह विधायक प्रतिनिधि प्रभात सिंह प्रवेन्द्र धर द्विवेदी दुर्गा सिंह बीईओ चितरंगी मिश्रिलाल सिंह कामता तिवारी अंशुमान सिंह रमाकांत पांडे मजीद खान बब्बू सिंह गहरवार एवं विद्यालय परिवार के स्टॉफ और विद्यार्थी मौजूद रहे इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यातिथि तहसीलदार चितरंगी ऋषिनरायन सिंह ने सभी छात्राओं को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाए दी ।

## नगर निगम अध्यक्ष की अध्यक्षता में परिषद की बैठक आयोजित



**जागरण, बैढ़न ।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के अध्यक्ष देवेश पांडेय की अध्यक्षता महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल मेयर इन काउंसिल के सदस्य के सदस्य खुर्शीद आलम शिवकुमारी कुशवाहा रुकमन प्रजापति श्यामला बर्मा बबली अंजला शाह राम गोपाल पाल रीता प्रजापति अर्चना विश्वकर्मा शशि पुष्पराज सिंह की उपस्थित में निर्धारित समयानुसार परम्परा अनुसार राष्ट्रगान के के गायन के साथ आरंभ हुई। परिषद बैठक में नगर निगम के के वार्षिक बजट पर चर्चा की जानी थी। किंतु नगर निगम आयुक्त को न्यायालयीन कार्य से उच्च न्यायालय जबलपुर में अनिवार्य रूप उपस्थित होने के कारण निगमायुक्त परिषद बैठक में अनुपस्थित थे ।उक्त को दृष्टिगत रखते हुए पार्षदों से विचार विमर्श कर बैठक को आगामी 4 तक स्थगित करने का निर्णय परिषद अध्यक्ष देवेश पांडेय के द्वारा लिया गया। परिषद बैठक आगामी 4 अप्रैल को निर्धारित समय अनुसार समय सुबह 11 बजे से आयोजित होगी। बैठक में नगर पालिक निगम सिंगरौली के बजट के संबंध में विस्तार से चर्चा की जाएगी। परिषद बैठक में नेता प्रतिपक्ष श्रीमती सीमा पार्षद भारतेन्दु पाण्डेय संतोष शाह परमेश्वर, अनिल, संतोष शाह अखिलेश सिंह शेखर सिंह सत्रुघन लाल शाह रामनरेश शाह प्रेम सागर मिश्रा राम मिलन भारती अनुष्का यादव आशीष बैस लालस कुमारी यादव राजबहादुर पनिका कमलेश कुमार बमा संजय सिंह सावनमती कुशवाहा बंतो कौर सहित निगम के उपायुक्त आरपी बैस उपायुक्त वित्त सत्यम मिश्रा उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं क्राइम कंट्रोल ब्यूरो के वाइस प्रसिडेंट बने डॉ वीरेंद्र पांडेय




**जागरण, देवसर ।** डॉ वीरेंद्र पांडेय एक बार फिर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम क्राइम कंट्रोल बयूरो के वाइस प्रसिडेंट बने है राष्ट्रीय मानवाधिकार एव क्राइम कंट्रोल बयूरो के वाइस प्रसिडेंट डॉ वीरेंद्र पांडेय को एक बार फिर से बनाया गया है नेशनल प्रसिडेंट डॉ रणधीर सिंह की अनुसंशा से आपको फिर से इस वर्ष यह जिम्मेदारी सौंपी गई है । बता दे कि आप देवसर के आने बाले कई ग्रामो में स्कूलों में आयोजन कर के मानव के अपने अधिकारों को किस तरह पाना है साथ ही नव युवकों में नशे की लत को कैसे खत्म करे साथ मे सुविधा विहीन ग्रामो पहुच कर टीबी जैसी बीमारी की निः शुल्क जांच एवम उपचार हेतु भी बहुत काम किए है इसी कार्य पर गत विश्व क्षय दिवस पर जिला क्षय अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र एवम पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है।

## वितीय वर्ष 24-25 में कोयला उत्पादन व प्रेषण में एनसीएल का बेहतरीन प्रदर्शन

**जागरण, सिंगरौली ।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल ने वित्त वर्ष 24- 25 में कोयला उत्पादन व प्रेषण में शानदार प्रदर्शन कर नया मुकाम हासिल किया है। एनसीएल ने विगत वित्त वर्ष 24-.25 में कोयला उत्पादन व प्रेषण में नया इतिहास रचा है। वित्त वर्ष 24.-25 के लिए निर्धारित 139 मिलियन टन कोयला उत्पादन के लक्ष्य को कंपनी ने हासिल कर लिया है। एनसीएल ने राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करते हुए चालू वित्त वर्ष में बिजली घरों सहित सभी उपभोक्ताओं को 137.7 मिलियन टन कोयला प्रेषण किया है।

इसी क्रम में एनसीएल ने लगभग 85 प्रतिशत कोयला पर्यावरण अनुकूल रेल एमजीआर व बेल्ट पाइप कंवेयर विधियों के माध्यम से प्रेषित किया है। इस उपलब्धि पर सीएमडी एनसीएल बी. साईराम व निदेशक कार्मिक मनीष कुमार निदेशक वित्त रजनीश नारायण निदेशक तकनीकी/संचालन जितेन्द्र मलिक व निदेशक तकनीकी/परियोजना एवं योजना सुनील प्रसाद सिंह ने एनसीएल टीम को बधाई दी है। उन्होंने कंपनी की इस सफलता का श्रेय एनसीएल कर्मियों की मेहनत व राष्ट्र की ऊर्जा जरूरतों के प्रति उनके अटूट समर्पण को दिया है । इस अवसर पर सीएमडी सहित समस्त निदेशक मंडल ने एनसीएल की विभिन्न परियोजनों का दौरा किया व एनसीएल कर्मियों के समर्पण और ऊर्जा संरक्षा के प्रति कटिबद्धता के आलोक में उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर कर्मियों से सीधे रूबरू होते हुए सीएमडी एनसीएल ने कहा कि एनसीएल कर्मियों ने कठिन परिदृश्य में विभिन्न बाधाओं को पार करते हुए लक्ष्यों को पूरा किया है जिसके लिए समस्त एनसीएल टीम बधाई की पात्र है गौरतलब है कि वर्ष 203-.24 के मुकाबले एनसीएल परिक्षेत्र में वर्ष 24.-25 में 218 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई इसके बाबजूद भी कंपनी ने वर्ष 23.-24 की तुलना में वर्ष 24-.25 में 2 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन किया है।




## सी.एम. राइज निवास में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**जागरण, निवास ।** सी.एम. राइज शास.उच्च. माध्य.विद्यालय निवास में आज प्रवेश उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस आयोजन से पूर्व विद्यालय द्वारा ध्वनि यंत्र के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया जिससे अधिक से अधिक अभिभावकों और विद्यार्थियों को इसकी जानकारी मिल सके। आज के आयोजन में नवप्रवेशी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का चंदन व रोली लगाकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को जलपान कराया गया और विधिवत कक्षाओं का संचालन किया गया। साथ ही उन्हें पाठ्यपुस्तकों की जानकारी दी गई और पुस्तकें वितरित की गईं। दोपहर अवकाश में विशेष रूप से विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए भोजन का आयोजन किया गया विद्यालय समय उपरांत बच्चों को टॉफियां वितरित की गईं और अवकाश दिया गया। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ सैकड़ों अभिभावकों ने उपस्थिति दर्ज कराई। आज के आयोजन में 72 बच्चों का विद्यालय में प्रवेश हुआ। सीएम राइज विद्यालय निवास क्षेत्र का एक अग्रणी विद्यालय है और इसके निरंतर प्रगति की कामना करते हुए हम इसके सफल प्रचार-प्रसार की सराहना करते हैं।

## जिलाध्यक्ष के नेतृत्व मे हुआ प्रभारी मंत्री का स्वागत

**जागरण, बैढ़न ।** प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके अपने दो दिवसीय दौरे पर सिंगरौली पहुंची। सिंगरौली जिले की सीमा निगरी चौराहे पर जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के नेतृत्व एवं निगरी मंडल अध्यक्ष जे पी शाह की अगुवाई तथा देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम की विशेष उपस्थिति में प्रभारी मंत्री का अभिनन्दन किया गया। सैकड़ों कार्यकर्ता तथा पदाधिकारियों ने प्रभारी मंत्रीको पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका अभिवादन किया। सुंदरलाल शाह को जिला संगठन के नवीन अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद उनके अध्यक्षीय कार्यकाल में प्रभारी मंत्री का यह प्रथम सिंगरौली दौरा था । जिले तथा मंडल के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रभारी मंत्री का अभिवादन किया। विभिन्न कार्यक्रमों को सम्पन्न करते हुए जब प्रभारी मंत्री जी सड़क मार्ग से निकल रही थी तो जगह जगह कार्यकर्ताओं ने उनका अभिवादन किया तथा ढोल नगाड़ों एवं पुष्प वर्षा से उनका स्वागत किया। नगर निगम सीमा पर प्रवेश करते ही परसौना चौराहे के पास युवामोर्चा जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह एवं सिंगरौली विधायक के नेतृत्व एवं मंडल अध्यक्ष बैढ़न सौरभ गुप्ता की विशेष उपस्थिति में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रभारी मंत्री का अभिनन्दन किया तथा उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किये। प्रभारी मंत्री दो दिवसीय अपने प्रवास पर सिंगरौली में उपस्थित रहेंगी तथा विभिन्न शासकीय तथा सांगठनिक गतिविधियों में सम्मिलित होंगी।



## उपाध्याय का सराहनीय योगदान रहा है : देवेश पाण्डेय

**जागरण, बैढ़न ।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के कार्यपालन यंत्री व्हीपी उपाध्याय को आज निगम सभागार में नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय सहित उपस्थित पार्षदों अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा शाल श्रीफल देकर भावभीन विदाई दी गई। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष ने कार्यपालन यंत्री के कार्यों की सराहना करते हुये कहा कि निगम क्षेत्र के विकास कार्यों में उपाध्याय जी का योगदान सराहनीय रहा है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत हो रहे निगम के कार्यपालन यंत्री ने लंबे समय तक नगर निगम कार्यालय में अपनी सेवाएं प्रदान करके अधीनस्थ कर्मचारियों का जिस तरह मार्गदर्शन किया एवं शहर के हित में किए जाने वाले कार्यों में अपना जो योगदान दिया उसे भुलाया नहीं जा सकता। हम सब उनके खुशमय आगामी जीवन की कामना करते है। इस अवसर पर पार्शद सीमा जयसवाल संतोष शाह परमेश्वर पटेल अनिल बैस संतोष शाह अखिलेश सिंह शेखर सिंह सत्रुघन लाल शाह रामनरेश शाह प्रेम सागर मिश्रा राम मिलन भारतीयअनुष्का यादव आशीष बैस लालस कुमारी यादव राजबादुर पनिका कमलेश कुमार बर्मा संजय सिंह सावनमती कुशवाहा बंतो कौर सहित निगम के उपायुक्त आरपी बैस उपायुक्त वित्त सत्यम मिश्रा सहायक यंत्री संतोष पाण्डेय एस.एन द्विवेदी उपयंत्री नितिन तिवारी सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## सरस्वती विन्ध्यनगर में हवन पूजन से प्रारम्भ हुआ शैक्षिक सत्र 25-26

**जागरण, विन्ध्यनगर ।** आज सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. माध्य. विद्यालय विन्ध्यनगर में नवीन सत्र 25-.26 का प्रारम्भ प्राचार्य प्रधानाचार्य द्वारा समस्त आचार्य भैया.बहनों का मुख्य द्वार पर तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात प्रार्थना सभागार में प्राचार्य मुद्रिका प्रसाद दुबे ने नये शिक्षा सत्र के लिए भैया.बहनों को शुभकामनाएँ दी। प्राचार्य प्रधानाचार्य आचार्य.दीदी एवं भैया.बहनों ने माता सरस्वती मन्दिर के सामने हवन पूजन किया।



## अधीक्षिका का समूचा काम छात्रावास में देख रहे शिक्षक पति

### कलेक्टर के यहां आवेदन देकर हुई शिकायत

**जागरण, सीधी**

आदिवासी विकास विभाग के छात्रावासों में अधीक्षकों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। छात्रावासों का औचक निरीक्षण न होने के कारण मनमानी संचालन करने की होड़ मची हुई है।ऐसा ही मामला तहसील चुरहट अंतर्गत अनुसूचित जन जाति कन्या छात्रावास भटहा का सामने आया है। उक्त छात्रावास में अधीक्षिका की बजाय उनके शिक्षक पति छात्रावास की देखरेख मनमानी तौर पर कर रहे हैं। शिकायतकर्ता प्रेमचंद्र सिंह निवासी ग्राम डढ़िया द्वारा कलेक्टर के यहां की गई शिकायत में कहा गया है कि अनुसूचित जन जाति कन्या छात्रावास भटहा में वार्डेन के पद पर श्रीमती ज्योति सिंह शिक्षिका वर्ग 3 पदस्थ हैं। वह छात्रावास में नियमित रूप से न रहकर जिला मुख्यालय में स्थित अपने मकान में परिवार के साथ रहती हैं। कुछ समय के लिए ही उनकी आवाजाही छात्रावास में होती है। उनके पति प्रदीप कुमार सिंह शहीद सुधाकर सिंह हायर सेकेण्ड्री स्कूल डढ़िया में शिक्षक वर्ग 2 में पदस्थ हैं। पत्नी के स्थान पर प्रदीप कुमार ही छात्रावास में जाकर वहां की व्यवस्थाओं को देखते हैं। शिकायत में कहा गया है कि छात्रावास में बच्चियों को मिलने वाली सुविधाओं में भारी कटौती की गई है। छात्रावास में आने वाली सामग्रियों को वार्डेन और उनके पति मनमानी तौर पर अपने घर ले जाते हैं। छात्रावास की मच्छरदानी, गैस सिलेंडर, कपड़े, दरी आदि अपने घर ले जाया गया है। भोजन व्यवस्था में भी गुणवत्ता का काफी अभाव बना हुआ है।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं सरकार की प्राथमिकता: रीती

### विधायक ने तिलक लगाकर छात्राओं का किया स्वागत

### सीएम राइज में जिलास्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

**जागरण, सीधी**

राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी विद्यालयों में स्कूल चले हम अभियान के तहत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम सीएम राइज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी में विधायक सीधी रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह द्वारा की गई। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सबसे पहले माँ सरस्वती का पुष्प माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर स्वस्ति वाचन किया गया। विधायक सहित अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी छात्राओं को तिलक लगाकर उनका विद्यालय में स्वागत किया गया तथा निःशुल्क पाठ्यपुस्तक छात्राओं को प्रदान की गई। विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं सरकार की प्राथमिकता है। शासकीय विद्यालयों में सरकार द्वारा सुविधाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। आज अभिभावक निजी स्कूलों के स्थान पर शासकीय विद्यालयों को प्राथमिकता दे रहे हैं। विधायक ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शासन स्तर से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। निःशुल्क गणवेश, पाठ्यपुस्तक, साइकल के साथ छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाती है। बच्चों को अच्छे अंक से उत्तीर्ण होने पर स्कूटी और लैपटाप प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान किया जाता है। विधायक ने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जिससे वह देश की एक जिम्मेदार नागरिक बन अपने परिवार और जिले का नाम रोशन करें। विधायक ने कक्षा 5वीं व 8वीं के अच्छे परीक्षा परिणाम पर छात्रों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं दी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने बच्चों को समय का सदुपयोग करते हुए अनुशासित रहकर शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थी जीवन आपके भविष्य की नींव तैयार करता है। आपके द्वारा आज की गई मेहनत आपको भविष्य में सुखद परिणाम देगी। पूरी ईमानदारी एवं समर्पण से शिक्षा प्राप्त करें। साथ ही विद्यालय की खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में भी सहभागिता करें। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा जिला परियोजना समन्वयक ने विभाग की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य सुभाष पटेल ने किया। इस अवसर पर पार्षद पूनम सोनी, विश्वबंधु धर द्विवेदी, पुनीत नारायण शुक्ला, पंकज पाण्डेय, राजेश द्विवेदी, पुष्पराज सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक गण, छात्राएं उपस्थित रहे।







## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| निकोलस (लखनऊ) | 145 |
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 137 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 136 |
| मिचेल मार्श (लखनऊ) | 124 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| नूर अहमद (चेन्नई) | 09 |
| मिचेल स्टार्क (दिल्ली) | 08 |
| खलील अहमद (चेन्नई) | 06 |
| शार्दुल ठाकुर (लखनऊ) | 06 |

## बाउंड्री मीटर



236 छक्के
359 चौके
24 अर्धशतक

मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव ने आठ हजार टी-20 रन पूरा करने के लिए कुल 5256 गेंदें लीं, जो कि आंद्रे रसल के बाद दूसरा सबसे तेज है। आंद्रे रसल ने 4749 गेंदों में अपने आठ हजार टी-20 रन पूरे किए थे।

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 02 | 02 | 00 | 04 | 2.266 |
| दिल्ली | 02 | 02 | 00 | 04 | 1.320 |
| लखनऊ | 02 | 01 | 01 | 02 | 0.963 |
| गुजरात | 02 | 01 | 01 | 02 | 0.625 |
| पंजाब | 01 | 01 | 00 | 02 | 0.550 |
| मुंबई | 03 | 01 | 02 | 00 | 0.309 |
| चेन्नई | 03 | 01 | 02 | 02 | -0.771 |
| हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 02 | -0.871 |
| राजस्थान | 03 | 01 | 02 | 00 | -1.112 |
| कोलकाता | 03 | 01 | 02 | 02 | -1.428 |

## खिलाड़ियों को तरोताजा रखने की कोशिश कर रहे हैं : मो बोबट

**बेंगलुरु, जेएनएन।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के संचालन प्रमुख मो बोबट ने मंगलवार को कहा कि वह खिलाड़ियों को यात्रा के आगामी व्यस्त दिनों के लिए तरोताजा रखने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे कि टीम उन महत्वपूर्ण मुकाबलों में अपना शीर्ष प्रदर्शन कर सके। आरसीबी ने आईपीएल के पहले पखवाड़े में सिर्फ दो मैच खेले हैं, लेकिन मुंबई इंडियंस के खिलाफ सत्र के उनके चौथे मैच से उनके लिए यात्रा का व्यस्त कार्यक्रम शुरू हो जाएगा। बोबट ने कहा, मुझे लगता है कि आपको जो कार्यक्रम दिया गया है उसके अनुसार ही काम करना होता है। हम निश्चित रूप से उन शुरुआती कुछ मैच पर ध्यान कंद्रित करने की कोशिश करते हैं, जिससे कि अपनी टीम को प्रेरित कर सकं। इसलिए हम इसका उपयोग टीम को प्रेरित करने के लिए करते हैं। इसलिए मुझे नहीं लगता कि यह कोई बड़ी समस्या है।

## मैदान से हटकर

### हार्दिक की रुमर्ड गर्लफ्रेंड को मिल रहा है वीआईपी ट्रीटमेंट






मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या अपने आईपीएल मैच में अपनी परफॉरमेंस के अलावा कथित गर्लफ्रेंड जैस्मिन वालिया को लेकर भी सुर्खियों में बने हुए हैं। पिछले कुछ समय से खबर सामने आ रही है कि 31 साल का यह ऑलराउंडर ब्रिटिश सिंगर और टीवी पर्सनालिटी जैस्मिन वालिया को डेट कर रहा है। सिंगर कई मौकों पर क्रिकेटर को सपोर्ट करते हुए देखी गई हैं। मुंबई और केकेआर के बीच मैच के दौरान भी जैस्मिन, हार्दिक और उनकी टीम को चीयर करते नजर आई। बाद में उन्हें विनिंग टीम की बस में भी देखा गया। आमतौर पर क्रिकेटर की इस बस में सिर्फ टीम और उनके बेहद करीबियों को बैठने की इजाजत होती है। इसके अलावा उन्हें वीआईपी ट्रीटमेंट मिल रहा है। स्टेडियम में फैमिली स्पॉट में उन्हें देखा जाता है, टीम की बस में अब उनकी भी सीट है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें जैस्मिन को मुंबई के क्रिकेटर और उनके करीबियों के साथ बस चढ़ते देखा जा सकता है। एक यूजर ने इस वीडियो पर कमेंट बॉक्स में लिखा, अगर वो टीम और फैमिली बस में है तो ये रुमर नहीं कन्फर्म गर्लफ्रेंड है, एक और यूजर ने लिखा, हार्दिक को प्यार मिलना चाहिए, वो डिजर्व करता है। (जेएनएन)

# छोटे से गांव से वानखेड़े पहुंचे अश्विनी, मुंबई के लिए स्वर्णिम डेब्यू

## बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने आईपीएल डेब्यू में झटके चार विकेट, इस मैच से पहले सिर्फ चार टी-20 मैच खेले थे

जेएनएन, मुंबई

मुंबई इंडियंस आईपीएल 2025 में जब पहली बार अपने घर पर आई, तब उन्होंने केकेआर के खिलाफ अपने एकादश में बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अश्विनी कुमार को भी शामिल किया। इस युवा गेंदबाज ने अपनी पहली ही गेंद पर विपक्षी टीम के कप्तान और मुंबई के घरेलू खिलाड़ी अजिंक्य रहाणे को अपना शिकार बना लिया। अश्विनी आईपीएल इतिहास में पहली गेंद पर विकेट चटकाने वाले 15वें गेंदबाज बन गए। मैच में अश्विनी ने चार विकेट लिए, जो कि किसी भी भारतीय का आईपीएल डेब्यू पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उन्होंने अजिंक्य रहाणे, रिंकू सिंह, मनीष पांडे और आंद्रे रसल जैसे अंतरराष्ट्रीय नामों को अपना शिकार बनाया। वे प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे। उनके प्रदर्शन की बदौलत मुंबई को सीजन में पहली जीत मिली। अश्विनी कुमार पंजाब के मोहाली जिले के झांझेरी गांव के एक बेहद ही साधारण परिवार से आते हैं, जिनके लिए क्रिकेट इक्विपमेंट भी खरीदना बहुत मुश्किल की बात है।



वह पूरे पंजाब में घूम-घूमकर क्रिकेट खेलते थे और वहां अच्छा प्रदर्शन कर उन्होंने सिर्फ 18 साल की उम्र में पंजाब के लिए प्रथम श्रेणी डेब्यू किया। हालांकि हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण उनके करियर का सफर डगमगा भी गया। दो साल बाद उन्होंने पंजाब टीम में वापसी की, लेकिन उन्हें सिर्फ एक रणजी ट्रॉफी मैच और एक विजय हजारे ट्रॉफी मैच मिला। 2022-23 में उन्हें तीन और सीमित ओवर मैच खेलने को मिले, लेकिन कभी भी नियमित मौका नहीं मिला। 2023 में उन्होंने चंडीगढ़ स्थित लॉन्चिंग पैड एकेडमी ज्वाइन किया और 2024-25 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उनकी वापसी हुई। 2024 आईपीएल आईपीएल के दौरान वह पंजाब किंग्स के नेट बॉलर भी थे। आईपीएल 2025 के दौरान अश्विनी ने सीएसके और मुंबई इंडियंस दोनों का ट्रायल दिया था और मुंबई के स्काउट्स उनसे बहुत प्रभावित हुए। उनके पास उतनी तेजी तो नहीं थी, लेकिन वह नई गेंद को दोनों तरफ स्विंग कराने के साथ-साथ पुरानी गेंद से वैरिएशन भी प्राप्त कर सकते थे। ऐसी क्षमता को देखते हुए मुंबई ने उन्हें नीलामी में 30 लाख रुपए में खरीदा।

### 140 की गति से गेंद फेंक सकते हैं

आईपीएल 2025 से पहले अश्विनी फिर से चंडीगढ़ स्थित अपने एकेडमी गए और अपने कोच वरिंदर सिंह के साथ अपने फिटनेस, स्ट्रेंथ व कंडिशनिंग और नॉन बोलिंग आर्म पर काम किया। अब उनके पास एक बेहतर एक्शन और एक मजबूत एथलेटिक शरीर था। पंजाब रणजी टीम के कोच वसीम जाफर कहते हैं, वह नेट्स में लगातार मेहनत करते हैं और अपने आपको लगातार सुधारने की कोशिश में लगे रहते हैं। उनके पास बहुत कुछ है- वह 140 की गति से गेंद फेंक सकते हैं, उनके पास बाउंसर, यॉर्कर, स्लोअर गेंद भी है। मैं उनके लिए खुश हूं क्योंकि वह एक अच्छी फ्रेंचाइजी के पास गए हैं।

■ अश्विनी के पास घरेलू क्रिकेट में अधिक अनुभव नहीं है। उन्होंने अब तक केवल दो प्रथम श्रेणी मैच और चार-चार लिस्ट ए और टी-20 मैच खेले हैं। अश्विनी ने 2024 में शेरे पंजाब टी-20 टूर्नामेंट में डेथ गेंदबाजी से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा था।

“- जब हमने उन्हें एक अभ्यास मैच में खेलते देखा था, तो हमने पाया कि उनके पास अलग ऐक्शन, अलग कोण (बाएं हाथ का) और लेट स्विंग है। इस विकेट में उनके लिए कुछ था और हमने सोचा कि उनके जैसा गेंदबाज यहां सफल हो सकता है। मैं उनके लिए बहुत-बहुत खुश हूं।

**हार्दिक पंड्या**, कप्तान, मुंबई इंडियंस

“- मैं अपने इस प्रदर्शन से काफी खुश हूं। यहां आने से पहले मैंने सिर्फ केला खाया था, चूंकि दबाव था इसलिए भूख भी नहीं लगी हुई थी। मैच से पहले मैंने योजना बनाई थी और मुझे यह सलाह दी गई कि मैं अपने गेम का लुत्फ उठाऊं। (रसल के विकेट कीपर) हार्दिक भाई ने शॉर्ट और शरीर की ओर गेंद करने के लिए कहा था और यह काम आया। गांव में सभी मेरा मैच देख रहे होंगे, सभी इस बात का इंतजार कर रहे थे कि कब मौका मिलेगा।

**- अश्विनी कुमार**

# जीत की हैट्रिक लगाने गुजरात टाइटंस के खिलाफ घरेलू मैदान पर उतरेगी आरसीबी

**बेंगलुरु, जेएनएन।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अपने घरेलू मैदान पर आईपीएल के इस सत्र का पहला मैच खेलने बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ उतरेगी, तो उसका लक्ष्य अपने गेंदबाजों के शानदार फॉर्म के दम पर जीत की हैट्रिक लगाने का होगा। आरसीबी ने कोलकाता को ईडन गार्डंस पर और चेन्नई सुपर किंग्स को चेपॉक पर हराकर शानदार शुरुआत की है। चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच हालांकि बल्लेबाजों की मददगार है और यहां तीन बार 260 से अधिक का स्कोर बन चुका है। छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड ने गेंदबाजों को हमेशा परेशान किया है, लेकिन रॉयल चैलेंजर्स का मानना है कि उसके दो गेंदबाज जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार यहां बल्लेबाजों पर अंकुश लगा सकते हैं। हेजलवुड ने इस आईपीएल में छह से कम की इकॉनॉमी रेट से रन दिए हैं, जबकि चेन्नई के खिलाफ मैच में भुवनेश्वर ने प्रति ओवर सिर्फ 6.6 की औसत से रन दिए। गुजरात टाइटंस के पास काफी सक्षम बल्लेबाज हैं। कप्तान शुभमन गिल और बी साइ सुदर्शन अच्छी सलामी जोड़ी बना चुके हैं। आरसीबी की कोशिश होगी कि उन्हें अच्छी शुरूआत नहीं करने दे। नई गेंद को स्विंग कराने के कौशल से भुवनेश्वर और सटीक गेंदबाजी के फन में माहिर हेजलवुड मिलकर उनकी परेशानी का सबब बन सकते हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल भी उपयोगी साबित हुए हैं। स्पिन विभाग में क्रुणाल पंड्या और सुयांश शर्मा कमजोर लग रहे हैं, जबकि गुजरात के पास राशिद खान और आर साइ किशोर जैसे खतरनाक स्पिनर हैं। ऐसे में विराट कोहली, फिल साल्ट, कप्तान रजत पाटीदार और देवदत्त पड्डिकल की असल परीक्षा स्पिनरों के सामने होगी।



### हेड टू हेड

| | |
|---|---|
| कुल मैच | 05 |
| आरसीबी जीती | 03 |
| गुजरात जीता | 02 |

पिछले सीजन दोनों टीमें दो बार आमने-सामने हुई थी, जहां दोनों मौकों पर आरसीबी को जीत नसीब हुई थी।

### कोहली और चिन्नास्वामी

विराट कोहली ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ पांच पारियों में 344 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 114.7 और स्ट्राइक रेट 144 रहा है। इसमें तीन अर्धशतक और एक शतक शामिल है। आईपीएल में किसी एक मैदान पर सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में कोहली (चिन्नास्वामी स्टेडियम) 3040 रनों के साथ शीर्ष पर हैं। सिर्फ यही नहीं टी-20 क्रिकेट में किसी एक मैदान पर सर्वाधिक रन बनाने के मामले में भी कोहली (3456 रन, चिन्नास्वामी) सबसे आगे हैं। अपने टी-20 करियर में कोहली ने 384 पारियों में 12976 रन बनाए हैं और अब उनके पास 13000 टी-20 रन के बड़े आंकड़े तक पहुंचने का अच्छा मौका है।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

फिल सॉल्ट (विकेटकीपर), विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार (कप्तान), लियम लिविंगस्टन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), क्रुणाल पांड्या, टिम डेविड, भुवनेश्वर, सुयश शर्मा, हेजलवुड, यश दयाल।

### गुजरात टाइटंस

साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), जॉस बटलर, शेरफेन रदरफोर्ड, राहुल तेवतिया, शाहरुख खान, अरशद खान, राशिद खान, साई किशोर, कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट का ऐलान

# कुहनेमन, कोन्स्टास व वेबस्टर को पहली बार सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट

**मेलबर्न, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया ने साल 2025-26 के लिए अपने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट की घोषणा की है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में 23 खिलाड़ियों को जगह दी गई है, जिसमें पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ और मिचेल स्टार्क जैसे स्टार खिलाड़ी शामिल हैं। स्पिनर कुहनेमन, युवा सलामी बल्लेबाज सैम कोन्स्टास और ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को पहली बार सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल किया गया है। इन तीनों ही खिलाड़ियों ने भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में डेब्यू किया है। कोन्स्टास और स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन को हाल ही में बॉलिंग एक्शन री-एनालिसिस टेस्ट से गुजरना पड़ा था, जबकि ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर भी सेंट्रल लिस्ट में शुमार नए नाम हैं। ऑलराउंडर आरोन हार्डी, पेसर सीन एबॉट और स्पिनर टॉड मर्फी की तिकड़ी को जगह नहीं मिली है। व्हाइट-बॉल सनसनी कूपर कोनोली और जेक-फ्रेजर मैकगर्क को भी कैलेंडर सीजन में अनुबंधों से बाहर रखा गया है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया 2026 में भारत-श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए दम भरेगा। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने बताया, कुहनेमैन ने एक बार फिर श्रीलंका में शानदार प्रदर्शन किया और हमारा मानना है कि वह अगले 18 महीनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। ब्यू वेबस्टर टेस्ट में उपयोगी साबित होंगे। कोन्स्टास में हम एक ऐसे युवा खिलाड़ी नजर आता है, जिसे इंटरनेशनल लेवल पर और ग्रूम किया जा सकता है।



### अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची

जेवियर बार्टलेट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, पैट कमिंस, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोन्स्टास, मैथ्यू कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, लांस मॉरिस, झाय रिचर्डसन, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर और एडम जम्पा।

# दक्षिण अफ्रीकी वनडे व टी-20 के कोच वाल्टर ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के मुख्य कोच रॉब वाल्टर निजी कारणों से इस महीने के अंत में अपने पद से हट जाएंगे। वाल्टर ने निजी कारणों से अपना इस्तीफा दिया, जिसे क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने स्वीकार कर लिया है। मार्च 2023 से इस पद पर काबिज वाल्टर ने वैश्विक मंच पर दक्षिण अफ्रीका की हालिया सफलताओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके मार्गदर्शन में दक्षिण अफ्रीका ने 2024 में अपने पहले पुरुष टी-20 विश्व कप फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया, जहां वे बारबाडोस में भारत से हारकर उपविजेता रहे। उनके कार्यकाल में 50 ओवर की टीम भारत में पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल में भी पहुंची। अपने कार्यकाल के दौरान वाल्टर ने 36 वनडे और 31 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में राष्ट्रीय टीम का मार्गदर्शन किया, जिसमें नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में जीत शामिल है। उनका अंतिम दौरा आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 था, जिसमें दक्षिण अफ्रीका एक और सेमीफाइनल में पहुंची। वाल्टर ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका को कोचिंग देना सम्मान की बात है और हमने जो कुछ भी हासिल किया है, उस पर मुझे बेहद गर्व है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ और दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट समुदाय इस पूरी यात्रा में शानदार रहे हैं। मेरे लिए यह समय दूर जाने का है, मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि टीम आगे बढ़ती रहेगी।



# विवाद खत्म : सनराइजर्स और एचसीए के बीच बनी सहमति

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सनराइजर्स हैदराबाद और हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) ने मंगलवार को बैठक के बाद 3,900 निःशुल्क पास आवंटन जारी रखने के लिए आम सहमति पर पहुंच गए। एसआरएच ने रविवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और आईपीएल संचालन परिषद के हस्तक्षेप करने और एचसीए द्वारा बार-बार की जाने वाली ब्लैकमेलिंग रणनीति को संबोधित करने की अपील की थी, लेकिन राच्य संघ ने इस दावे से इनकार किया। एसआरएच ने आगे धमकी दी थी कि अगर एचसीए फ्रेंचाइजी को धमकी देना जारी रखता है तो वे अपने घरेलू मैचों को दूसरे राज्य में स्थानांतरित करने पर विचार करेंगे, मुख्य रूप से अतिरिक्त मानार्थ टिकटों के मुद्दे पर। मामले को सुलझाने के लिए एचसीए सचिव आर देवराज ने राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में एसआरएच अधिकारियों के साथ बैठक की। चर्चा के लिए एसआरएच के प्रतिनिधि किरण, सरवनन और रोहित सुरेश मौजूद थे। एचसीए और एसआरएच ने एक संयुक्त बयान में कहा, चर्चा के दौरान फ्रेंचाइजी ने एसआरएच, एचसीए और बीसीसीआई के बीच मौजूदा त्रिपक्षीय समझौते का सख्ती से पालन करने का प्रस्ताव रखा तथा सुनिश्चित किया कि सभी वर्गों में उपलब्ध स्टेडियम क्षमता के दस प्रतिशत के अनुसार इन्हें आवंटित किया जाए। उन्होंने कहा, एचसीए ने बदले में प्रत्येक श्रेणी में पास के मौजूदा आवंटन को बनाए रखने का प्रस्ताव रखा जो वर्षों से चली आ रही प्रथा के अनुरूप है।

**फ्रेंचाइजी हैदराबाद क्रिकेट संघ को देगी 3900 निःशुल्क पास**

# भारत के लिए सबसे ज्यादा हॉकी मैच खेलने वाली वंदना ने लिया संन्यास

**कहा-मैं करियर के शिखर पर संन्यास लेना चाहती हुं, इसलिए लिया फैसला**

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली महिला हॉकी खिलाड़ी वंदना कटारिया ने मंगलवार को अपने शानदार 15 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया। उन्होंने कहा कि अपने चरम पर लिया गया यह फैसला उनके लिए कड़वा-मीठा और सशक्त बनाने वाला दोनों था। 32 वर्षीय अनुभवी स्ट्राइकर ने 320 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 158 गोल किए। वह 2020 टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रहने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं। उन्होंने कहा कि आज भारी, लेकिन कृतज्ञ मन से मैं अंतरराष्ट्रीय हॉकी से विदा ले रही हूं। यह फैसला सशक्त करने वाला और दुखी करने वाला दोनों है। मैं इसलिए नहीं हट रही हूं, क्योंकि मेरे अंदर की आग मंद पड़ गई है या मेरे भीतर हॉकी नहीं बची है, बल्कि इसलिए क्योंकि मैं अपने करियर के शिखर पर संन्यास लेना चाहती हुं, जबकि मैं अभी भी अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर हूं। हरिद्वार की रहने वाली कटारिया ने फरवरी में भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग में भारत के लिए आखिरी मैच खेला।



■ 2009 में सीनियर टीम में पदार्पण करने वाली वंदना टोक्यो ओलंपिक 2020 में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम का हिस्सा थी, जिसमें उन्होंने हैट्रिक भी लगाई। ऐसा करनी वाली वह पहली और इकलौती भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।

■ वह 2018 एशियाई खेलों और 2013 और 2018 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में रजत जीतने वाली टीमों का भी हिस्सा थीं। इसके अलावा उन्होंने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों, 2014 और 2022 एशियाई खेलों और 2021-22 एफआईएच प्रो लीग में कांस्य पदक हासिल किए।

■ वंदना को भारतीय हॉकी पर उनके प्रभाव के लिए प्रतिष्ठित पद्मश्री और अर्जुन पुरस्कार से नवाजा गया है। उन्होंने 2016 और 2023 महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और 2022 में एफआईएच हॉकी महिला राष्ट्रकप में स्वर्ण पदक हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सिटी स्पोर्ट्स

धुव नारायण सिंह दरबार ट्रॉफी अंडर-15 टूर्नामेंट

# अर्थव का दोहरा प्रदर्शन, अंकुर ने 109 रन से रेलवे यूथ को हराया

**भोपाल, खेप्र।** अंकुर क्रिकेट अकादमी ने मंगलवार को पहली धुव नारायण सिंह दरबार ट्रॉफी अंडर-15 वनडे टूर्नामेंट में रेलवे यूथ को 109 रन से करारी शिकस्त दी। एमवीएम मैदान पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अंकुर अकादमी 37.1 ओवर में 211 रनों पर ऑलआउट हो गई। टीम के लिए अनंत ने 40, प्रयाग ने 37, मोक्ष ने 35 और अथर्व ने 23 रन की पारी खेली। रेलवे यूथ के जय ने चार विकेट लिए। मानवेश, ग्रंथ और सक्षम को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेलवे यूथ 22.1 ओवर में 102 रन पर सिमट गई। ग्रंथ ने सर्वाधिक 31 रन बनाए। रूद्र साहनी ने 22 और अंकित ने 10 रन का योगदान दिया। अंकुर अकादमी के अथर्व और अभिनव ने 3-3 विकेट लिए। रबजीत और अनंत ने 1-1 विकेट झटका। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार अथर्व को वरिष्ठ क्रिकेटर इकबाल सिद्दीकी, एचओ दिनेश पाल और रवि बाथम ने प्रदान किया।



# ओपन शतरंज चैंपियनशिप 5 अप्रैल को

**भोपाल, खेप्र।** नए एवं अनुभवी शतरंज खिलाड़ियों को प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सीहोर जिला शतरंज संघ द्वारा 5 अप्रैल को स्व. रेखा तोमर की स्मृति में ओपन शतरंज चैम्पियनशिप, 2025 का आयोजन किया जा रहा है। सीहोर जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सिसौदिया एवं सचिव महेंद्र व्यास ने बताया कि डॉ एसएस तोमर के सहयोग से 5 अप्रैल को ओपन शतरंज चैम्पियनशिप इंदौर-भोपाल बायपास रोड, नायरा पेट्रोल पंप के सामने सीहोर स्थित एमराल्ड पैलेस में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में दो श्रेणियों में 19 वर्ष से कम एवं 19 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। विजेताओं को ट्रॉफी एवं आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा तथा प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार भी दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को तीन अप्रैल तक पंजीयन कराना होगा।

# अरेरा ने शिवाय अकादमी को दी शिकस्त

**भोपाल, खेप्र।** अरेरा क्रिकेट अकादमी ने तृतीय विधायक कप (विश्वास सारंग) अंडर-12 टूर्नामेंट में शिवाय अकादमी को 29 रनों से शिकस्त दी। मंगलवार को गौतम नगर स्थित क्रिकेट मैदान पर अरेरा क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 133 रन बनाए। आदित्य ने 25 और रुद्र ने 14 रनों का योगदान दिया। शिवाय क्रिकेट अकादमी के लिए हर्ष, शिवम और अर्णव ने 2-2 विकेट झटके। जवाब में शिवाय अकादमी 104 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भावेश ने 17 और सिविक तनेजा ने 11 रनों का योगदान दिया। अरेरा अंकुर अकादमी के नकुल ने 4 विकेट झटके। विवान को दो सफलता मिली।

अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट



### मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 37 आवेदन

**सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड के निर्देशन में मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय मैहर के सभागार में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 37 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### राज्यमंत्री कृष्णा गौर आज मैहर आयेंगी

**सतना।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण, विमुक्त घुमन्तु और अर्धघुमन्तु कल्याण विभाग (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर 2 अप्रैल को प्रातः 5.40 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से मैहर आयेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर प्रातः 9 बजे मां शारदा देवी के दर्शन एवं पूजन-अर्चन कर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगी।

# 40 हजार रूपये के गांजा के साथ बाइक जब्त

## आरोपी गिरफ्तार, ट्रेनी आईपीएस ने कार्यवाही कर दबोचा



**जागरण सतना**

मादक पदार्थो की अवैध बिक्री करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर ट्रेनी आईपीएस मनीष भारद्वाज ने 40 हजार रूपये कीमत का गांजा और बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही एसपी के निर्देश , एएएस विक्रम सिंह कुशवाह के मार्गदर्शन में कोठी थाना प्रभारी ट्रेनी आईपीएस मनीष भारद्वाज द्वारा की गई है आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट 1985 के अंतर्गत बडी कार्यवाही की गई है।

### प्लास्टिक बोरी में भरकर बाइक से ले जा रहा था गांजा

पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति प्लास्टिक की बोरी में भरकर बाइक से गांजा लेकर सतना से कोठी की ओर आ रहा है ट्रेनी आईपीएस मनीष भारद्वाज ने टीम रवाना कर 5 किलो ग्राम अवैध गांजा के साथ पल्सर बाइक क्रमांक एमपी 19 एनई 4170 को जप्त कर आरोपी प्रदीप उपाध्याय पिता रामखेलावन उपाध्याय उम्र 35 साल निवासी कुठियॉ मोहगवां थाना बरही जिला कटनी हाल निवास किराये का मकान सिद्धार्थ नगर कोलगवां को गिरफ्तार किया है आरोपी के कब्जे से 40 हजार रूपये कीमत का गांजा एक लाख 20 हजार रूपये कीमत की पल्सर बाइक जप्त की गई है।

# नव प्रवेशी छात्रों का तिलक लगाकर हुआ स्वागत

## सीएम राइज कन्या उ.मा.वि. धवारी में जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव संपन्न




**जागरण सतना।** सतना जिले के सभी विद्यालयों में 1 अप्रैल को स्कूल चले हम अभियान के तहत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम से नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। जिले के सीएम राइज कन्या उ.मा.विद्यालय धवारी में आयोजित जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव के कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, महापौर योगेश ताम्रकार, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुस्मिता सिंह परिहार भी शामिल हुए। उन्होंने नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का गुलाल से तिलक लगाकर स्वागत किया और निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों के सेट का वितरण किया। इस अवसर पर शिक्षा समिति के सदस्य डॉ. पंकज सिंह परिहार, जिला शिक्षा अधिकारी टीपी सिंह, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, प्राचार्य सुभाषचन्द्र मिश्रा सहित शिक्षक-शिक्षिकायें, छात्रायें एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल ने कहा कि बच्चों के लिए आज का दिन अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण होता है। पहले के समय में स्कूल के पहले दिन पाटी पूजा हुआ करती थी। अब स्कूल का प्रवेशोतसव सरकारी तौर पर मनाया जाने लगा है। प्रवेशोत्सव की शुभकामनायें देते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने बच्चों से कहा कि परीक्षा में कितने प्रतिशत अंक लाना है। इसका लक्ष्य अभी से निर्धारित करें और अध्ययन में जुट जाये तो सफलता मिलना सुनिश्चित है।

महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि व्यक्ति में संस्कार उनके जन्म के साथ ही शुरू हो जाते हैं। स्कूल जाना भी एक संस्कार है। भारतीय संस्कृति समूचे विश्व में श्रेष्ठ है। इसलिए शिक्षा में संस्कार का समावेश होना जरूरी होता है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह परिहार ने कहा कि शिक्षकों की भूमिका राष्ट्र के भविष्य निर्माण और आने वाली पीढी को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण होती है। जिले में स्कूल नियमित रूप से खुले और अध्ययन, अध्यापन हो ताकि जिले का रिजल्ट बेहतर हो सके।

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने कहा कि केन्द्र और राज्य की सरकारों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। स्कूल चले हम कार्यक्रम के प्रवेशोत्सव पर कलेक्टर ने छात्रों को सफलता के दो मूलमंत्र मेहनत और हिम्मत के टिप्स दिये। उन्होंने कहा कि मेहनत में प्रतिदिन स्कूल जायें, कक्षा में जो भी पढे उसे ध्यान से सुने, नोटबुक में नोट करें। पढाई के अलावा खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों में भी भाग लें। घर में पढाई अवश्य करें। जिस कक्षा में आप है उसमें 2 का भाग देकर जितना प्रतिफल आये उतने घंटे प्रतिदिन पढाई के लिए नियत करें। किसी विषय को रटने के बजाय समझने का प्रयास करें, लिखने की प्रैक्टिस करें और हर सप्ताह रिवीजन भी करें। घर में माता-पिता के कार्यों में भी हाथ बढाये और उनका आदर करें। कलेक्टर ने सफलता के दूसरे मंत्र हिम्मत के संबंध में दो उदाहरण देते हुए कहा कि असफलता से कभी निराश न हो। हार नहीं माननी चाहिए बल्कि असफलता से सीख लेकर दुगने प्रयास से कोशित करें।

# कपड़ा व्यापारी को लूटने वाला एक आरोपी बांदा से गिरफ्तार

## चित्रकूट पुलिस ने की कार्यवाही



**जागरण सतना।** कपडा व्यापारी के साथ कट्टे की नोक पर चार हजार कीमत के रेडी मेड कपडे लूटने वाला एक फरार आरोपी बांदा से गिरफ्तार किया गया है। यह कार्यवाही एसडीओपी रोहित राठौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डीआर शर्मा द्वारा की गई है।

### ये है मामला

पुलिस के मुताबिक लंका तिराहा के पास वैष्णो गारमेंट्स के दुकान से कट्टे की नोक पर चार हजार के कपडे लूटने वाले आकाश पाण्डेय उर्फ रवि को पुलिस ने कट्टा कारतूस सहित बांदा से गिरफ्तार किया है। 30 मार्च को फरियादी अमित केश्रवानी पिता विनोद केशरवानी उम्र 31 साल निवासी लोधन टिकुरा थाना चित्रकूट ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दो व्यक्ति कट्टे की नोक पर चार हजार के कपडे लूट ले गये पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया पुलिस ने साइबर सेल की मदत से तलाश करते हुये एक अप्रैल को आरोपी आकाश पाण्डेय उर्फ रवि पिता रघुनंदन पाण्डेय उम्र 28 साल निवासी ग्ग्रम जदुआ थाना सेमरिया जिला रीवा को बांदा से गिरफ्तार किया है आरोपी के कब्जे से एक देशी कट्टा कारतूस एक बुलट व लूट की सामग्री जप्त की गई है। इस कार्यवाही में पुलिस ने कुल 2 लाख 25 हजार की सामग्री जप्त की है।

## प्रभारी मंत्री ने किये मां शारदा देवी के दर्शन



**सतना।** मध्यप्रदेश शासन की पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री और मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने मंगलवार को मैहर जिले के प्रवास के दौरान मां शारदा देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। प्रभारी मंत्री ने प्रदेश वासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## भविष्य से भेंट कार्यक्रम आज

**सतना।** म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्कूल चले अभियान अंतर्गत 2 अप्रैल 2025 को शालाओं में भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें जिले के अधिकारियों द्वारा किसी एक शाला में जाकर बच्चों के साथ संवाद स्थापित कर उत्साहवर्धन किया जायेगा। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने जिले के 102 प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों को शालायें आवंटित की है। जारी आदेश के अनुसार संबंधित अधिकारी 2 अप्रैल 2025 को आवंटित शाला में एक कालखण्ड बच्चों के साथ संवाद स्थापित कर उनका उत्साहवर्धन करना सुनिश्चित करेंगे।

## प्रभारी मंत्री राधा सिंह हुई प्रवेशोत्सव में शामिल

**जागरण सतना।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री और मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह के मुख्यातिथ्य में मंगलवार को मैहर जिले के पी.एम.श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैहर में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रभाती मंत्री ने प्रवेशोत्सव के तहत छात्राओं का तिलक पुष्पवर्षा कर स्वागत किया एवं उत्कृष्ठ छात्राओं को मेडल से सम्मानित किया गया। प्रभारी मंत्री छात्र-छात्राओं को पुस्तक वितरण की गई। इस मौके पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, कलेक्टर रानी बाटड़, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने, नगर पालिका उपाध्यक्ष शीतल नितिन ताम्रकार, विकास तिवारी, कुलदीप तिवारी, नितिन ताम्रकार सहित जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में 103 प्रकरणों की हुई सुनवाई

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित मंगलवार को जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्यायें सुनी। जनसुनवाई में 103 आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं और समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, विद्युत समस्या, जमीन का कब्जा दिलाने, सीमांकन कराने, चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने, भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया जा रहा बांधों की मरम्मत का कार्य

**सतना।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान पर शुरू किया गया जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन आरके वर्मा ने बताया कि इसके तहत जल संसाधन संभाग सतना द्वारा वृह्द स्तर पर बांधों एवं नहरों के साफ़सफाई का कार्य किया जा रहा है। इन कार्यों में बांधों की पिचिंग, बोल्डर टो तथा घाट आदि के मरम्मत का कार्य शामिल है। अभियान में सभी अनुविभागीय अधिकारियों, उपयंत्रियों तथा मैदानी अमले द्वारा सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

## कलेक्ट्रेट में हुआ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन



**सतना।** अप्रैल माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे सहित अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से राश्ट्रीय गीत वंदे मातरम तथा राश्ट्रगान जन-गण-मन का गायन करने के उपरांत कार्यालयीन काम की षुरूआत की गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सर्किट हाउस मैहर में ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक



**सतना।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री और मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने मंगलवार को मैहर जिले के प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर मैहर जिले में चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने, कलेक्टर रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ संजना जैन, एसडीएम विकास सिंह, सीएसपी राजीव पाठक, थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।




























जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा**- 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com